CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 11°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 10 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 299 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार के लिए चली स्पेशल ट्रेनों पर कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल पेज 2



मेघालय के आकाश चौधरी ने 8 गेंद में लगातार 8 छक्के मारे खेल टाइम्स



वोट चोरी: देश चाहता है राहुल के सवालों के जवाब सम्पादकीय



पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर अब तीनों सेनाओं के प्रमुख बनेंगे पेज 12

# गुजरात में ISIS के तीन आतंकी गिरफ्तार

## देश में कई जगह हमले करने की प्लानिंग का एटीएस का दावा

अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात में आतंकी** साजिश रचने के आरोप में तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आतंक रोधी दस्ते (एटीएस) ने हथियार सप्लाई करते समय तीनों संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। देश में आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में पकड़े गए इन लोगों की पहचान डा. सैयद अहमद मोहिउद्दीन, मोहम्मद सुहेल और आजाद के रूप में की गई। पुलिस ने तीनों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं।

पुलिस की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि गुजरात एटीएस ने अहमदाबाद से तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। ये पिछले एक साल से गुजरात एटीएस के रडार पर थे। तीनों को हथियार सप्लाई करते हुए



**हथियार जमा करने पहुंचे थे गुजरात, 3 पिस्तौल, 30 कारतूस व भारी मात्रा में केमिकल बरामद**

गिरफ्तार किया गया। ये देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकी हमले करने की योजना बना रहे थे। गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया, पुलिस को सूचना मिली थी कि हैदराबाद का एक व्यक्ति सैयद अहमद मोहिउद्दीन आतंकी गतिविधियों में शामिल है और उसी के लिए अहमदाबाद आने वाला था। जांच करने पर, अहमदाबाद में उसकी गतिविधि का पता चला। उसे अडालज के पास एक टोल प्लाजा पर गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो ग्लॉक पिस्टल, एक बेरेटा पिस्तौल, 30 जिंदा कारतूस और 4 लीटर अरंडी का तेल बरामद किया गया। सैयद अहमद मोहिउद्दीन की उम्र 35-36 साल है। उसने चीन से एमबीबीएस किया था। वह एक ऐसी आतंकी गतिविधि को अंजाम देना चाहता था, जिससे भारी नुकसान हो। वह कई विदेशियों -**शेष पृष्ठ दो पर**

# उत्तराखंड से मेरा गहरा लगाव: प्रधानमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड पहुंचे। प्रधानमंत्री ने एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने गढ़वाली में अपना संबोधन शुरू कर लोगों में जोश भरा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 8140 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

ये परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ीं हैं। वन अनुसंधान संस्थान देहरादून के विशाल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में पीएम मोदी ने गढ़वाली से शुरू किया संबोधन: दीदी भुल्यों.. .दाणा सयाणों। आप सभी तैं म्यार नमस्कार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गढ़वाली में संबोधन की शुरुआत की तो लोग उत्साह और जोश से भर गए। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड का मन प्रफुल्लित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रजत जयंती समारोह के मौके पर उत्तराखंड को -**शेष पृष्ठ दो पर**



**पीएम ने दी 8260 करोड़ की सौगात, स्थापना के 25वें वर्ष पर स्मारक डाक टिकट भी किया जारी**

### पीएम मोदी ने पूरी दुनिया को दिखाया, हम किसी से कम नहीं: धामी

सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि बाबा केदारनाथ, भगवान बदरीनाथ, महासू देवता, गोल्ज्यू देवता समेत सभी देवताओं का स्मरण करता हूं। देश की रक्षा करने वाले वीर जवानों और अमर बलिदान देने वाले राज्य आंदोलनकारियों को याद करता हूं। पीएम मोदी ने पूरी दुनिया में ये विश्वास जगाया है कि हम किसी से कम नहीं। उत्तराखंड भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में अपनी भागीदारी करने को तैयार है।

### प्रदर्शनी में उत्तराखंड की सफलता की गाथा: पीएम

रजत जयंती पर लगाई गई खास प्रदर्शनी को देखने के लिए पीएम मोदी ने सभी से अपील की। उन्होंने कहा कि इसमें उत्तराखंड की सफलता की गाथा है। 25 साल पहले बजट सिर्फ 4000 करोड़ रुपये था। आज ये बढ़कर एक लाख करोड़ को पार कर चुका है। बिजली उत्पादन 4 गुना ज्यादा हो गया। सड़कों की लंबाई 2 गुनी हो गई। 6 माह में 4000 यात्री हवाई जहाज से आते थे ,आज एक दिन में 4000 से ज्यादा आते हैं। आज 10 मेडिकल कॉलेज हैं।

## बिहार चुनाव 2025: दूसरे फेज की 122 सीटों पर प्रचार थमा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए जारी सियासी दलों के चुनावी प्रचार अभियान पर रविवार को पांच बजते ही विराम लग गया। अब मतदान 11 नवम्बर को होगा। रविवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन रहा। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए 45339 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। इनमें से 4109 बूथों को संवेदनशील बनाया गया है। इसमें 4003 अतिसंवेदनशील बूथ घोषित हैं। यहां पर चार बजे तक मतदान होगा। कटोरिया, बेलहर, चौनपुर, चेनारी, गोह, नवीनगर, कुटुंबा, औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी के (36 बूथ), बोधगया (200 बूथ), रजौली, गोविंदपुर, सिकंदरा, जमुई, झाझा, चकाई विधानसभा में बनाए गए बूथों पर शाम चार बजे मतदान होगा।

# पूर्वोत्तर भारत में IAF का पहला एयर शो

**गुवाहाटी।** भारतीय वायुसेना के 93वें स्थापना दिवस पर नार्दर्न कमांड गुवाहाटी में पहला एयर शो हुआ। वायुसेना के एयर वॉरियर्स ने ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लचित घाट पर 25 से ज्यादा फॉर्मेशन बनाए।

इसके लिए राफेल, सुखोई, तेजस समेत 75 से ज्यादा प्लेन और हेलीकॉप्टरों ने फ्लाइंग डिस्प्ले किया। इस साल वायुसेना दिवस की थीम



अचूक, अभेद्य और सटीक है, जो भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता, लचीलेपन और सटीकता पर ध्यान केंद्रित करने का प्रतीक है। फ्लाइंग डिस्प्ले के लिए वायुसेना के वॉरियर्स ने गुवाहाटी, तेजपुर, जोरहाट, छाबुआ, हासीमारा, बागडोगरा और पानागढ़ से उड़ान भरी। लड़ाकू विमानों में राफेल, सुखोई-30, अपाचे, मिग-29, आईएल-78 रिफ्यूलर, मिराज, जगुआर, सी-17 ग्लोबमास्टर, एमआई-17, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर- एमके1, सी-130 हरक्यूलिस, एंटोनोव एएन-32 और सूर्य किरण विमान शामिल हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में छात्र समेत दो की मौत

**फर्रुखाबाद।** जिले के थाना कादरीगेट क्षेत्र के बढ़पुर में शनिवार देर रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन श्याम पाल ने बताया कि नुनहाई निवासी बीटेक छात्र संभव मिश्रा अपने दोस्त निश्चय अग्निहोत्री के साथ जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे युवक प्रवीन यादव की बाइक आपस में टकरा गई। फतेहगढ़ी निवासी प्रवीन डिलीवरी बॉय का काम करता है। हादसे में संभव सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराया। कुछ मिनटों बाद मौके पर मौजूद फूड डिलीवरी बॉय के साथी पहुंचे और पुलिस व परिजनों को सूचना दी। हादसे के दौरान संभव को आनन-फानन में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बाद में शव को लोहिया अस्पताल लाया गया। गंभीर रूप से घायल प्रवीन यादव ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### अलीगढ़ में पुलिस पर फायरिंग, एक सिपाही घायल

**अलीगढ़।** तालों की नगरी अलीगढ़ की पुलिस पर रविवार की सुबह हमला हो गया। पुलिस टीम टप्पल थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में एक वांछित हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी के लिए सुबह दबिश देने गई थी। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। हमले में एक पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गया। उसे पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर भारी पुलिस बल और वरिष्ठ अधिकारी पहुंच गए। टप्पल थाने की पुलिस टीम रविवार सुबह करीब 11 बजे ग्राम जलालपुर में वांछित हिस्ट्रीशीटर शाका की गिरफ्तारी के लिए गई थी। शाका पर पहले से कई आपरा. धिक मुकदमे दर्ज हैं।

### अररिया में कांग्रेस और राजद पर जमकर बरसे सीएम योगी

# बिहार में फिर लाना चाहते हैं जंगलराज

**पटना, वार्ता**



■ जनता को जंगलराज नहीं, विकासराज को चुनना होगा
■ कांग्रेस और राजद का काम सिर्फ भ्रष्टाचार व दलाली तक सीमित

बिहार के अररिया में सीएम योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस व राजद रामद्रोही हैं और फिर से बिहार में जंगलराज लाना चाहते हैं। बिहार में इस बार के विधानसभा चुनाव में यूपी के सीएम और बीजेपी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने जमकर प्रचार किया है। 9 नवंबर को उन्होंने अररिया के सिकटी विधान सभा क्षेत्र में चुनावी रैली के दौरान विशाल जनसभा को संबोधित किया।

योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा और कहा कि बिहार का विकास केवल एनडीए सरकार ही कर सकती है। योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन दे रही है, जबकि कांग्रेस और राजद का काम सिर्फ भ्रष्टाचार और दलाली तक सीमित रहा है। सीएम योगी ने कहा कि आज बिहार के पास वो सब कुछ है जिसकी उसे जरूरत है। पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास और गरीबों के कल्याण की विरासत है। कांग्रेस-आरजेडी कहते थे कि राम नहीं हैं और अगर राम नहीं हैं, तो माता जानकी कैसे होंगी। कांग्रेस कहती थी कि राम मंदिर कभी नहीं बनेगा। आरजेडी ने राम मंदिर की रथ यात्रा रोक दी। उत्तर प्रदेश में उनकी सहयोगी समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोली चलवाई। सीएम योगी ने कहा कि जब कांग्रेस, आरजेडी और सपा ने कहा कि वे राम मंदिर नहीं बनने देंगे, तो हमने कहा कि राम लला, हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे और अयोध्या में राम मंदिर बना। अयोध्या में भगवान श्री राम को समर्पित दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर बनकर तैयार हो गया है। राम लला विराजमान हो गए हैं। राम लला के साथ, माता जानकी, भगवान राम, बजरंगबली, लक्ष्मण जी भी हैं। अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया है। सीएम योगी ने कहा कि ये वही लोग हैं , जिन्होंने देश की आस्था को अपमानित किया और अब फिर से बिहार में अस्थिरता लाने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम योगी ने राजद के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए कहा कि उस दौर में 60 से ज्यादा नरसंहार की घटनाएं हुई थीं।

#### बिहार के लोगों ने इन दलों को चुना, तो फिर अराजकता के दौर में चला जाएगा

उन्होंने जनता को चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस और आरजेडी वापस सत्ता में आईं, तो बिहार फिर से अपराध और अराजकता के दौर में चला जाएगा। योगी ने कहा कि 2005 में नीतिश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने के बाद बिहार ने विकास की नई राह पकड़ी। आज हर गांव तक सड़कें, बिजली और अन्य सुविधाएं पहुंच चुकी हैं। योगी ने कहा कि आज का बिहार बदला हुआ है। पहले जो राज्य अंधेरे और भय से भरा था, वहां अब विकास की रफ्तार दिखती है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया है। जनता को यह देखना होगा कि जो पार्टियां कभी राम मंदिर का विरोध करती थीं, वे आज भी उसी मानसिकता में जी रही है। योगी ने कहा कि बिहार को आगे बढ़ाना है, तो जनता को जंगलराज नहीं, विकासराज को चुनना होगा।

# भाजपा लोकतंत्र में नहीं, लूटतंत्र में करती है यकीन: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ियों को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया है और कहा है कि भाजपा राज में फैली चुनावी धांधली के कूड़ा को गटाना जरूरी है।

यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि 'सच्चे स्वच्छ भारत' के लिए भाजपा राज में चुनाव आयोग के कुछ अधिकारियों द्वारा फैलाए गए धांधलियों के कूड़े को हटाना भी उतना ही जरूरी है, जितना सड़कों की सफाई। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी लोकतंत्र में नहीं, बल्कि लूटतंत्र में विश्वास करते हैं। आजादी के पहले से लेकर आज तक भाजपा और उसके संगी-साथी सदैव 'पिछले दरवाजे वाली राजनीति' और 'खुफियाखोरी' का सहारा लेते रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब जनता इनकी मुखबरी और सेंधमारी की राजनीति को समझ चुकी है। समाज अब घपले-घोटालों को बर्दाश्त करने की सीमा पार कर चुका है। सपा प्रमुख ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था में ईमानदार और निष्पक्ष अधिकारियों की उपेक्षा की जा रही है, जबकि कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन लग गए हैं। पार्टी ने कहा कि मिलीभगत से चुनावी गोरखधंधे में शामिल अधिकारियों के कारण आयोग की शुचिंता और प्रतिष्ठा पर आंच आई है, जिसे दूर करना समय की मांग है।

# यूपी में पड़ने वाली है कड़ाके की ठंड

**लखनऊ, वार्ता**



■ कोहरे के आगोश में लखनऊ और अयोध्या

यूपी में गुलाबी ठंड शुरू हो चुकी है। गुलाबी ठंड बीतने के साथ ही तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इससे रजाई-कंबल की जरूरत महसूस होने लगी है। लखनऊ और अयोध्या जैसे शहरों में सुबह-शाम घना कोहरा छा रहा है, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग ने अगले हफ्ते में न्यूनतम तापमान में और गिरावट की भविष्यवाणी की है। हालांकि बारिश की कोई संभावना नहीं है।

पूर्वांचल के जिलों में तो दो दिन पहले से ही लोग रजाई निकाल लिए है, अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी अच्छी ठंड पड़ने लगी है। खासतौर पर रात के समय तापमान 14 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला जा रहा है। ऐसे में बिना कंबल-चादर ओढ़े नींद आने का तो सवाल ही नहीं। मुश्किल सुबह सुबह काम पर निकलने वालों के लिए है। सुबह मौसम काफी ठंडा रह रहा है, जबकि दोपहर के समय थोड़ी गर्मी रह रही है। मौसम विभाग के मुता. बिक अगले एक हफ्ते में रात का तापमान और नीचे जाएगा। दिन के तापमान में भी कमी आएगी। ऐसी स्थिति में चाहें पूर्वांचल हो या पश्चिमी उत्तर प्रदेश, रजाई तो निकालना ही पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी कंपाने वाली ठंड शुरू नहीं हुई है, लेकिन उम्मीद है कि अगले एक सप्ताह के अंदर ठिठुराने वाली ठंड शुरू हो जाएगी। फिलहाल पूरे उत्तर प्रदेश में सुबह और रात के समय हल्का कोहरा रहा रहा है, वहीं दिन में धूप भी निकल रही है। शनिवार-रविवार की रात राजधानी लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन कोहरे के आगोश में रहा। कुछ यही स्थिति अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की भी रही। उधर बनारस में कोहरे की वजह से कैंट स्टेशन भी धुंधला नजर आया, जबकि बलिया के ददरी मेले में आए श्रद्धालुओं को कोहरे की वजह से काफी परेशानी हुई।

# गाजियाबाद, सहारनपुर व शामली के एएसपी बदले

**लखनऊ, वार्ता**

■ यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदल, 23 आईपीएस का ट्रांसफर

उत्तर प्रदेश पुलिस में रविवार को छुट्टी के दिन बड़ा फेरबदल देखने को मिला। सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश पर 23 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया गया है।

तबादला आदेश के अनुसार आईपीएस बीएस वीर कुमार को उप सेनानायक 47वीं वाहनी पीएसी, गाजियाबाद, सच्चिदानंद को अपर पुलिस अधीक्षक एसएसएफ मुख्यालय लखनऊ में तैनाती दी गई है। सच्चिदानंद पहले गाजियाबाद में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात थे। डा. संजय कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ से सीतापुर में उप सेनानायक 27वीं वाहिनी पीएसी में तैनाती दी गई है। सुबोध गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक इटावा से हरदोई ट्रांसफर किया गया है। नृपेंद्र को हरदोई से बनारस में नई तैनाती मिली है। निवेश कटियार को कुशीनगर से यूपी-112 लखनऊ में नई तैनाती दी गई है। दिनेश कुमार पुरी को लखनऊ के ट्रांसफर करके गोरखपुर में नई तैनाती मिली है। संतोष कुमार का पूर्व में हुआ स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है। अब वे लखनऊ में ही तैनात रहेंगे।

सीताराम को प्रयागराज से पुलिस महा. निदेशक मुख्यालय लखनऊ बुला लिया गया है। सिद्धार्थ वर्मा का सहारनपुर से कुशीनगर तबादला किया गया है। सुमित शुक्ला का गौतमबुद्धनगर से शामली ट्रांसफर किया गया है। ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद का गाजीपुर से गोरखपुर ट्रांसफर किया गया है। अशोक कुमार सिंह अभी तक हाथरस में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। अब उनको बहराइच की जिम्मेदारी दी गई है। राजकुमार सिंह का एटा से ट्रांसफर करके लखनऊ ईओडब्ल्यू में नई तैनाती दी गई है। संतोष कुमार सिंह को शामली से हटाकर गोरखपुर में नई तैनाती मिली है। जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव को सीआईडी लखनऊ में अपर पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी मिली है। अभी तक उनकी तैनाती गोरखपुर में थी। रामानंद प्रसाद कुशवाहा का तबादला बहराइच से हाथरस किया गया है। जितेंद्र कुमार को गोरखपुर से बुलाकर प्रोन्नति बोर्ड में तैनाती दी गई है। चिरंजीव मुखर्जी को अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज बनाया गया है। पहले वह लखनऊ सीआईडी यूनिट में तैनात थे। श्वेताभ पाण्डेय को ईओडब्ल्यू से हटाकर एटा में अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आलोक कुमार जायसवाल को प्रोन्नति बोर्ड से हटाकर फतेहगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव को एसएसएफ मुख्यालय लखनऊ से सहारनपुर में स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार से डा. राकेश कुमार मिश्र को पुलिस मुख्यालय लखनऊ से रिलीज करके गाजीपुर में नई तैनाती दी गई है।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 83459.15
निफ्टी 25597.65



सोना रु. 121010
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 145924
प्रति किलो



# शेयर बाजार में पिछले सप्ताह गिरावट जारी रही

**नई दिल्ली, वार्ता**



निवेशकों को आगे बिहार के नतीजों का इंतजार

घरेलू अर्थव्यवस्था के बुनियादी संकेत मजबूत बने रहने के बावजूद वैश्विक हालात में अनिश्चितता तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव बने रहने से भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख शेयर सूचकांकों में गत शुक्रवार को समाप्त हुए सप्ताह में गिरावट का सिलसिला बना रहा।

आगामी सप्ताह में बाजार की नजर बिहार विधान सभा चुनाव के नतीजों, खुदरा और थोक महंगाई दर तथा व्यापार घाटे के आंकड़ों बैंकों से कर्ज उठाव की रिपोर्ट और अमेरिका की अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर टिकी रहेगी। बाजार विश्लेषकों की राय में बाजार में बुनियादी तौर पर मजबूती की धारणा है पर उसे भारत- अमेरिका व्यापार वार्ता तथा भारत-चीन के बीच व्यापार की आगे की परिस्थितियों को लेकर सकारात्मक खबरों का भी इंतजार है। व्यापार वार्ता के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाल के बयानों से बाजार की उम्मीद जगी है कि अमेरिका के साथ कोई अच्छा समझौता हो जाएगा। सप्ताह के दौरान कुछ प्रमुख शेयरों में ऊंचे भाव पर मुनाफा काटने की जल्दी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के बराबर बिकवाल बने रहने से जारी गिरावट के बीच बीसई का बीएसई30 संसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 करीब 0.9 प्रतिशत दायरे में नीचे आ गए। सप्ताह के दौरान मिडकैप और स्माल कैप शेयरों में दबाव ज्यादा था। एनएसई मिडकैप सूचकांक में 0.6 प्रतिशत तक की गिरावट रही। विश्लेषकों के अनुसार आने वाले दिनों में बाजार सीमित दायरे में चढ़ता-उतरता रहेगा। मुद्रास्फीति में नरमी बने रहने के अनुमानों के बीच बिहार चुनाव के परिणाम बाजार की दिशाओं को कुछ प्रभावित कर सकते है, जहां सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन रकार विकास और सुरक्षा के एजेंडा पर पुन: जनादेश मांग रही। उसका मुकाबला कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्ववाले महा गठबंधन से है। वोटों की गिनती 14 नवम्बर को होगी। वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की स्थिति मजबूत बनी हुई है और पिछले कुछ समय में निफ्टी में 700 और मिडकैप में 1000 अंक की गिरावट के चलते इस समय भारतीय शेयर बाजार अपने जैसे दूसरे बाजारों की तुलना में और निवेश के लिए और आकर्षक बताया जा रहा है। तिमाही वित्तीय रिपोर्ट के इस सीजन में मिड और स्माल कैप के परिणाम भी तुलनात्मक रूप से अच्छे रहे हैं। अक्टूबर का पीएमआई डाटा उम्मीद से अच्छा रहा तथा कंपनियों के सितम्बर तिमाही के लाभ के आंकड़े भी कुल मिला कर संतोषजनक रहे। जीएसटी में कटौती से बाजार में मांग को प्रोत्साहन मिला है। इस तरह कुल मिला कर परिदृश्य उत्साहजनक बना हुआ है। अमेरिकी डॉलर की मजबूती एक चिंता है, पर वैश्विक कच्चे तेल बाजार में आपूर्ति अच्छी रहने से ब्रेंट कच्चा तेल नरमी के साथ 63 डॉलर प्रति बैरल के आस पर बना रहा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह में 21.87 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 5.623 अरब डॉलर घटकर 689.733 अरब डॉलर रह गया और इससे लगातार तीन सप्ताह की गिरावट में विदेशी मुद्रा भंडार 21.869 अरब डॉलर घट चुका है। इससे पहले 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में यह 6.925 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 695. 355 अरब डॉलर पर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक के 7 नवम्बर को जारी आंकड़ों के अनुसार गत 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.957 अरब डॉलर घटकर 564.591 अरब डॉलर रह गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड को शामिल किया जाता है।

# गेहूं, चावल, तेलों में गिरावट, दालों में मिला जुला रुख



**नई दिल्ली।** दिल्ली की थोक मंडियों में शनिवार को समाप्त कारोबारी सप्ताह के दौरान चावल, गेहूं, आटा और मूंगफली को छोड़ कर अन्य खाद्य तेलों में मांग की तुलना में स्टॉक की स्थिति अच्छी होने से गिरावट रही। इस दौरान दाल दलहनों में मिला जुला रुख देखा गया जबकि मूंगफली को छोड़ कर अन्य खाद्य तेलों में गिरावट दर्ज की गई। देश में चावल की आपूर्ति की स्थिति के मजबूत बने रहने के बीच स्थानीय बाजार में सामान्य स्तर के चावल की दरों में सप्ताह के दौरान नरमी दर्ज की गई।

औसत श्रेणी के चावल का भाव सप्ताहांत 3742 रुपये क्विंटल था, जो इससे पिछले सप्ताहांत 3826 रूपए क्विंटल के आस पास था। इस तरह इसके थोक भावों में सप्ताह के दौरान 84 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है और कुल वैश्विक उत्पादन में करीब एक तिहाई योगदान करता है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से भारत चावल का सबसे बड़ा निर्यातक भी बना हुआ है और विश्व बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए हाल में दिल्ली में चावल पर एक बड़ा वैश्विक आयोजन किया गया था। सप्ताह के दौरान गेहूं और आटा की कीमतों में क्रमश: 14 रुपये और छह रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। गेहूं दड़ा 2860 रुपये से घट कर 2836 रुपये प्रति क्विंटल और आटा 3319 से घट कर 3313 रुपये प्रति 100 किलों के भाव दर्ज किया गया। चावल और गेहूं जैसी जिंसों में नरमी का असर खाद्य मुद्रास्फीति पर भी झलक सकता है। इस दौरान वैश्विक बाजार में नरमी के रुख के बीच स्थानीय बाजार में दालों में मिलाजुला रुख दिखा। उड़द और मसूर के भाव सप्ताह के दौरान कुल मिला कर चढ़े हुए थे, जबकि चना, तूअर और मूंग में नरमी का रुख दिखा। दाल चना सप्ताह के दौरान 51 रुपये टूट कर प्रति क्विंटल 7812 रुपये के स्तर पर आ गई थी। तूअर में कुल मिला कर छह रूपए की हल्की नरमी रही और सप्ताहांत भाव 10501 रुपये क्विंटल पर चल रहा था। इस दौरान मूंग दाल 37 रुपये घट कर 10041 रुपये के भाव पर आ गई। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों से आवक के मध्यम होने से उड़द का भाव सप्ताह के दौरान 28 रुपये की तेजी से सप्ताहांत 10371 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...


**उत्तराखंड से...**

8260 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। ये परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ी हैं। उन्होंने 28,000 किसानों के खाते में फसल बीमा योजना की 62 करोड़ रुपये की रकम भी जारी की, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जहां चाह वहां राह। हमें पता होगा कि हमारा लक्ष्य क्या है, तो निश्चित ही हम आगे बढ़ेंगे। उत्तराखंड ने इसे साबित कर दिखाया है। यहां आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों की मांग बढ़ी है। यहां हर विधानसभा में योग केंद्र, होम स्टे, एक कंप्लीट पैकेज यहां बनने चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल से जुड़े प्रोजेक्ट यहां विकास की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। उत्तराखंड सरकार अब सेब व कीवी के किसानों को डिजिटल अनुदान देना शुरू कर रही है। कहा कि उत्तराखंड आध्यात्मिक जीवन की धड़कन है। उत्तराखंड की विकास की यात्रा अदभुत। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड का हर गांव वैक्सीन के दायरे में आ गया है। प्रदेश की विकास की ये यात्रा अदभुत है। ये बदलाव सबको साथ लेकर चलने, हर उत्तराखंडी के संकल्प का नतीजा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चल रही सरकार की भी कई बार तारीफ की। इस मौके पर सीएम पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल ले. ज. (से.नि.) श्री गुरमीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, राज्यसभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, डा. कल्पना सैनी, सांसद अजय भट्ट, माला राज्यालक्ष्मी शाह, पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक, भगत सिंह कोश्यारी, विजय बहुगुणा, तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, रेखा आर्य सौरभ बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

**गुजरात में...** के संपर्क में था। वह अबू खदीजा नाम की एक टेलीग्राम आईडी के संपर्क में था, जो कथित तौर पर आईएसकेपी (इस्लामिक स्टेट - खुरा. सान प्रांत) से जुड़ा था, उसने रिसिन नाम का रासायनिक जहर तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू की थी, जो अरंडी के बीजों के प्रसंस्करण से बचे अपशिष्ट पदार्थ से बनाया जाता है। वह हथियार की डिलीवरी लेने अहमदाबाद आया था, उसे कलोल से हथियार की खेप मिली थी। डीआईजी सुनील जोशी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के दो अन्य संदिग्ध गुजरात के बनासकांठा में थे। दोनों लखीमपुर और शामली निवासी हैं। इनकी पहचान आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहेल सलीम खान के रूप में की गई है। दोनों ने दीनी शिक्षा प्राप्त की है और कट्टरपंथी हैं। विदेश में रहने वाले लोगों के संपर्क में रहने के अलावा इन्होंने लखनऊ, दिल्ली और अहमदाबाद के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में रेकी भी की है। कश्मीर में भी उनकी गतिविधियों को रिकॉर्ड किया गया है। उन्होंने राजस्थान के हनुमानगढ़ से सामान रिसीव करने के बाद कलोल में डिलीवर किया। पुलिस आगे की जांच कर रही है। हमें एक आरा. ेपी की रिमांड 17 नवम्बर तक मिली है। बाकी दो को आज अदालत में पेश किया जाएगा।

# बिहार के लिए चली स्पेशल ट्रेनों पर कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**



राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज से पहले 3 नवम्बर को हरियाणा से बिहार के लिए चलाए गए स्पेशल ट्रेनों पर सवाल खड़े किए हैं।

सिब्बल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सवाल किया कि क्या ये ट्रेनें विशेष सेवाओं के रूप में चलाई गईं? यदि हां, तो इन्हें हरियाणा से अभी क्यों चलाया गया, छठ के दौरान क्यों नहीं चलाया गया? पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं यहां पर एक बात पर प्रकाश डालने आया हूं कि क्या चुनाव आयोग कोई कार्रवाई कर रहा है या भाजपा के सहयोगी के रूप में काम कर रहा है, जैसा कि कई लोग आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि 3 नवम्बर को लगभग 6 हजार लोगों को लेकर चार ट्रेनें हरियाणा से बिहार गईं, पहली दो करनाल से पानीपत होते हुए बरौनी और अगली दो गुरुग्राम से पटना होते हुए भागलपुर। सिब्बल ने सवाल उठाया कि ये लोग यात्रा क्यों कर रहे थे? उन्होंने कहा या तो यात्रा कर रहे लोग बिहार के असली मतदाता थे या किसी 'सुनियोजित अभियान' का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि मैं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पूछता हूं क्या ये ट्रेनें विशेष सेवाओं के रूप में चलाई गईं? उन्होंने फिर सवाल किया कि यदि हां, तो इन्हें हरियाणा से अभी क्यों चलाया गया, छठ के दौरान क्यों नहीं चलाया गया? सिब्बल ने सवाल उठाया कि क्या हरियाणा के इन असली मतदाताओं को विशेष ट्रेनों की जरूरत थी या उन्हें खास तौर पर बिहार में वोट देने के लिए भेजा गया था? उन्होंने चुनाव आयोग पर तंज कसते हुए कहा मुझे मालूम है चुनाव आयोग इस मसले पर कुछ नहीं करेगा, क्योंकि चुनाव आयोग भाजपा से मिला हुआ है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने हरियाणा से बिहार चलाए गए स्पेशल ट्रेन के टाइमिंग पर सवाल उठाया है। उन्होंने संदेह जताया है कि बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए स्पेशल ट्रेन के जरिए लोगों को हरियाणा से बिहार भेजा गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बिजली का पोल गिरने से युवक की मौत

## भोपा रोड पर लगा रहा जाम, पहुंचे राकेश टिकैत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विद्युत पोल बदलने के दौरान क्रेन की चेन टूटने से सीमेंट का एक पोल गिर गया, जिसकी चपेट में आकर स्कूटी सवारी ओके मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिससे परिजनों में को. हराम मच गया।

दरअसल रविवार को आदर्श कॉलोनी लिंक रोड पर विद्युत विभाग द्वारा बिजली का पोल बदलने का काम किया जा रहा था, तभी क्रेन की चेन टूटने के कारण सीमेंटेड विद्युत पोल सीधे सड़क की ओर आ गिरा जिसमें यहां से गुज़र रहे आदर्श कॉलोनी निवासी सुनील बालियान पुत्र राज सिंह बालियान के ऊपर यह पोल गिर गया बताया जाता है कि सुनील बालियान अपनी स्कूटी पर सवार होकर ट्रांसपोर्ट नगर स्थित अपनी स्पेयर पाट्र्स की दुकान पर जा रहे थे। पोल सीधे उनके सिर पर गिरा, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई।

गनीमत रही कि आज रविवार का दिन होने के कारण लिंक रोड पर आवागमन बहुत कम था, अन्यथा यह हादसा और भी बड़ा हो सकता था। इस घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया सूचना मिलते ही मौके पर परिजनों और स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग के अधिका. रियों और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दी। मृतक के शव को सड़क पर रखकर हंगामा किया गया और लाप. रवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। इस मामले को लेकर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी मौके पर पहुंचे और उन्होने आलाधिकारियों को बुलाकर मुकदमा दर्ज करने और मृतक के परिजनों को आर्थिक मुआवज़े की मांग की।

थाना सिविल लाइन, थाना नई मंडी, सीओ नई मंडी और सिटी मजिस्ट्रेट सहित भारी पुलिस बल मौजूद है। आला अधिकारी प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर जाम खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं।



# चरथावल थाने मे तैनात सिपाही की मौत

## गाजियाबाद निवासी पवन कुमार की मौत से विभाग में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** चरथावल थाने मे तैनात सिपाही पवन कुमार यादव का बीमारी के चलते निधन होने से परिवार सहित स्टॉफ मे शोक दौड़ गया। अचानक हुई सिपाही की मौत से हर कोई गमजदा नजर आया।

बताते चले की मूल रूप से गाजियाबाद निवासी सिपाही पवन कुमार यादव की तैनाती चरथावल थाने ने चल रही थी पवन यादव मिलनसार प्रवर्ती के व्यक्ति थे और वह जनपद मे रोहाना आदि चौकी पर भी तैनात रह चुके थे। क्षेत्रवासीयों से सीधा संवाद कर जनता के साथ मित्रवत व्यवहार पवन कुमार की कार्यशेली मे शुमार था स्टॉफ सहित पत्रकारों व गणमान्य व्यक्तियों ने भी सिपाही पवन कुमार यादव की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# शिक्षक संघ के जयवेंद्र अध्यक्ष व सुभाष महामंत्री चुने गए

**■ डीएवी कॉलेज में हुए चुनाव में 11 कॉलेजों के शिक्षकों ने लिया हिस्सा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकंभरी विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव रविवार को डीएवी पीजी कॉलेज में संपन्न हुए।

इस चुनाव में विश्वविद्यालय से संबद्ध शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर जनपदों के 11 महाविद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया।

सुबह से ही मतदान को लेकर कॉलेज परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा। शिक्षकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपने प्रतिनिधियों के चयन के लिए मतदान किया। चुनाव में देर शाम अध्यक्ष जयवेंद्र तोमर और महामंत्री सुभाष चंद्रा बने।



मुजफ्फरनगर: आदर्श कॉलौनी में क्रेन से लगाए जा रहे खंभे के बाद हुआ हादसा।

# बड़ी लापरवाही: बिना संकेत बोर्ड के चल रहा था काम

**■ काम करने से पूर्व नहीं लगाया गया प्रतिबंधित क्षेत्र का बोर्ड**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आदर्श कॉलौनी में खंभा लगाने के दौरान हुए दर्दनाक हादसे के बाद विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आई है ऐसा कई बार देखा गया कि विभाग द्वारा किसी भी निर्माण कार्य या विद्युत पोल बदलने के दौरान कहीं भी संकेत वाला बोर्ड नहीं लगाया गया।

आदर्श कॉलौनी लिंक रोड पर चल रहे पोल बदलने के काम के दौरान भी यहीं बात सामने आई कि यहां से गुजरने वाले राहगीरों के लिए किसी भी तरह का संकेत अवरोधक विद्युत विभाग के अधिकारियों ने नहीं लगवाया था और न ही कोई ऐसी व्यवस्था कराई थी जिससे दूर से आने वाला राहगीर यहां से सुरक्षित होकर गुजर सके। रविवार को सुनील बालियान की मौत के बाद भी लोग इस बात को आक्रोशित थे कि विद्युत विभाग ने यहां काम करने से पूर्व कोई ऐसा संकेतिक बोर्ड या कोई कर्मचारी ऐसा तैनात नहीं किया था जो यहां से गुजरने वाले राहगीरों को सुरक्षित गुजरने के लिए उन्हे सचेत कर सके।

ऐसा ही सड़क निर्माण व अन्य निर्माण कार्यो में होने वाले अन्य विभागों की भी लापरवाही सामने आ रही है।



मुजफ्फरनगर: डीएवी कॉलेज में शिक्षक संघ के चुनाव में सूची में नाम देखते शिक्षक।

# झुलसे छात्र उज्जवल राणा ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

## भाजपा, रालोद व भाकियू, जाट महासभा ने थाने का किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना के छात्र उज्जवल राणा ने आज दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड दिया। उधर उसकी मौत की खबर से पहले इस प्रकरण में लगभग डेढ़ दिन बीत जाने के बाद भी किसी भी नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नही होने पर भाजपा, रालोद, भाकियू और जाट महासभा ने संयुक्त रूप से बुढ़ाना कोतवाली का घेराव कर सभी नामजद आरोपियों को आज रात तक अरेस्ट नही करने पर सोमवार को कोई बड़ा निर्णय लेने की बात कही और जोरदार प्रदर्शन किया।

शनिवार को डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना के छात्र उज्जवल राणा ने प्राचार्य प्रदीप कुमार की प्रताडना से तंग आकर अपने उपर पैट्रोल छिड़ककर आग लगा ली थी। जिसको गंभीर हालत में मेरठ से दिल्ली के लिए रैफर कर दिया गया था। उधर बुढ़ाना पुलिस ने जख्मी छात्र उज्जवल की बहन सलोनी की तहरीर पर आरोपी प्राचार्य प्रदीप कुमार, प्रबंधक अरविंद गर्ग और पीटीआई संजीव कुमार के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया था, लेकिन किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नही होने पर प्रमुख विनोद मलिक, भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह, तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, रालोद जिला अध्यक्ष संदीप मलिक, युवा भाजपा नेता मोनू मलिक, युवा रालोद जिलाध्यक्ष गज्जू पठान, जाट महासभा के अध्यक्ष धर्मवीर बालियान आदि सैंकड़ों लोग बुढ़ाना कोतवाली पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी नही होने पर रोष जताया। तब सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने सभी को आश्वस्त कर कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गयी हैं। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच चल रही है। धारा भी बढ़ाई जाएगी। छात्र उज्जवल की बहन सलोनी भी कोतवाली में धरने पर पहुंची और सब आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की। यहां भाकियू ब्लाक अध्यक्ष सुधीर सहरावत, तेजपाल वेदवान, सत्यपाल सहरावत, जाट महासभा के जिला महासचिव जयवीर सिंह, रिटायर्ट दारोगा रामछेल राठी, पूर्व प्रमुख अजीत पंवार, अंकुश राठी और सुरेंद्र सहरावत आदि नेता मौजूद रहे।

### भाकियू ने थाने में की नारेबाजी

छात्र उज्जवल के मामले में भाकियू कार्यकर्ताओं ने बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचकर जोरदार नारेबाजी की ओर कहा कि अगर सभी नामजद आरोपी कल सुबह तक गिरफ्तार नहीं हुए तो फिर कोई बड़ा ही निर्णय लिया जाएगा।

### आज कॉलेज में होगी महापंचायत

छात्र उज्जवल राणा की मौत की खबर पर भाजपा नेता मोनू मलिक और अंकुश राठी ने सोमवार के दिन कालेज परिसर में महापंचायत करने की घोषणा की।



मृतक छात्र का फाइल फोटो।

### दो दिन का समय देते हुए धरना किया समाप्त

कोतवाली बुढाना परिसर में भाजपा, रालोद, जाट महासभा और भारतीय किसान यूनियन के द्वारा दिया गया धरना प्रदर्शन उस समय समाप्त हो गया जब धरने पर मौजूद सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने सभी लोगों से आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिए दो दिन का समय मांगा। जिस पर लोगों ने कहा कि गिरफ्तारी दो दिन के भीतर नहीं की गयी तो फिर दो दिन के बाद बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया

छात्र उज्जवल राणा की मौत की खबर के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से चौकन्ना हो गया है। कॉलेज परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पुलिस प्रशासन ने यहां अन्य स्थानों से अतिरिक्त पुलिस बल भी मंगाया था।






### डॉक्टर सोनू कश्यप पीड़ित परिवार से मिले

कश्यप समाज बुढ़ाना क्षेत्र की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने छात्र उज्जवल राणा की बहन सलोनी राणा से इस मामले में पूरी जानकारी ली और सांत्वना देते हुए कहा कि पूरा कश्यप समाज उनके साथ है।

## छात्र की मौत के बाद तीन पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना के छात्र उज्जवल राणा की मौत से 12 घंटे पहले के वायरल हुए वीडियो का संज्ञान लेते हुए जिन पुलिसकर्मियों पर छात्र उज्जवल राणा के द्वारा प्राताडना के खुले आरोप लगाए गये थे उन तीनों पुलिसकर्मियों को आज रविवार की देर शाम लाइन हाजिर कर दिया गया है। इनमें बुढ़ाना कोतवाली के सब इंस्पेक्टर नंद किशोर सिंह, कांस्टेबल विनीत कुमार और कांस्टेबल ज्ञानवीर सिंह हैं।

## परिजनों का दुख बांटने मृतक के घर पहुंचे उमेश मलिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक भी आज रविवार की देर रात मृतक छात्र उज्जवल राणा के बुढ़ाना स्थित आवास पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने छात्र के परिजनो के सांत्वना दी और कहा कि कोई भी आरोपी किसी भी सूरत में नहीं बचेगा। सभी आरोपी जेल जाएंगे। उनकी इस मामले में पुलिस के उच्च अधिका. रियों से बात हुई है। शीर्ष नेतृत्व को भी इस घटना से अवगत करा दिया गया है।



# उर्दू में योगदान देने वाले शिक्षक व समाजसेवी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** विश्व उर्दू दिवस एवं राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर उर्दू डवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा नवाब अज़्मत अली ख़ान गर्ल्स इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली छात्रों, शिक्षकों, उर्दू प्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शमीमुल हसन ने की, जबकि संच. ालन ज़िला अध्यक्ष कलीम त्यागी ने किया। समारोह में मंच पर मुख्य अतिथि उर्दू अदीब व अलीगढ से आए चौधरी निहाल सिंह, हाजी अकरम कुरैशी (चेयरमैन शाहपुर), मौलाना अकरम नदवी और हारून अली ठेकेदार सहित शामली में तैनात शिक्षक जुबैर अहमद को उर्दू और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए 'मुबीन अहमद एवार्ड' से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि निहाल सिंह ने कहा कि आज से हम संकल्प लें कि अपने घरों में उर्दू अख़बार मंगवाकर पढ़ेंगे और इसे रोज़मर्रा की भाषा बनाएंगे।

संगठन के संयोजक तहसीन अली असारवी ने उर्दू के प्रचार प्रसार पर जोर दिया। इस अवसर पर जिले भर के 276 प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने उर्दू प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मास्टर इरफ़ान अली व डॉ. युसूफ को उर्दू के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए और चौ. निहाल को अदबी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु अल्लामा इक़बाल अवार्ड, मौलाना अकरम नदवी को मौलाना अबुल कलाम अवार्ड से सम्मानित किया गया। इरशाद राव की सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। यहां पर डॉ. सलीम सलमानी, महबूब आलम एडवोकेट, अल्ताफ मशाल, डॉ. फर्रुख हसन, नदीम मलिक, डॉ. अकील, आफताब त्यागी, कारी सलीम मेहरबान, गुलफाम अहमद, शहजाद त्यागी, तोहिद, खलील अहमद, साजिद खान इम्तियाज़ अली, रईसुद्दीन राणा, साजिद त्यागी, इशरत त्यागी समेत कई प्रतिष्ठित शिक्षाविद, समाजसेवी और उर्दू प्रेमी मौजूद रहे।



# एसआईआर: 2003 की वोटर लिस्ट में नाम है तो नहीं देना होगा कोई डॉक्यूमेंट

**■ चार कैटेगिरी में रखा गया है वोटरों को, बीएलओ लेंगे साक्ष्य**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के नाम से सही करने के लिए शुरू हुए अभियान में अट्ठारह साल या उससे ज्यादा उम्र के लोगों को यह साबित करना होगा कि वह भारतीय नागरिक है और वोटर लिस्ट में दर्ज होने के लायक है।

इसके लिए चलाए गए अभियान में बीएलओ घर-घर जाकर वोटरों की जांच के काम को अंजाम देने में लगे है। इस दौरान बीएलओ एक गणना फार्म भरवाएगे और जन्मतिथि, जन्म स्थान के सबूत के लिए डॉक्यूमेंट जमा करेंगे। और एक पासपोर्ट साइज फोटो भी लेंगे। इस जांच की बुनियाद 2003 की वोटर लिस्ट होगी। इस अभियान में लगाए गए बूथ लेविल अधिकारी (बीएलओ) इलाके की 2003 की वोटर लिस्ट लेकर घर-घर दस्तक देंगे। जांच के लिए वोटरों को चार हिस्सों में बांटा गया है।

**कैटेगिरी-ए** में उन्हे शामिल किया गया है जिनका जन्म एक जुलाई 1987 से पहले हुआ हो और उसका नाम 2003 की वोटर लिस्ट में भी हो इसके लिए सबूत के तौर पर 2003 की वोटर लिस्ट की फोटो कॉपी जमा करानी है और अन्य डॉक्यूमेंट नहीं देना होगा।

**कैटेगिरी-बी** में एक जुलाई 1987 से पहले जिनका जन्म हुआ हो, लेकिन उसका नाम 2003 की वोटर सूची में नहीं है उनके लिए ग्यारह डॉक्यूमेंट में से एक डॉक्यूमेंट देना होगा।

**कैटेगिरी-सी** में उन लोगों को रखा गया है जिनका जन्म एक जुलाई 1987 से दो दिसम्बर 2004 के बीच हुआ हो। उनको दो डॉक्यूमेंट देने होंगे। अपने लिए अपनी जन्मतिथि और जन्म स्थान प्रमाण पत्र, माँ या पिता मे से किसी एक का जन्म स्थान साबित करने के लिए प्रमाण पत्र व जन्मतिथि।

**कैटेगिरी-डी** में उन्हे रखा गया है जिनका जन्म दो दिसम्बर 2004 के बाद हुआ हो उनको तीन डॉक्टयूमेंट जमा कराने होंगे। ग्यारह डॉक्यमेंट में जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, 10वीं या कोई और पढ़ाई का प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, सरकार द्वारा दी गई जमीन या मकान के कागजात, एक जुलाई 1987 से पहले सरकार द्वारा जारी की गई पहचान पत्र या सर्टीफिकेट, सरकारी नौकरी का पहचान पत्र या पेंशन का कागज, वन अधिकार प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर शामिल है।

यदि **कैटेगिरी-सी और डी** के वोटरों के माता पिता का नाम 2003 की वोटर लिस्ट में है तो उनके जन्म के सबूत के तौर पर उस लिस्ट की फोटो कॉपी ही काफी होगी। यह फोटो कॉपी बीएलओ से मिलेगी या फिर इसको ऑनलाइन भी डॉउनलोड किया जा सकता है। ऐसे वोटर को माता-पिता का कोई और डॉक्यूमेंट देने की जरूरत नहीं है।

## निर्वाचन प्रपत्रों के वितरण में लापरवाही

# पूर्व सभासद ने डीएम और निर्वाचन आयोग को भेजी शिकायत

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** उत्तर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 4 नवम्बर से नगर एवं ब्लॉक स्तर पर निर्वाचन प्रपत्रों का वितरण किया जाना था। लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश और समय-सीमा तय किए जाने के बावजूद संबंधित विभागों व ब्लॉक अधिकारियों द्वारा अब तक प्रपत्र वितरित नहीं किए गए हैं। पूर्व सभासद डॉ. अथर ने इस लापरवाही के खिलाफ जिला. धिकारी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग को शिकायत पत्र भेजकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जानबूझकर की जा रही देरी से मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। डॉ. अथर ने इसे आयोग के आदेशों की खुली अवहेलना बताते हुए कहा कि यह लापरवाही लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न कर रही है। उन्होंने मामले की गहन जांच करवाने और गहन पुनरीक्षण हेतु निर्धारित अवधि को यथोचित समय तक बढ़ाने की मांग की है, ताकि पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जा सकें।

## विकास कार्यों से वंचित आवास विकास कॉलोनी के लोगों का गुस्सा फूटा

**खतौली।** नगर की आवास विकास कॉलोनी के निवासी वर्षों से विकास कार्यों की उपेक्षा से परेशान हैं। कॉलोनी का सीमा विस्तार कर नगरपालिका क्षेत्र में विलय किए जाने के बावजूद आज तक न तो सड़कें बनीं, न ही सीवर, पेयजल या जल निकासी की कोई व्यवस्था की गई। कॉलोनीवासियों का कहना है कि प्रधानी काल में भी किसी तरह का विकास नहीं हुआ था और अब नगर पालिका में शामिल होने के बाद भी हालात जस के तस हैं।

आक्रोशित कॉलोनीवासियों ने एसडीएम खतौली निकिता शर्मा को शिकायती पत्र सौंपते हुए बिजली, पानी, सीवर लाइन और जलभराव जैसी मूलभूत समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो कॉलोनी में एसआईआर टीम व बीएलओ को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। कॉलोनीवासियों की इस चेता. वनी के बाद स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासनिक अधिक. ारी अब स्थिति पर कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं।

## ओवरलोड ट्रक से स्ट्रीट लाइट क्षतिग्रस्त

**चरथावल।** ओवरलोड ट्रक की टक्कर से टूटे खंभे और क्षतिग्रस्त तारों के कारण कुटेसरा मार्ग की पूरी स्ट्रीट लाइट लाइन ध्वस्त हो गई है। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि वे रोज सुबह अंधेरे में ही वॉक के लिए निकलती हैं, लेकिन अब लाइट न होने से सड़क पर सुरक्षा का माहौल बिल्कुल खत्म हो गया है। अंधेरे में दुर्घटना या अन्य अप्रिय घटना होने का डर बना रहता है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि देवबंद शुगर मिल के गन्ना वाहन लगातार निर्धारित क्षमता से अधिक भार ढो रहे हैं और ये वाहन आरटीओ प्रवर्तन के सख्त आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं।लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि क्षतिग्रस्त स्ट्रीट लाइट लाइन को तुरंत ठीक कराया जाए।और घ्देवबंद शुगर मिल के ओवरलोड वाहनों पर तत्काल प्रभाव से सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। प्रगतिशील किसान मासूम त्यागी ने कहा की बार बार चेताने के बाद भी गन्ने के अवरलोड वाहनों पर रोक नहीं लग पर रही हे इनके खिलाफ जल्द बड़ा आंदोलन होगा ।

# सनातन धर्म संसद का आयोजन जनपद लक्ष्मी नगर में करेगा हिंदू संघर्ष समिति

**मुजफ्फरनगर।** रविवार को हिंदू संघर्ष समिति की एक विशेष बैठक समिति के संयोजक नरेंद्र पंवार के आवास पर समिति के संरक्षक क्रांति सेना अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा एवं एकल अभियान भाग उपाध्यक्ष अमित गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के जिला संयोजक रवि चौधरी जी द्वारा की गई, जबकि संचालन अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय संयोजक अरुण प्रताप सिंह ने किया। इस बैठक में हिंदू संघर्ष समिति से जुड़े लगभग पैंतीस संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी रविवार, 7 दिसंबर 2025 को तीर्थस्थली शुक्रतीर्थ में भव्य सनातन धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी संगठनों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

बैठक में सनातन धर्म संसद के आयोजन हेतु प्रमुख विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसमें भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की माँग, केंद्र सरकार से सनातन बोर्ड के गठन की माँग, सामाजिक एकता एवं समरसता के विस्तार के साथ जातिगत भेदभाव के उन्मूलन का संकल्प, जनसंख्या नियंत्रण व समान नागरिक संहिता कानून की आवश्यकता, राष्ट्र निर्माण में संत समाज की सक्रिय भूमिका, मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा हेतु ठोस कानून बनाने की माँग, सनातन धर्म प्रचारकों तथा साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा तथा धर्मांतरण (कन्वर्ज़न) पर पूर्ण प्रतिबंध की माँग शामिल रही।

आगामी सनातन धर्म संसद का आयोजन श्री बालाजी योग विज्ञान अनुसंधान केंद्र (महाशक्ति सिद्धपीठ), शुक्रतीर्थ, उत्तर प्रदेश में किया जाएगा। हिंदू संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारियों ने धर्मप्रेमियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं सनातन विचारधारा से जुड़े सभी नागरिकों से इस महाधर्मसभा में उपस्थित होकर धर्म, समाज और राष्ट्र के उत्थान में




योगदान देने की अपील की है।। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल क्रांति सेना, शिवसेना, हिंदू जागरण मंच,अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल, विश्व हिंदू महासंघ,धीर सिंह पुंडीर संघर्ष समिति, अखिल भारतीय करणी सेना, छत्रपति शिवाजी सेना,राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी, समन्वय स्तंभ, एकल अभियान,तेजस फाउंडेशन,नवीन मंडी व्यापार संघ, शहीद भगत सिंह एकता मंच, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापारी सुरक्षा संगठन, एंटी करप्शन, शहीद भगत सिंह क्रांतिकारी मंच,विश्व हिंदू महासंघ भारत, भारतीय विश्वकर्मा संगठन, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, विश्वकर्मा एकता समिति, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापारी संगठन, गौशाला ट्रीटमेंट सेंटर नई मंडी, योगी सेना, हिंदू महासभा, जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन, श्री राम सेवा संघ, राष्ट्र दर्शन मंच, भ्रष्टाचार निवारण समिति, हिंदू सुरक्षा सेवा संघ आदि हिंदू संघर्ष समिति से जुड़े संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अनुसूचित जाति के मेधावी 240 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** पंजाबी बारात घर में एससी/एसटी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 10वाँ प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिसकी अध्यक्षता यतेन्द्र कुमार धीर (प्रधानाचार्य डीएवी इंटर कॉलेज सिसौली) तथा संयोजक नाथीराम (स.अ.) रहे। जबकि संचालन अरुण कुमार (प्रवक्ता) डीएवी इंटर कॉलेज व डॉ. अमन कुमार (स.अ.) चौधरी छोटू राम इंटर कॉलेज ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में बोलते है सतीश प्रकाश (प्रोफेसर मेरठ कॉलेज मेरठ) ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें बाबा साहब के बताएं मार्ग पर चलकर समता, समान्ता, बंधुत्व और न्याय को और मजबूत करने के लिए प्रेरित किया ।दूसरे मुख्य अतिथि रविशंकर गोरियान (जॉइंट जनरल मैनेजर/विजिलेंस रेलवे कॉरपोरेशन आफ इंडिया) ने छात्र-छात्राओं को बहुजन समाज के नायकों को पढ़कर अपने जीवन में आई कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने बताया कि हमें प्रतिकूल परिस्थितियों से लड़ कर हमेशा आगे बढ़ने का प्रयास करते रहना चाहिए।प्रतिभा सम्मान समारोह में हाई स्कूल यूपी बोर्ड, इंटर यूपी बोर्ड, हाई स्कूल सीबीएसई आईसीएसई बोर्ड, इंटर सीबीएसई आईसीएसई बोर्ड, खेल प्रतिभा, मेडिकल प्रतिभा, आईआईटी प्रतिभा के 240 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।जिनमें इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड में प्रथम स्थान पर अनवीशा सिंह, द्वितीय स्थान पर ईशा तृतीय स्थान पर श्रद्धा सिंह, जबकि सीबीएससी बोर्ड हाई स्कूल में प्रथम स्थान पर गौरवान्वित द्वितीय स्थान पर वंशिका सिंह, तृतीय स्थान पर अथर्व आर्या, सीबीएसई हाई स्कूल यूपी बोर्ड प्रथम स्थान पर कुछ शगुन, द्वितीय स्थान पर कु. अन्नू, तृतीय स्थान पर वंश, सीबीएसई इंटरमीडिएट प्रथम स्थान पर कु. रिया गौतम, द्वितीय स्थान पर कुठ अ क स रा, तृतीय स्थान पर अभिनव आए छात्र छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया।प्रतिभा सम्मान समारोह में



विशिष्ठ अतिथि के रूप में बाबूराम मेडिकल ऑफिसर गुजफ्फरनगर, डॉद्ध अंकित कुमार, डॉ. राजेश कुमारी प्रधानाचार्या वैदिक पुत्री कन्या इंटर कॉलेज, नमिता प्रधानाचार्या राजकीय इंटर कॉलेज जटमुझेड़ा, डॉ. प्रीतम सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर एसडी डिग्री कॉलेज र, डॉ. शेखर नायक प्रोफेसर एसडी डिग्री कॉलेज, हेमसिंह प्रधानाचार्य एच. ए.वी इंटर कॉलेज, देवबन्द, अशोक कुमार प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, डॉ. सतीश चंद्र प्रोफेसर राजकीय डिग्री कॉलेज, रामपुर, सुभाष चंद्र प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर, डॉ. विजेंद्र कुमार (एम. एस.) लखनऊ, ध्यानचंद, खण्ड शिक्षा अधिकारी, श्री सुदर्शन लाल खंड शिक्षा अधिकारी, मेरठ श्री शिव जतन प्रधानाचार्य, किसान इण्टर कॉलेज खरड, योगेश कुमार प्रधानाचार्य मॉडर्न इण्टर कॉलेज, रामराज, ज्योतिबाला, प्रधानाचार्या गोमती कन्या इण्टर कॉलेज, जानसठ आदि उपस्थित रहे।

# किसानों को समय से नहीं मिल रहा खाद व बीज : धर्मेंद्र मलिक

**मोरना।** मोरना में किसान संगठन भाकियू अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक ने किसानों की घटती आमदनी पर चिंता जताते हुए संगठित होने का आह्वान किया इस दौरान मोरना ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें मेघिन्द्र बालियान को ब्लॉक अध्यक्ष व परविन्द्र सहरावत को नगर अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की गई।

मोरना-शुकतीर्थ मार्ग पर आदेश ठाकरान के आवास पर भाकियू अराजनैतिक द्वारा पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक ने बोलते हुए कहा कि किसान को समय पर खाद व बीज नहीं मिल रहा है और न ही किसान को उसकी फसल का उचित मूल्य मिल पा रहा है।आज आधुनिकता का दौर है परंपरागत खेती को छोड़कर आधुनिक खेती करनी होगी तभी किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी हमारे युवा महंगे मोबाइल बाइक व महंगी गाड़ियों के शौक में फंसकर




अपना जीवन बर्बाद न करें।युवा अपने मोबाइल से खेती के आधुनिक तरीके सीखे व नये बीजों के बारे में जानकारी प्राप्त करें किसान अपने बेटे को ज्यादा से ज्यादा पढ़ायें सरकारी नौकरी के चक्कर में न फंसकर प्राइवेट सेक्टर की तरफ ध्यान लगाए धर्मेंद्र मलिक ने किसानों से संगठित होने का आह्वान किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुधीर पहलवान ने कहा कि संगठन किसानो की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ेगा।वहीं जिलाध्यक्ष ने मोरना ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए मेघिन्द्र बालियान को ब्लॉक अध्यक्ष, परविन्द्र सहरावत को नगर अध्यक्ष व अनिकेत सहरावत को ब्लॉक सचिव व रियाज अहमद को युवा ब्लॉक अध्यक्ष तथा अंकित जावला को जिला उपाध्यक्ष व राजीव सहरावत को जिला सचिव बनाने की घोषणा की सभा का संचालन सुमित सहरावत व अध्यक्षता बेदपाल दरियाबाद ने की इस अवसर पर मुख्य रूप से बीरपाल बालियान,संजीव सहरावत,बीर मास्टर, भोपाल सिंह, सुधीर शर्मा,वेद प्रकाश तोमर आदि मौजूद रहे।

## शाहपुर में जैन सांध्वी का मंगल प्रवेश

**शाहपुर।** धर्मनगरी शाहपुर मे जैन साध्वी का मंगल प्रवेश हुआ। जैन संत श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के संघ की साध्वी श्री सुमंगला जी महाराज, साध्वी श्री सुलभ जी महाराज व साध्वी श्री स्वस्तिक जी महाराज का कस्बे मे मंगल आगमन हुआ। साध्वी जी कस्बे के जैन मोहल्ले मे स्थित जैन स्थानक मे प्रवास कर रही है। साध्वी जी मंगल आगमन जयकारों के उधगोश से हुआ।विहार मे सम्मिलित अनेको अनुयायी ने भगवान महावीर स्वामी की जय आदि जैन धर्म से जुड़े जयकारे लगाए। स्थानक मे प्रवेश करने के पश्चात साध्वी सुमंगला जी ने प्रवचन करते हुआ कहा कि जैसी सोच रखोगे वैसी ही स्थिति आपके सामने होगी। तो हम सब जैसी स्थिति चाहते है वैसी ही सोच रखे। आज के समय मे संतुष्ट वही है जो विवेकी है। हमे भगवान पर भरोसा रखना चाहिए। कर्म व धर्म अच्छे व सच्चे होने चाहिए। उसके पश्चात साध्वी सुलभ जी व साध्वी स्वस्तिक जी ने मंगल प्रवचन व भजन किए। सभा का संचालन करते हुए श्री स्वेतांबर स्थानकवासी जैन समाज के कोषाध्यक्ष संजीव जैन ने बताया कि साध्वी मंडल ने अपना 2025 का चातुर्मास मुजफ्फरनगर सफल पूर्ण कर शाहपुर के ओर मंगल विहार किया। साधु साध्वी का प्रवास हमे हमेशा एक नई सकारात्मक ऊर्जा देता है व धर्म, ध्यान, दान, स्वाध्याय, त्याग, व्रत से जुड़े रहने की सीख देता है। इसके पश्चात बुढ़ाना श्री संघ से नितिन जैन ने साध्वी जी से बुढ़ाना प्रवास हेतु विनती करी। इस दौरान मंगल विहार मे मुज़फ्फरनगर व बुढ़ाना, शाहपुर से लोग मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य रूप से प्रधान राजेंद्र जैन, शिलचंद जैन, सतीश जैन, शुभम जैन, ऋषभ जैन, अंकुर जैन, सुशील जैन, नितिन जैन, संजीव जैन, पंकज जैन, नवीन जैन, हर्षित जैन आदि सैकड़ो महिला पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

# भारत की सभ्यता एवं इतिहास की साक्षी है भागवत : स्वामी ओमानन्द

**मोरना।** शुकतीर्थ के भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम स्थित डोंगरे जी भागवत भवन में पुणे, महाराष्ट्र से पधारे तीर्थाटन परिवार के भक्तों द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया।

स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि भागवत मनुष्य के उत्थान के लिए भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का मार्ग प्रशस्त करती है। भागवत भगवद् प्राप्ति का सबसे श्रेष्ठ उपाय है। भागवत से मानव जीवन के चारो अस्तित्व शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का पोषण होता है। बिना भागवत के भारत को समझा नहीं जा सकता। भागवत भारतीय संस्कृति सभ्यता और इतिहास की साक्षी है। भागवत भारत की आत्मा और मानसि. कता को सींचती है। संसार में सबकुछ प्राप्त किया जा सकता है परंतु मोक्ष प्राप्त करना अर्थात स्वयं को जानना बहुत कठिन है। इसका स्रोत भागवत है।भागवत आत्मज्ञान तथा जीवन उपयोगी ज्ञान का आधार है। भागवत अनुष्ठान परमार्थ का सबसे बड़ा यज्ञ है। महाराष्ट्र के राष्ट्र को संत एकनाथ, संत ज्ञानेश्वर, संत नामदेव, समर्थ गुरु रामदास, संत तुक. ाराम जैसे तपस्वी सिद्ध संतों को दिया, जिन्होंने तपोबल, विलक्षण पुरुषार्थ, आध्यात्मिक ज्ञान से केवल मानवता का उद्धार ही नहीं किया, बल्कि भारत के इतिहास की धारा को बदलकर



स्तुत्य कार्य किया।इससे पूर्व भागवत पोथी पूजन कर व्यासपीठ पर कथाव्यास विद्या वाचस्पति डॉ चारुदत्त बूबा गोविंद स्वामी को सम्मानित किया। कथा संयोजक प्रद्युम्न पेशवे, दीपक मिश्रा, आचार्य युवराज, ठाकुर प्रसाद, मनोज यादव आदि मौजूद रहे।

# मिलन समारोह में संत नामदेव की मूर्ति की स्थापना

**शाहपुर।** क्षेत्र के सि)पीठ जुढीवाला मंदिर में रविवार को संत शिरोमणि नामदेव महाराज की मूर्ति स्थापना दिवस एवं नामदेव मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि नामदेव महाराज का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। ऐसे संतों के आदर्शों से समाज में सद्भाव, समानता और सेवा की भावना को बल मिलता है। मूर्ति का अनावरण समाज के वरिष्ठजन महावीर नामदेव एवं रामपाल नामदेव ने किया। समारोह में शाहपुर, बुढ़ाना, शामली, कांधला, पलड़ा, पानीपत और मुजफ्फरनगर समेत आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में नामदेव समाज के बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। स्थानीय समाज



की ओर से सभी आगंतुकों का स्वागत पटका पहनाकर और नामदेव महाराज का चित्र भेंटकर किया गया। मंच संच. ालन समाजसेवी उत्तम नामदेव, विनय नामदेव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि संत नामदेव जैसे महापुरुषों की शिक्षाएं समाज में एकता और परस्पर प्रेम का संदेश देती हैं। उन्होंने उपस्थित जनों से आग्रह किया कि वे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा में योगदान दें। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, पूर्व चेयरमैन राजेश सिंघल, प्रमुख समा. जसेवी अरविंद पाल, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेग श्यामपाल सिंघल, ग्राम पलड़ी प्रधान मोनू सैनी, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, भाजपा नेता कपिल सैनी, किसान नेता देवेंद्र सैनी, पत्रकार सचिन सिंघल, डॉ. गौरव सैनी, पूर्व सभासद उमेश गोयल, श्री दुर्गा अष्टमी शोभायात्रा समिति से जुड़े बिटू राज वर्मा, प्रजापति समाज के अध्यक्ष प्रदीप प्रजापति, कृष्णपाल ठेकेदार, टोनी शर्मा, अमन ठाकरान व आदि लोगों का नामदेव समाज के अध्यक्ष सोनू नामदेव, सावंत नामदेव रोहित नामदेव, गोपाल नामदेव, सुधीर नामदेव, मनोज नामदेव, विशु नामदेव, शिवांक नामदेव, महेश नामद. ेव, उज्जवल नामदेव, सौरभ नामदेव, रामपाल नामदेव, राकेश नामदेव, हरिचरण नामदेव सहित समस्त नामदेव समाज ने सभी धर्म प्रेमी का हार्दिक अभिनंदन किया।

**NAME CHANGE**

I MANOJ KUMAR S/O BALVAN SINGH R/O NANTHOUDI, NATHAURI, SAHARANPUR (UP) have changed my name to MANOJ for all purposes.

## बालिका से छेडछाड करने वाले उमेर गिरफ्तार

**शाहपुर।** स्थानीय पुलिस ने बालिका से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया गया कि कस्बा शाहपुर निवासी 22 वर्षीय उमेर पर कस्बे की एक बालिका से छेड़छाड़ करने का आरोप है। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने थाने पहुंचकर पूरे मामले की तहरीर दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी उमेर ने कुछ दिन पूर्व बालिका के साथ रास्ते में अशोभनीय हरकत की थी। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आज आरोपी को उसके घर से दबोच लिया। थानाध्यक्ष मोहित चौधरी ने बताया कि अभियुक्त उमेर के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।



**खतौली:** शिविर में मरीजों का उपचार करती डॉक्टरों की टीम।

# सीनियर सिटीज़न वेलफेयर एसोसिएशन ने लगाया नि:शुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर

**225 मरीजों की हुई जांच**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** समाजसेवा के प्रति समर्पित सीनियर सिटीज़न वेलफेयर एसोसिएशन, खतौली ने रविवार को नगर के होली चौक स्थित प्रभा पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन डॉ. आर.पी. सिंह चौहान, डॉ. अंकुर शर्मा (एमडी बाल रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. वेदप्रकाश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया।

शिविर में कुल 225 मरीजों की जांच की गई। लोगों ने इस नि:शुल्क सेवा का लाभ उठाकर एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. कोपल मित्तल शर्मा, डॉ. एस.पी. जिंदल तथा दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा भट (बी.डी.एस.) की टीम ने अत्याधु. निक उपकरणों की सहायता से जांच की। डॉक्टरों ने जांच के दौरान चश्मे का नंबर, मोतियाबिंद, आंखों के पर्दे की समस्या, एलर्जी, आंखों के सुखेपन व नाखूने जैसी बीमा. रियों की पहचान की, वहीं डॉ. पूजा भट्ट ने दांतों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की जांच की। एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबूराम शर्मा ने सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों का आयोजन करती रहेगी। नगर वासियों का कहना था कि सीनियर सिटीज़न वेलफेयर एसोसिएशन आज समाज के लिए एक मिसाल बन चुका है। जहाँ अधिकांश लोग बुजुर्गावस्था में घर-परिवार तक सीमित हो जाते हैं, वहीं एसोसिएशन से जुड़े वरिष्ठ नागरिक जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर बिजेन्द्र कुमार, रवि प्रकाश गुप्ता, डॉ. अशोक कुमार, वी.एन. शर्मा, राजेन्द्र गर्ग, सत्यपाल त्यागी, कोषाध्यक्ष अभयराम सैनी, सुभाष चंद, लल्लन प्रसाद, अमरनाथ शर्मा, के.पी. शर्मा आदि उपस्थित रहे।

वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादीगण की उपस्थिति के लिए समन वास्ते (आदेश 5, कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू० डि०/ एफ. टी. सी.प्रथम मुजफ्फरनगर** वाद संख्या-439 सन् 2025 **आईशा** पत्नी काशिफ सिद्धीकी पुत्री मौ.राशिद हाल निवासी मौ0 नया बांस हनुमान चौक थाना कोतवाली नगर जिला-मुजफ्फरनगर **...प्रार्थीया/वादिया** बनाम 1. काशिफ सिद्धीकी पुत्र रईस सिद्धीकी, श्रीमति नईमा फात्मा पत्नी रईस सिद्धीकी,3.रईस सिद्धीकी पुत्र असगर 4 नवाजिश पुत्र रईस सिद्धीकी 5. शहताज पत्नी नवाजिश निवासीगण मौ. लद्धावाला अमरूद वाली गली. थाना कोतवाली नगर जिना मुजफ्फरनगर **....प्रतिवादीगण** वाद अन्तर्गत धारा-12, 17, 18, 19, 20, 21 ,22, 23 घरेलू हिंसा अधिनियम थाना कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर। आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद के वादीया ने आपके विरूद्ध घरेलू हिंसा का वाद माननीय न्यायालय में योजित किया है। आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिये उपसंजात उपस्थित होने के लिये दिनांक 19.11.2025 को दिन के 10.30 बजे नियत करके यह सम्मन प्रेषित किया जाता है कि आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर भी दे सकें। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात , उपस्थित नहीं हो सके तो उस दशा में वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुणदोष के आधार पर कर दिया जायेगा। आज दिनांक 03/11/2025 को यह सम्मन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से**

**सिविल जज जूनियर डिवीजन एफ.टी.सी.-प्रथम मुजफ्फरनगर**

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रविवार को मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत थाना खतौली क्षेत्र के मोहल्ला सद्दी. कनगर, कस्बा खतौली में महिलाओं, बालिकाओं और ग्राम की आशा बहुओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा महिलाओं को यातायात के नियमों और साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को साइबर अपराध से बचने के उपायों और अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं कृ जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नशा मुक्ति अभियान और भारत उज्ज्वल योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा बालि. काओं को सुरक्षा और सम्मान से जुड़ी जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया गया। महिला पावर लाइन- 1090, महिला हेल्पलाइन- 181, पुलिस आपातक. ालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, चाइल्डलाइन-1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930। महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पंपलेट भी वितरित किए गए। पुलिस टीम ने उपस्थित लोगों को जीरो एफआईआर और ई-एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया।

# चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने पर भाकियू ने थाना घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** क्षेत्र में लगातार हो रही नलकूपों की चोरी और मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन द्धटिकैतत्र ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाकियू द्धटिकैतत्र के चरथावल ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चरथावल थाने पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

घ्भाकियू नेताओं का आरोप हे की चरथावल पुलिस क्षेत्र मे हो रही चोरियों का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही हे भाकियू नेता संजय त्यागी ने थाने पर धरना प्रदर्शन शुरू करते हुए पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चरथावल थाना क्षेत्र में नलकूपों पर लगातार चोरियां हो रही हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। और पुलिस द्वारा नलकूपों पर हो रही चोरियां का खुला. सा नहीं किया जा रहा हे । वहीं, लगातार चरथावल से हुई कई बाइकों की चोरियों का भी अभी तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस चोरों को पकड़ने और चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने में नाकाम रही है। जहां भाकियू ने धरने का कारण नलकूप और बाइक चोरियों के खुलासे न होने को बताया है, वहीं चरथावल थाना अध्यक्ष सत्यनारायण दहिया का इस मामले पर अलग रुख है। थानाध्यक्ष दहिया के अनुसार, यह धरना चोरी की घटनाओं को लेकर नहीं, बल्कि हकीमपुरा गांव के एक आपसी विवाद के कारण शुरू हुआ। थाना अध्यक्ष सत्यनारायण दहिया का कहना है कि हकीमपुरा गांव में दो पक्षों में कुछ पेड़ों को काटने को लेकर विवाद था, जिसमें एक पक्ष को लेकर भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष आए थे। दूसरे पक्ष के मौके पर न आने से नाराज होकर यूनियन के लोग धरने पर बैठ गए।

## वैन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के बिरालसी गांव में 31 अक्टूबर को हुए सड़क हादसे के मामले में स्कूल वैन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस दुर्घटना में चरथावल निवासी दो युवकों की मौत हो गई थी।मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चरथावल नगर के निवासी मुशैब आलम ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका भाई जुनैद आलम और उसका दोस्त मोहम्मद नाहिद निवासी मोहल्ला मुनव्वर नगर, चरथावल से मोबाइल बेचने के लिए स्कूटी से थानाभवन जा रहे थे। स्कूटी नाहिद चला रहा था।बिरालसी पुलिस चौकी से लगभग सौ मीटर पहले एक टाटा मैजिक स्कूल वैन ने पीछे से उनकी स्कूटी को तेज गति और लापरवाही से टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वैन चालक दोनों युवकों को रौंदते हुए मौके से फरार हो गया।

# बीएलओ को एसआईआर गणना फार्म भी देने में विफल प्रशासन:साजिद हसन

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के निर्वाचन जॉन प्रभारी साजिद हसन ने कहा कि एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण अभियान को तो प्रशासन बड़े बड़े दावों के साथ 4 नवंबर से प्रारंभ बता रहा है जो मात्र 4 दिसंबर तक घर घर गणना फार्म पहुंचाकर इक्कठे करेगा लेकिन 6 दिन बीतने पर भी आधे से अधिक बीएलओ को गणना फार्म तक न मिलना निर्वाचन आयोग व प्रशासन की अधूरी तैयारी व विफलता की पोल खोलता है। सपा नेता साजिद हसन ने कहा कि गणना फार्म जब बीएलओ पर ही नहीं तब वह मतदाताओं तक किस तरह पहुंचेंगे। उन्होंने प्रशासनिक लापरवाही से एक माह में से एक सप्ताह आधी अधूरी तैयारी से खराब होने के लिए निर्वाचन आयोग व प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए जहां जहां यह अभियान शुरू नहीं हुआ वहां पर समय बढ़ाने की मांग



रखते हुए तत्काल बीएलओ को पर्याप्त फार्म उपलब्ध कराने,बीएलओ सुपरवाइजर को पूर्ण सक्रिय करने की मांग करते हुए कहा कि इस अभियान में लापरवाही जारी रहने व मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित करने की कोशिश पर जल्द ही आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने देगा सुरक्षा फोरम : गोयल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान अब व्यापारियों की आवाज को उठाने के साथ मेक इन इंडिया को प्रोत्साहित करने की दिशा में धरातल पर काम करेगी। वहीं स्वदेशी अपनाने के पूर्ण संकल्प के साथ किसी भी स्तर पर व्यापारियों के आर्थिक उत्पीड़न न होने के लिए पूर्ण रूप से दृढ़ संकल्प रहेगी।

उक्त उद्गार रविवार को नई मंडी में व्यापारी नेता विश्वदीप गोयल बिट्टू के प्रतिष्ठान पर मीडिया से वार्ता करते हुए व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के राष्ट्कीय संयोजक अशोक गोयल ने व्यक्त किए। उन्होंने व्यापारियों की आवाज को मजबूती से शासन-प्रशासन स्तर पर उठाने के साथ उनका उत्पीड़न किसी भी तरह न होने देने का भी आश्वासन दिया। वेस्ट यूपी के जनपदों में संगठन की मजबूती के लिए व्यापारियों को एक मंच पर एकत्र करने की पवित्र मंशा के साथ उन्होंने आह्वान किया कि विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के साथ उनकी योजना स्वदेशी को आमजन तक अपनाने और व्यापारियों से व्यापार करने की अपील की। वर्तमान में 52 जिलों में सुरक्षा फोरम संस्थान के गठन की मजबूती का दावा करते हुए उन्होंने मौजूद व्यापारियों को डिजिटल इंडिया व वोकल फॉर लोकल को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने स्वदेशी चिकित्सा और आयुष्मान भारत को अपनाने व भारतीय ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग करने और स्वदेशी ब्रांड का चयन करते हुए स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने का संकल्प किया। इस दौरान मुख्य रूप राष्टकीय महासचिव सच्चिानंद शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार गर्ग, राष्टकीय कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिंघल, विनोद पहलवान, अरविन्द देशभक्त, सुबोध सिंघल एवं व्यापारी नेता विश्वदीप गोयल बिट्टू समेत बड़ी संख्या में जनपद समेत वेस्ट यूपी के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# उर्दू केवल भाषा नहीं तहजीब का प्रतीक

## उर्दू बेदारी फोरम ने उर्दू दिवस पर किया संगोष्ठी का आयोजन



**मुज़फ़्फ़रनगर।** उर्दू बेदारी फोरम के बैनर पर उर्दू भाषा और उसमें छात्रों की भूमिका विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता ज़ैनबिया गर्ल्स कॉलेज की प्रधानाचार्या सुश्री बिन्त हसन ज़ैदी ने की और संस्था के कोषाध्यक्ष मुहम्मद इरशाद ने संस्था के दायित्वों का निर्वहन किया।

कार्यक्रम में जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रोफ़ेसर आसिमुल इस्लाम, विशिष्ट अतिथि पटना कोर्ट बिहार के न्यायिक न्यायाधीश मुहम्मद सोहेल और राजकीय इंटर कॉलेज, हस्तिनापुर की उर्दू प्रवक्ता डॉ. चांदनी अब्बासी ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरुआत मुहम्मद ज़ैद की तिलावत और सादिया की नात पाक से हुई।

कार्यक्रम में उर्दू बेदारी फोरम के अध्यक्ष शहज़ाद अली ने कहा कि आज उर्दू दिवस है और एक दिन बाद राष्ट्रीय शिक्षा दिवस है। इस प्रकार, एक दिन आपके इतिहास, यानी अतीत से आपके जुड़ाव की बात करता है, जबकि दूसरा दिन भविष्य की बात करता है। ये दोनों दिन जीवन को संपूर्ण बनाते हैं। अगर हम केवल उर्दू की बात करें तो देश को विदेशी प्रभुत्व से मुक्त कराने में उर्दू की सेवाएं अद्वितीय हैं। मौलाना हसरत मोहानी की समाचार पत्रिका उर्दू ए मुआल्ला ने पूर्ण स्वतंत्रता का नारा बुलंद किया। मौलाना बाकिर अली शहीद होने वाले पहले पत्रकार थे। उर्दू अखबारों के पत्रकारों ने जो यातनाएं सहन कीं, वे किसी अन्य भाषा के अख़बारों के हिस्से में नही आई। उर्दू अखबार स्वराज्य, जिसके चार पत्रकारों को काले पानी की सजा सुनाई गई थी, उर्दू एक ऐसी भाषा थी जो भारत के हर क्षेत्र में समझी जाती थी। उर्दू दिवस नवंबर के महीने में आता है, लेकिन इतिहास के पन्नों पर एक नज़र डालने से पता चलता है कि नवंबर उर्दू साहित्य के लिए बहादुर शाह ज़फर, वली दक्कनी, करीमी अल-अहसानी, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की यादों से जुड़ा है। सबसे खास दिन संविधान दिवस, 26 नवंबर है, इसलिए इस महीने का उर्दू साहित्य के लिए एक विशेष स्थान है। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य और इसकी प्रकृति और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वर्ष 2025 में, 21 फरवरी को मातृभाषा दिवस के अवसर पर एक उर्दू लेखन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें 1200 छात्रों ने भाग लिया था। शिक्षकों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 30 शिक्षकों ने भाग लिया। इन कार्यशालाओं के आयोजन से बच्चों और शिक्षकों में उर्दू विषय के प्रति जागरूकता और चिंतन आया है। हिंदी दिवस पर सुलेख में 70 बच्चों ने भाग लिया और एक करियर परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य उर्दू भाषा और साहित्य में छात्रों की रुचि को मजबूत करना है ताकि वे इसे अपने दैनिक जीवन में व्यावहारिक रूप से उपयोग करने की आदत डालें। कार्यशाला में कक्षा 9 से डिग्री कॉलेज तक के लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के तीन समूहों को साहित्यकारों के प्रति उनकी सेवाओं को उजागर करने के लिए अलग-अलग विषय दिए गए ताकि उर्दू की इस पूंजी को बनाए रखा जा सके और भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। आज के कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी लेखन और भाषण कला का प्रदर्शन किया।

सिविल सेवा उर्दू के साथ भी यह संभव है उर्दू अकादमी उत्तर प्रदेश नि:शुल्क कोचिंग का आयोजन करती है नीट, जेईई आदि प्रतियोगिताओं में अवश्य प्रयास करें। मुख्य अतिथि प्रोफेसर आसिमुल इस्लाम, डॉक्टर चांदनी अब्बासी, न्यायमूर्ति मुहम्मद सुहेल ने कहा कि आज मेहनत की ज़रूरत है इसलिए आपको शिक्षा में दूसरे बच्चों से ज़्यादा मेहनत करनी होगी, तभी आप तरक्की की दौड़ में शामिल हो पाएँगे। सिविल सेवा उर्दू के साथ-साथ उर्दू अकादमी उत्तर प्रदेश मुफ़्त कोचिंग का आयोजन करती है नीट, जेईआदि प्रतियोगिताओं में ज़रूर मेहनत करें। डॉ. ताहिर क़मर, अब्दुल हक़ सहर और साहिब मुफ़्ती अब्दुल सत्तर ने भी विचार रखे। तीनों समूहों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र थेरू फायज़ा गोड्स ग्रेस इंटर कॉलेज, नवाब अज़्मत गर्ल्स कॉलेज की मंतशा सिद्दीकी और नवाब अज़्मत डिग्री कॉलेज के रामिश हयात। यह वीडियो हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित सुलेख प्रतियोगिता के द्वितीय विजेता को दर्शाता है। प्रथम स्थान अनम, द्वितीय स्थान ज़ैनबिया गर्ल्स कॉलेज की फ़िज़ा काज़मी और तृतीय स्थान तसववुर दर्सगाह इस्लामी लद्दावाला को मिला। इन सभी बच्चों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और उर्दू शब्दकोश प्रदान किए गए।नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दो बच्चों, मुहम्मद फरमान और मुहम्मद सोहेल को भी सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि, प्रोफेसर आसीमुल इस्लाम को बाबा-ए-उर्दू मौलवी अब्दुल हक पुरस्कार, विशिष्ट अतिथि न्यायिक न्यायाधीश मुहम्मद सोहेल और डॉ. चांदनी अब्बासी को एहसान दानिश पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभी स्कूल शिक्षकों को मौलाना अबुल कलाम आज़ाद पुरस्कार और उर्दू पत्रकारों को अल्लामा इकबाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुज़फ़्फ़रनगर के प्रसिद्ध शायर क़मर अदबी सोसाइटी के सचिव अब्दुल हक़ सहर और प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मास्टर मुहम्मद यामीन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अन्य सज्जनों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सेवाओं के लिए तौसिफ़ी सनद प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबू नदीम, हाजी औसाफ अहमद, मुहम्मद शाहवेज, रईसुद्दीन राणा, डॉ. रियाज अली, सरफराज आलम, मुफ्ती अब्दुल सत्तार, अब्दुल हक सहर, मुहम्मद मुस्तफा कमाल, जमीर हसन, इंजी. नियर मुहम्मद फरमान, हाजी अबू हसन, मुहम्मद फुरकान ने योगदान दिया। अन्य प्रतिभागियों में डॉ. ताहिर कमर शकील अहमद, एडवोकेट मुहम्मद इसराइल, प्रिंसिपल मौलाना जौहर हाई स्कूल, मुहम्मद हारिस जाहिद, बेगम शबीना, मुहम्मद अमजद, मुहम्मद राशिद, मुहम्मद आसिफ शामिल थे।

## आज इन स्थानों की बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन 10 नवम्बर को विद्युत वितरण खण्ड बुढाना के अन्तर्गत 33 केवी लाईन वैल्ली और अलीपुर अटेरना का मेंटेनेंस का कार्य करने के लिए सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 01 बजे तक का शटडाऊन रहेगा। इनमें प्रभावित क्षेत्र वैल्ली, अटाली, बुढाना टाऊन, बुढाना देहात, मिण्डकाली, चन्धेडी, कुरथल, अलीपुर अटेरना और जौला विद्युत उप केन्द्रो की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी और 33/11 केवी लाईन बिराल पर आरडीडीएस का कार्य किया जायेगा। अन्य प्रभावित क्षेत्रों में बिराल, परासौली, कुरालसी, डूंगर और सरनावली विद्युत उपकेंद्र की आपूर्ति भी बाधित रहेगी।

# एसआईआर की जानकारी देने को हुई बैठक



**बुढ़ाना।** रविवार की सुबह कस्बा बुढ़ाना की केंद्रीय मस्जिद में मुस्लिम समाज के कुछेक जिम्मेदार लोगों ने एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया। जिसमें बुलाए गये अन्य लोगों को एसआईआर से संबंधित जानकारी दी गयी और कहा कि इससे घबराने की कोई जरुरत नहीं है। वे अपने द्वार पर आए सभी बीएलओ का सहयोग करें और जो बीएलओ आप तक नहीं पहुंच रहे हैं उनके बारे में हमें बताएं ताकि हम प्रशासनिक अधिकारियों को इस बारे में बता सकें। बीएलओ आबाद कुरैशी ने सभी को बताया कि जो भी जानकारी फार्म में मांगी जा रही है उसको सही तरीके से भरें। किसी भी तरह की जल्दबाजी ना करें। उन्होंने सभी को खुद करके भी बतलाया कि आपको फार्म इस तरह से भरने हैं इस बारे में उन्होंने सभी को फार्म भरने की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता बीएलओ का सहयोग करें और उनको अपना सहयोग दें। यहां मुख्य रूप से डॉ. समीर सलमानी, शहज़ाद कुरैशी, गांव उमरपुर की जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना फारूख अहमद, मुहम्मद शमशाद अहमद और कूबा मस्जिद बुढ़ाना के पेश इमाम मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी और संचालन डा. समीर सलमानी के द्वारा किया गया।

# राजकुल्लापुर रामनगर नदी पर पुल बनवाने के लिए योगी से मिलेंगे मंत्री अनिल कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** खादर क्षेत्र में सोलानी नदी के पानी से प्रत्येक वर्ष बाढ़ आती है जिससे किसानों का काफी नुकसान होता है क्षेत्र के लोगों की सोलानी नदी का बांध एवं राजकुल्लापुर रामनगर नदी पर पुल बनवाने की काफी पुरानी मांग चली आ रही है इसको लेकर आज क्षेत्रीय किसानों ने रामनगर नदी स्थल पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार को बुलाकर पुल बनाने एवं रास्ता पक्का करने की मांग रखी नदी स्थल पर ही एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मोहन प्रजापति राष्ट्रीय अध्यक्ष अति पिछड़ा संघर्ष मोर्चा ने कहा कि इस क्षेत्र के रतनपुरी रामनगर रजकल्लापुर बड़ीवाला पांचाली धुम्मनपुरी खेड़की खड़कपुर सहित दर्जनों गांव यह पुल न बनने से प्रभावित है अपने खेतों में आने के लिए किसानों को लगभग 14 किलोमीटर लंबा रास्ता चलकर आना पड़ता है बरसात में नव का सहारा लेना पड़ता है चार-चार महीने तक बच्चे स्कूल नहीं जा पाते यह पुल बनने से किसानों को अपने क्षेत्र में आने के लिए मात्र 200 मीटर की दूरी पड़ेगी और हाईवे से जुड़ने के लिए 2 किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ेगा तथा उत्तराखंड की सड़कों से भी जुड़ जाएंगे जिस पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने किसानों को आश्वा. सन देते हुए कहा की सोलानी के बांध के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अपना आधा बजट पास करके केंद्र सरकार के पास भेज दिया गया है सरकार भी बांध बनाने के लिए तैयार है इसमें आधा बजट केंद्र सरकार का होता है लेकिन अभी जमीन के रेट का मसाला चल रहा है सरकार सर्किल रेट पर जमीन लेना चाहती है जबकि किसान सर्किल रेट पर अभी जमीन देने को तैयार नहीं है उन्होंने कहा कि मैं माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर फिर से समस्या के समाधान करने के लिए के यह समस्या उनके समक्ष रखी जाएगी और इस रामनगर के पुल का भी प्रोजेक्ट बनाकर मुख्यमंत्री जी से मिलकर इसका समाधान कराऊंगा अगर मेरी निधि से बन सकता है तो 25 लख रुपए में अपनी निधि से देने को तैयार हूं जबकि बड़ा पुल बनाने के लिए लगभग 15 करोड रुपए की लागत का खर्चा है जल्दी ही इसका प्रोजेक्ट बनाकर मुख्यमंत्री जी से मिलकर बात रखी जाएगी और इसे बनवाया जाएगा और सड़क भी पक्की कराई जाएगी तथा सोलानी नदी के पुराने लोहे के पुल को वहां से हटवाया जाएगा जिसके कारण नदी में गंदगी जम जाने के कारण पानी रुक जाता है इस समस्या को भी जल्द ही खत्म कराया जाएगा। इस दौरान एसडीएम सदर प्रवीण द्विवेदी थाना प्रभारी जयवीर सिंह पीडब्ल्यूडी के एक्शन अनिल कुमार भाजपा नेता मनोज चौहान डॉ राजवीर सिंह छोटेलाल विक्की पवार कुमार राजू प्रजापति उदयपाल बबलू मुखिया जबर सिंह प्रधान मुकेश प्रधान जोगि. ंदर आदि लोग मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता साधुराम प्रजापति तथा संचालन निवेश प्रजापति ने किया।

**व्यापारियों ने भी उठायी अपनी समस्याएं** इसके बाद पुरकाजी पहुं. चने पर उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल क्या नगर अध्यक्ष निर्दोष जैन के निवास पर व्यापारियों ने व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा विधायक अशोक कंसल के नेतृत्व में मंत्री अनिल कुमार का स्वागत किया तथा अपनी समस्याएं रखी शरद गोयल ने बताया के पुरकाजी से लक्सर तक जाने के लिए रोडवेज बसों का संचालन नहीं है वह कराया जाना चाहिए तथा साप्ताहिक बंदी पर आधा बाजार खुलता है इस पर पूर्ण पाबंदी होनी चाहिए और कस्बे में इंटर कॉलेज बनवाने की मांग रखी जिस पर डॉक्टर संदीप वर्मा ने बताया कि कस्बे में जूनियर हाई स्कूल को इंटर कॉलेज बनवा दिया जाए तो बहुत अच्छा रहेगा जिस पर मंत्री अनिल कुमार ने आश्वासन दिया कि मैं कस्बे में डिपो बनवाने पर काम कर रहा हूं तथा तथा इंटर कॉलेज के लिए मुख्यमंत्री को चिठी लिखकर उसे पर भी काम किया जाएगा तथा सभी की समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा इस दौरान यू पी रत्न एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर संदीप वर्मा भाजपा नेता भाजपा नेता भारत भूषण खुल्लर विपिन गोयल निर्दोष जैन मोहन प्रजापति सुशील वर्मा हरिराम सक्सेना केपी सिंह सलमान मलिक अखिल खान तनवीर आलम आदि लोग मौजूद रहे



## संक्षिप्त समाचार

### पुलिया पर सुरक्षा दीवार न होने से नाले में गिरी भैंस

**खतौली।** नगर के मौहल्ला सद्दीकनगर में रविवार को एक बड़ी लापरवाही के चलते हादसा होते-होते टल गया। मोहल्ले में बने नाले की पुलिया पर सुरक्षा दीवार न होने के कारण एक भैंस नाले में जा गिरी। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, पशु विक्रेता आसिफ अपनी भैंस को सुशील कुमार निवासी नहारिया के यहां बेचने के बाद उसे घर छोड़ने जा रहा था। जब वह सद्दीकनगर स्थित नाले की पुलिया से गुजर रहा था, तभी पुलिया पर दीवार न होने के कारण भैंस का पैर फिसल गया और वह सीधे नाले में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रस्सों और ट्रैक्टर की मदद से भैंस को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों में नगर पालिका की लापरवाही को लेकर नाराजगी देखने को मिली। लोगों ने कहा कि पुलिया पर सुरक्षा दीवार न होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नागरिकों ने नगर पालि. का प्रशासन से मांग की कि पुलिया पर जल्द से जल्द सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाएं न हों।

### हनुमान मंदिर कोटद्वार में पहुंचे दर्जनों श्रद्धालु

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के मौहल्ला पारसी बस स्टैंड से एक टूरिस्ट बस आज रविवार के दिन आधा सैंकड़ा श्रदालुओं को लेकर सिद्धबली हनुमान मंदिर कोटद्वार के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के नेतृत्व में रवाना हुई। वहां पर पहुंचकर सभी श्रद्धालुओ ने सबसे पहले सिद्ध बली पहुंचने पर गंगा मे स्नान किया। फिर उसके बाद सिद्धबली हनुमान जी के मंदिर में पहुंचकर पूजा और अर्चना करते हुए सुन्दर कांड का पाठ पढ़ा और सिद्धबल हनुमान जी पर नारियल और गुड का भोग लगाया। इस दौरान मुख्य रुप से बबलेश कुमार, गौरव कुमार, लाला सलेक चंद्र, सोनू बडकता, राहुल वकील, राजकुमार सैनी, बबलू भसाना, अमित गर्ग, संजय जैन, अंकित कुमार, दीपक कुमार, डाक्टर संगीता, उमा देवी, बबीता देवी, चन्दा देवी, अभिनव कुमार और आदित्य कुमार आदि श्रद्धालुओं की मौजूदगी देखने को मिली।

### पत्रकार रोहिताश कुमार वर्मा को जयपुर में मिला कुलदीप नैयर समर्पण समाज गौरव अवार्ड

**मोरेना।** राजस्थान की अग्रणी समर्पण संस्था द्वारा रविवार को जयपुर के राज्य कृषि प्रबन्धन संस्थान में 10 वां राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव 2025 का आयोजन किया गया।जिसमें देश भर से चिकित्सा, कला, साहित्य, समाजसेवा, शोध व आविष्कार, खेल, आध्यात्म, पर्यावरण, कला व संस्कृति, महिला सशक्तिकरण, उद्यमी, योग और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वाली चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में 25 वर्षो से ग्रामीण पत्रकारिता में उत्कृष्ठ कार्य करते हुए गांव की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर पत्रकार रोहिताश कुमार वर्मा को कुलदीप नैयर समर्पण समाज गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजस्थान के सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा की अध्यक्षता व राजस्थान राज्य खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज के पवन की मौजूदगी में विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त व प्रधान मुख्य सलाहकार अनिल कुमार जैन, मानव मिलन संस्थान के अध्यक्ष प्रमोद चौरडिया जैन, हिमालया रियल एस्टेट, चित्तोडगढ़ के निदेशक राज कुमार बैरवा, समाज सेविका पूर्णिमा पाठक शर्मा, मदन लाल वर्मा, संस्थापक अध्यक्ष डॉ. दौलत राम माल्या ने अपने हाथों से सम्मान प्रदान किया। इससे पहले भी श्री वर्मा को भारतीय प्रेस परिषद व मीडिया फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा ग्रामीण पत्रकारिता, साहित्यिक संस्था प्रयागराज द्वारा कुलदीप नैयर अवार्ड व अखिल भारतीय कबीर मठ राजस्थान के द्वारा कबीर कोहिनूर अवार्ड व विश्व संवाद केंद्र मेरठ द्वारा नारद सम्मान, हरियाणा में राष्ट्र गौरव अवार्ड, ख्वाब फाउंडेशन बिहार द्वारा जयपुर में डॉ. कलाम लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, मध्य प्रदेश के इंदौर में नेशन बिल्डर अवार्ड व उत्तराखंड में राष्ट्र विभूति अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

## देवबंद शुगर मिल का ओवरलोड गन्ना वाहन बना तबाही का कारण

**चरथावल।** कुटेसरा मार्ग पर देवबंद शुगर मिल के गन्ना ढोने वाले ओवरलोड वाहनों की मनमानी एक बार फिर जनता के लिए परेशानी का सबब बन गई है। मिल के चरथावल पश्चिम सेंटर से गन्ना ले जा रहे एक ओवरलोड ट्रक ने रविवार की शाम चरथावल-कुटेसरा मार्ग पर नगर पंचायत द्वारा लगवाया गया स्ट्रीट लाइट का खंभा तोड़ दिया, जिससे लगभग एक किलोमीटर के मार्ग पर घना अंधेरा पसर गया है। इस घटना से सैकड़ों महिलाएं जो सुबह सवेरे मॉर्निंग वॉक पर निकलती हैं, अब अंधेरे में चलने को मजबूर हैं, जिससे उनकी सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

# आवारा कुत्तों से निजात दिलाने को डीएम को भेजा पत्र

**मीरापुर।** क्षेत्र आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे कस्बे के लोग खासे परेशान हैं। विशेष रूप से मोहल्ला जाटों वाला के निवासी इन दिनों दहशत में जी रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर और नगर पंचायत मीरा. पुर को पत्र भेजकर इस समस्या के समाधान की मांग की है। निवासियों का कहना है कि प्राथमिक विद्यालय नंबर दो के सामने रोजाना 15 से 20 आवारा कुत्तों का झुंड घूमता रहता है। ये कुत्ते राहगीरों पर भौंकते हैं, कभी-कभी हमला करने की कोशिश भी करते हैं, जिससे लोग भयभीत हैं।

बच्चों में इन कुत्तों को लेकर खासा डर व्याप्त है। अभिभावकों का कहना है कि उनके बच्चे अब स्कूल जाने से कतराने लगे हैं, वहीं गली-मोहल्लों में खेलने वाले बालक भी बाहर निकलने से घबराने लगे हैं। कई बार लोगों ने स्वयं इन कुत्तों को भगाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी संख्या अधिक होने के कारण डर का माहौल बना रहता है। मोहल्ले के मयंक, रवि, नीरज, संदीप, भुल्लन, डॉ. प्रवीण, इकराम मंसूरी, सलमान, इरफान, जीत कुमार व प्रशांत शर्मा ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन आवारा कुत्तों को पकड़वाकर किसी सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने नगर पंचायत से नियमित रूप से कुत्ता पकड़ो अभियान चलाने की अपील की है, ताकि कस्बे में भयमुक्त माहौल बन सके और बच्चे सुरक्षित रूप से विद्यालय जा सकें।

# धूमधाम से हुआ आर्य प्रतिनिधि सभा का वार्षिकोत्सव

**मुजफ्फरनगर।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा मुजफ्फरनगर व आर्यसमाज शहर मुजफ्फरनगर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से हुआ से। आज जिला प्रतिनिधि सभा का वार्षिक उत्सव धूमधाम से आर्य समाज शहर परिसर में धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र आर्य जी के द्वारा की गई साथ ही मंच का संचालन जितेंद्र सिंह के द्वारा किया गया।

वर्षों के बाद आर्य समाज के कार्यक्रमो में भारी भीड़ देखी जा रही है प्रात: 8.30 बजे से हवन यज्ञ से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम शाम 5 बजे तक संचालित रहा कार्यक्रम के समापन तक बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में डटे रहे।हवन यज्ञ मेनपाल आर्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुंवर बृजेश सिंह राजमंत्री लोक निर्माण विभाग, सांसद चंदन चौहान, राकेश शर्मा राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी, विजय त्यागी ब्लॉक प्रमुख, अक्षय पुंडीर ब्लाक प्रमुख,दीपक सोम,नन्द किशोर पुंडीर, ठाकुर विक्रम सिंह जिला पंचायत सदस्य अमित रावल, योगराज सिंह पूर्व मंत्री, प्रदीप बालियान पूर्व विधायक, सुधीर बालियान पूर्व विधायक आदि मौजूद रहे।



# डॉ. ओमप्रकाश कुशवाहा ने इंडोनेशियाई हॉरर सिनेमा पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया शोधपत्र

**मुज़फ्फरनगर ।**श्रीराम कॉलेज, (उत्तर प्रदेश) के पत्रकारिता एवं जनसंचार संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश कुशवाहा ने अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने शोधपत्र हइंडोनेशियाई हॉरर सिनेमा को चौथे अंतरराष्ट्रीय इंडोनेशियाई फिल्म सम्मेलन में प्रस्तुत किया। यह सम्मेलन एसोसिएशन ऑफ इंडोनेशियन फिल्म स्कॉलर्स द्वारा फैकल्टी ऑफ सोशल एंड पॉलिटिकल साइंसेज़, यूनिवर्सिटास जेंडरल पुरवोकेर्तो, सेंट्रल जावा, इंडोनेशिया में 30-31 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया।

इस सम्मेलन में इंडोनेशिया, अमेरिका, जापान, भारत, थाईलैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों के फिल्म विद्वान, शोधकर्ता और फिल्म निर्माता शामिल हुए। डॉ. कुशवाहा ने अपने शोधपत्र में इंडोनेशियाई हॉरर सिनेमा के ऐतिहासिक विकास, सांस्कृतिक जड़ों और भारतीय सभ्यता के प्रभाव पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार इंडोनेशियाई लोककथाओं, धार्मिक प्रतीकों और सामाजिक संरचनाओं में निहित भय और आध्यात्मिकता ने वहां के हॉरर सिनेमा को एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान दी है।

उनके शोध को विद्वानों और समीक्षकों ने अत्यंत सारगर्भित और मौलिक बताया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व जुलाई 2025 में डॉ. कुशवाहा ने ब्रैंडाइस यूनिवर्सिटी , अमेरिका में आयोजित समर इंस्टीटड्ट में भाग लिया था, जहाँ उन्होंने मीडिया, संस्कृति और वैश्विक संचार पर उन्नत शोध प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्हें उसी विश्वविद्यालय में तीन वर्षों के लिए विजिटिंग स्कॉलर के रूप में भी नियुक्त किया गया है। डॉ. ओमप्रक. ाश कुशवाहा एक सक्रिय अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ता हैं जिनके शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। उनके शोध के प्रमुख क्षेत्र हैं कृ संचार और शक्ति तथा उत्तर-औपनिवेशिक मीडिया अध्ययन। उन्होंने अब तक यूके, अमेरिका, थाईलैंड और यूएई सहित कई देशों में आयोजित सेमिनारों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों में भाग लेकर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षणिक सहयोग भी स्थापित किया है।

उनकी यह उपलब्धि न केवल श्रीराम कॉलेज के लिए गौरव का विषय है, बल्कि भारतीय मीडिया और संचार अध्ययन के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है। डॉ. कुशवाहा के शोधकार्य वैश्विक सिनेमा, संस्कृति और मीडिया विमर्श को भारतीय दृष्टिकोण से नई दिशा प्रदान कर रहे हैं।




**मुजफ्फरनगर:**इण्डोनिशयाई डरावनी फिल्म समारोह में शोध पत्र प्रस्तुत करते शिक्षक डा.ओमप्रकाश कुशवाहा।

## एक्टर राजबब्बर ने किया प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**बुढ़ाना।** नई दिल्ली के त्रिनगर इलाके में स्थित नव निर्मित प्रतिष्ठान एसआर ज्वैलर्स त्रिनगर दिल्ली का उदघाटनघ अपने कर कमलों के द्वारा सैंकडोघ गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में मशहूर फिल्म एक्टर और पूर्व सांसद राजबब्बर ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा बुढ़ाना के निवासी और स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष संजीव वर्मा ने फिल्म एक्टर व पूर्व सांसद राजबब्बर का फूल मालाओं से स्वागत कर उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से द्रोपदी देवी, सुरेश वर्मा, अशोक वर्मा, अर्चना वर्मा, अनिल वर्मा, सोनू वर्मा, गौरव वर्मा, गगन वर्मा, संदीप वर्मा, तुषार वर्मा एवं अंकुश वर्मा सहित परिवारजनों एवं अतिथियों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी अतिथियों का यहां पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव रवि वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सरकारी धन बहा, सड़क उखड़ी, कैराना की धरती पर भ्रष्टाचार का एक और नमूना

## लाखों की लागत से बनी सौ मीटर सीसी सड़क एक साल में ही उखड़ी, गड्ढों में तब्दील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर पालिका परिषद कैराना के निर्माण कार्यों की हकीकत एक बार फिर जनता के सामने आ गई है। विकास के नाम पर किए जा रहे कार्यों में भ्रष्टाचार और लापरवाही का ऐसा आलम है कि लाखों रूपए की लागत से बनी सड़कों की उम्र अब एक साल भी नहीं रह गई। कस्बे का मोहल्ला शेखबद्धा इसका ताजा उदाहरण बन चुका है, जहां करीब एक वर्ष पूर्व बनाई गई सीसी सड़क अब पूरी तरह ग्ड्ढों में तब्दील हो चुकी है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली योगी सरकार की नीतियों को नगर पालिका के अधिक.ारियों ने ठेकेदारों की सांठगांठ से मजाक बना दिया है। नगर पालिका के निर्माण विभाग में मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारी अब भी दावा कर रहे हैं कि सभी निर्माण कार्य मानक अनुसार कराए गए हैं।

करीब एक साल पहले हाजी रियाज के मकान से अख्तर की दुकान तक लाखों रूपए की लागत से बनी यह सड़क बनते ही टूटने लगी थी। आज हालात यह हैं कि पूरी सड़क रोड़ी में तब्दील हो चुकी है। जगह-जगह ग्ड्ढे और उखड़ी हुई सीमेंट इसकी हकीकत बयां कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का खुला प्रयोग किया गया और अधिक.ारी जांच तक करने नहीं पहुंचे।




### कमीशनखोरी ने बिगाड़ा खेल

सूत्रों के मुताबिक नगर पालिका में सड़क निर्माण कार्यों में कमीशनखोरी की गहरी जड़ें हैं। ठेकेदारों से लेकर अधिकारियों तक कमीशन का बंटवारा पहले ही तय कर लिया जाता है। ऐसे में गुणवत्ता की उम्मीद बेमानी हो जाती है। बताया जा रहा है कि यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो लाखों रूपए के घोटाले का पर्दाफाश हो सकता है।

### मोहल्लावासियों का फूटा गुस्सा

मोहल्ला शेखबद्धा निवासी अख्तर का कहना है, हनगर पालिका के चहेते ठेकेदार ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाई थी। बनते ही सड़क टूटने लगी और अब पूरी तरह खत्म हो चुकी है। न ठेकेदार दिखाई देता है, न कोई अधिकारी जवाब देने को तैयार है। वहीं अब्दुल वहीद बोले, नगर पालिका के जेई ने मौके पर आकर जांच नहीं की। सवाल यह है कि बिना जांच के पेमेंट किस आधार पर कर दिया गया? जिस अधिकारी की रिपोर्ट पर भुगतान हुआ, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।




स्थानीय निवासी तौफीक ने कहा, जनता को विकास के सपने दिखाकर अपने सपने साकार करने वाले अब खामोश हैं। सड़कें बनते ही टूट रही हैं, सरकारी धन पानी की तरह बहाया जा रहा है, मगर कोई जिम्मेदार बोलने को तैयार नहीं।

### कैराना की सड़कों में विकास नहीं, भ्रष्टाचार का बोलबाला

नगर पालिका कैराना में निर्माण कार्यों में फैले भ्रष्टाचार ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि शासन स्तर से जांच कराई जाए, तो निश्चित रूप से ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत का खुलासा होगा। फिलहाल नगर पालिका की टूटी सड़कों ने यह साबित कर दिया है कि विकास नहीं, भ्रष्टाचार का ही रास्ता पक्का किया जा रहा है।

.....................................

इस संबन्ध में नगर पालिका के निर्माण विभग में अवर अभियंता राहुल से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# पुलिस पर हमला व अभद्रता करने का आरोपी गिरफ्तार, कारागार रवाना

**आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जान से मारने की नीयत से हमला करने व सरकारी कार्य में विघ्न डालने समेत विभिन्न संगीन धाराओं में दर्ज किया मुकदमा, अर्ध-विक्षिप्त बताया जा रहा है पुलिस पर हमला करने का आरोपी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस टीम पर हमला व अभद्रता करने के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने जानलेवा हमला एवं सरकारी कार्य में विघ्न उत्पन्न करने समेत विभिन्न संगीन धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने गिरफ्तार किए गए आरोपी युवक को अर्ध-विक्षिप्त बताया है।

विगत शनिवार देर शाम कस्बे के चौक बाजार में एक युवक ने पुलिस टीम के साथ में अभद्रता करते हुए मारपीट की थी। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हुआ था। बताया जा रहा है कि आरा.ेपी युवक ने पहले कस्बे के किसी व्यापारी के साथ में मारपीट की। इसके बाद युवक मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम के साथ में भी उलझ गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में युवक एक हेड कांस्टेबल का गिरेबान पकड़े हुए तथा मारपीट करता हुआ नजर आ रहा है। आरोपी युवक बीच-बचाव करने आए दारोगा को भी मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां दे रहा है। बाद में पुलिस टीम ने आरोपी युवक को काबू में कर लिया और कोतवाली ले आए। पकड़े गए युवक का नाम भोल्लर निवासी कैराना बाईपास बताया जा रहा है। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप के अनुसार, पुलिसकर्मी के साथ में दुर्व्यवहार करने वाला युवक



अर्ध-विक्षिप्त है। वह अक्सर बाजारों में घूमता रहता है। युवक पहले भी लोगो के साथ में दुर्व्यवहार कर चुका है।

युवक का दिमाग खराब होने पर यह लोगो के साथ में एब्नॉर्मल व्यवहार करने लग जाता है। आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने तथा सरकारी कार्य में विघ्न डालने समेत विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एक नजर

### कार की टककर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी अरविन्द पुत्र सुरेशपाल ने थाने में तहरीर दी कि पीड़ित का भाई राजेश गत 6 नवम्बर की दोपहर लगभग 2 बजे अपने गांव से थानाभवन के गांव गंदेवड़ा की ओर जा रहा था कि अचानक तीतरो की ओर से आ रही एक टेक्सी कार ने राजेश की बाईक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां से गंभीर हालत के चलते घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उपचार के बाद थाने आए पीड़ित के भाई ने थाने में तहरीर देकर टैक्सी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### पति ने पत्नी को पीटकर किया घायल, बच्चे को छीनकर ले जाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव कमालपुर निवासी रीना ने बताया कि उसकी शादी आशु के साथ करीब पांच वर्ष पूर्व हुई थी और वर्तमान में करनाल कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। दोनों का एक ढाई वर्ष का पुत्र भी है। हाल ही में रीना अपने मायके कमालपुर में रह रही थी। शुक्रवार को शाम करीब चार बजे उसका पति घर पर आया और जबरन बच्चे को ले जाने लगा। विरोध करने पर उसने गाली-गलौज करते हुए रीना के साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। पीड़िता ने बताया कि घटना की सूचना 112 नंबर पर दी गई, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। रीना ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### दो बाइकों की टक्कर, एक की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी गौरव रविवार को बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से शामली गया हुआ था और अपना कार्य समाप्त करने के बाद अपनी बाइक से वापस अपने गांव जा रहा था। बाइक सवार युवा के जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित गांव भारसी मोड़ के समीप पहुंचा तो, विपरीत दिशा से आ रहे हैं बुलेट बाइक सवार ने सामने की टक्कर मार दी। बुलेट की टक्कर से बाइक सवार गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस कर्मचारी ने घायल युवक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बुलेट बाइक सवार हादसे को अजाम देकर मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल के लिए चले गए।

### पुलिसकर्मी बनकर दुकानदार से एलईडी लेकर फरार हुए बाइक सवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के रेलवे मार्ग निवासी आदेश पुत्र मोहन ने बताया कि उसने रेलवे मार्ग स्थित दो दुधियान मार्केट में मोहन रेडियोस के नाम से दुकान कर रखी है। पीड़ित का आरोप की उसकी दुकान पर बुलेट बाइक सवार दो युवक पहुंचे और कहा कि खंद्रावली चौकी पर एक एलईडी लगवानी है। बाइक सवार दोनों युवकों ने अपने आप को पुलिसकर्मी बताते हुए एलईडी ले ली और भुगतान की बात चौकी पर देने के लिए कहा और एलईडी लेकर फरार हो गए। पीड़ित दुकानदार जब भुगतान के लिए खंद्रावली चौकी पहुंचा तो वहां पर तैनात पुलिस कर्मियों ने बताया कि उन्होंने कोई भी एलईडी नहीं खरीदी और ना ही चौकी पर किसी तरह की एलईडी की जरूरत है। पीड़ित दुक.ानदार ने थाने पहुंचकर दोनों आरोपी बुलेट बाइक सवारों के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।



# ग्राम मादलपुर में लगा विशाल स्वास्थ्य शिविर, 400 से अधिक लोगों की हुई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ग्राम मादलपुर में रविवार को एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में करीब 400 महिला एवं पुरुषों की जांच अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने फीता काटकर शि.विर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता से ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। प्रत्एक व्यक्ति को समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराना चाहिए। उन्होंने सभी डॉक्टरों और सहयोगी टीम का आभार व्यक्त किया जिन्होंने निरूस्वार्थ भाव से ग्रामीणों की सेवा की।



सुरेश राणा ने शिविर के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं, जैसे आयुष्मान भारत कार्ड, का लाभ हर पात्र व्यक्ति को लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है ताकि गांवों में भी शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। शिविर में ग्राम प्रधान यश कुमार ने विशेष सहयोग किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन गांव के हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का माध्यम बन रहे हैं।

शिविर में राजेंद्र सिंह द्धजिला महामंत्रीऋ, जयवीर सिंह, जगवीर सिंह, नरेश कुमार, इंद्रपाल सिंह, डॉ। संजीव कुमार, योगेश शर्मा, शिवकुमार, कवींद्र कश्यप सावेज, गयूर अली, बीरम सिंह, राकेश गुप्ता और सौरभ पंवार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग किया।

चिकित्सकों की टीम ने ब्लड प्रेशर, शुगर, दांत, आंख, हड्डी आदि की जांच की। कई मरीजों को निरूशुल्क आंख बनवाने का आश्वा.सन ग्राम प्रधान यश कुमार द्वारा दिया गया।शिविर में मुख्य रूप से डॉ। संजीव कुमार, डॉ। योगेश शर्मा, डॉ। प्रवीण चौधरी, डॉ। पंकज कुमार, डॉ। नीलम चौधरी, डॉ। वसीम अहमद समेत अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। ग्रामवासियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं और इससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

# युवाओं के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे रोजगार मेलें के सम्बन्ध में जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद शामली में इच्छुक बेरा.ेजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु जनपद शामली में चयनित माध्यमिक विद्यालयों में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। जिसमें दिनांक 10 नवंबर को चन्दन लाल नेशनल इण्टर कालेज, कांधला। दिनांक 11 नवंबर को इण्टर कालेज, एलम। दिनांक 12 नवंबर को मुरली मनोहर इण्टर कालेज, ईशोपुरटील। दिनांक 13 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज, झिंझाना। दिनांक 14 नवंबर को डीएवी इण्टर कालेज, ऊन। दिनांक 17 नवंबर को राजकीय इण्टर कालेज, केरटू। दिनांक 18 नवंबर को लाला लाजपत राय इण्टर कालेज, थानाभवन। दिनांक 19 नवंबर को लाला इन्द्र प्रकाश जनता इण्टर कालेज, बाबरी। दिनांक 20 नवंबर को पब्लिक इण्टर कालेज, कैराना। दिनांक 21 नवंबर को पंद्ध दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कालेज, तितरवाडा। दिनांक 25 नवंबर को जनता इण्टर कालेज, लिसाढ़ एवं 26 व 27 नवंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय किसान इण्टर कालेज, शामली में रोजगार मेलें आयोजित किए जाएंगे। सभी चयनित विद्यालयों में निर्धारित तिथियां को रोजगार मेलों का आयोजन प्रात: 10 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा। उपरोक्त रोजगार मेलों में राहुल दीक्षित, कमांडेन्ट, एस आई एस, दिल्ली द्वारा भर्ती की जाएगी। रोजगार मेलों में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग की वेबसाइट rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीयन कराना होगा। सिक्योरिटी गार्ड हेतु न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल, आयु 21 से 35 वर्ष, ऊंचाई 168 सेमी एवं 56 से 90 किलो भार के अभ्यर्थी पात्र हैं। अभ्यर्थी किसी भी चयनित विद्यालय में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# कार की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को घर से निकला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक विवाहिता ने अपने पति सहित ससुराल के आधा दर्जन लोगों पर अतिरिक्त दहेज की मांग करने व पूरी नहीं होने पर मारपीट करते हुए घर से निकलने का आरोप लगाया पुलिस ने अभियोग दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कस्बा निवासी महिला निकिता शर्मा पुत्री विपुल शर्मा ने बताया कि उसकी शादी विगत 30 नवंबर 2020 को हेमंत कुमार पुत्र विनोद शर्मा निवासी मोहल्ला सिमली शीतला माता मंदिर लक्सर थाना हरिद्वार के साथ हुई थी। पीड़िता विवाहिता का आरोप है कि पीड़िता का पति और ससुराल वाले दहेज में दिए गए सामान से खूश नहीं थे और पीड़िता को आए दिन भूख प्यासा रखते थे और उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते थे। पीड़ित महिला का आरोप है कि पति सहित देवर आर्यन ससुर विनोद सास इंदिरा देवी एवं प्रियंक कुमार और किरण भार्गव पीड़िता से दहेज में पांच लाख रूपए और एक कार की मांग करने लगे। आरोप है कि जब पीड़िता द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं की गई तो आरोपियों ने एक राय होकर पीड़िता को मारपीट करते हुए उसकी तीन वर्ष की बच्ची सहित मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले की जानकारी मायके पक्ष को दी। मायके वाले लेकर घर आ गए। आरोप है कि विगत 23 मार्च 2025 को पीड़िता अपने घर पर थी आरोप है कि तभी पीड़िता के पति सहित ससुराल वालों ने मारपीट कर दी। पीड़िता ने मामले की सूचना महिला थाना सहित उच्च अधिकारियों को दी। रविवार को पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।



### बकाया गन्ना भुगतान की मांग भी उठाई

**ऊन।** सुपीरियर फूड ग्रेंस प्राइवेट लिमिटेड के पेराई सत्र के शुभारंभ पर पहुंचे किसानों ने मिल के एमडी राणा इंद्र प्रताप के सामने गन्ना बकाया भुगतान करने की मांग रखी जिस पर एमडी ने शीघ्र ही गन्ना भुगतान करने का आश्वासन दिया।

**ऊन।** चीनी मिल के पेराई सत्र के शुभारंभ पर ब्लॉक प्रमुख रामपाल सिंह के साथ पूर्व प्रधान पुर माफी कवरपाल सिंह आर्य भी पहुंचे थे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई तुरंत ब्लॉक प्रमुख अपनी गाड़ी से उन्हे सीएचसी पर लेकर पहुंचे जहां पर उनका उपचार किया गया ब्लॉक प्रमुख रामपाल सिंह ने बताया कि उनकी हालत में सुधार है।

# सुपीरियर फूड ग्रेंस प्रा. लि. के पेराई सत्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** ऊन की सुपीरियर फूड ग्रेंस प्राइवेट लिमिटेड के पेराई सत्र का शुभारंभ विधि विधान एवं गुरु वाणी के पाठ से किया गया मिल के एमडी राणा इंद्र प्रताप सिंह, डायरेक्टर राणा प्रीत इन्द्र सिंह, राणा करण प्रताप सिंह ने कैन करियर में गन्ना डालकर पेराई सत्र शुरू कराया। सुपीरियर फूड ग्रेंस प्राइवेट लिमिटेड का रविवार को विधि विधान व गुरुवाणी के पाठ से पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया तीन दिनों से बाबा लखविंदर सिंह की टीम ने गुरु वाणी का पाठ किया उसके उपरांत कैन करियर पर पंडित विनोद शास्त्री, विद्याराम शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया गया इसके बाद मिल के एमडी राणा इंद्र प्रताप सिंह, डायरेक्टर राणा वीर प्रताप सिंह, राणा करण प्रताप सिंह, यूनिट हेड अवनीश चौधरी, वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना कुलदीप पिलानिया ने कैन करियर में गन्ना डालकर नारियल फोड़कर पेराई सत्र का शुभारंभ किया इस अवसर पर सबसे पहले बैलों की जोड़ी के साथ गन्ना लेकर पहुंचे किसान संजीव ऊन,ट्रॉली के किसान अजमेर हथछोआ तथा क्रय केंद्र से ट्रक लेकर पहुंचे ड्राइवर को कंबल, मिठाई, परना व गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मिल के इंजीनियरिंग हेड सरदार जगजीत सिंह, प्रोडक्शन हेड अजय शर्मा,अर्जुन शर्मा बायो फ्यूल हेड, सुखबीर सिंह,ब्लॉक प्रमुख रामपाल सिंह जिला गन्ना अधिकारी रंजीत कुशवाहा गन्ना समिति सचिव अजीत कुमार सिंह समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं किसान मौजूद रहे।

# शामली बिजलीघर पर धरने को सफल बनाने की जुगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 11 नवंबर को खेड़ी करमू शामली बिजलीघर पर होने वाले भारतीय किसान यूनियन टिकैत के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों ने गांव-गांव जाकर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। भाकियू प्रदेश संगठन मंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मास्टर जाहिद, प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप पंवार, जिला उपाध्यक्ष संजीव राठी, जाहिद राणा, राम शर्मा, असलम प्रधान, शादाब प्रधान, राजपाल कश्यप, सलीम डीलर समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव सोंटा रसूलपुर, रायपुर, उस्मानपुर और मादलपुर पहुंचे, जहां ग्रामीणों से मुलाकात कर आंदोलन के महत्व को बताया। पदाधिकारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर और क्षेत्र में लगातार बिजली संकट, बढ़े हुए बिलों और ट्रांसफार्मर की खराब व्यवस्था को लेकर किसानों में गहरा आक्रोश है। शासन-प्रशासन से बार-बार मांग के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा, जिस कारण किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। मास्टर जाहिद ने कहा कि जब तक क्षेत्र की बिजली समस्या का स्थाई समाधान नहीं होगा और स्मार्ट मीटर लगने बंद नहीं होगे तब तक धरना जारी रहेगा। भाकियू पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया तो यह आंदोलन प्रदेश स्तर तक फैलाया जाएगा। धरने को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है, और उम्मीद जताई जा रही है कि 11 नवंबर को खेड़ी करमू पर भारी जनसमूह एकत्र होकर किसानों की आवाज बुलंद करेगा। गांव सोंटा रसूलपुर के निवासी राम शर्मा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।



# झिंझाना: घटिया निर्माण से बर्बादी की कगार पर नया यात्री प्रतीक्षालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** जनता के लाखों रूपए की लागत से उन रोड पर बना झिंझाना का नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। निर्माण में बेहद घटिया सामग्री के इस्तेमाल के चलते अभी तक इसका औपचारिक उद्घाटन भी नहीं हो पाया है, और यह शीघ्र ही खंडहर बनने की कगार पर है।

### क्या है मामला?

मामला झिंझाना में बने एक नए यात्री प्रतीक्षालय का है, जिसके निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों और सूत्रों का दावा है कि यात्री प्रतीक्षालय में ऐसी पीली ईंटों का इस्तेमाल किया गया है, जो अत्यंत निम्न स्तर की और जल्दी खराब होने वाली मानी जाती हैं। ऐसी ईंटें बारिश और मौसम की मार बर्दाश्त नहीं कर पातीं और जल्द ही इनमें दरारें पड़ने लगती हैं।

### शिकायत की गई, लेकिन हुई फर्जी निस्तारण

इस मामले की गंभीरता इस बात से और बढ़ जाती है कि निर्माण में हो रही इन अनियमितताओं की जानकारी करीब 3-4 महीने पहले ही अधिकारियों को दी जा चुकी थी।



शिकायतकर्ता संजीव कुमार निवासी शामली शामला ने IGRS (इंटीग्रेटेड ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम) पोर्टल के जरिए आधिका.रित शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, आरोप है कि संबंधित अधिकारियों ने कोई ठोस कार्रवाई किए बिना ही शिकायत का श्फर्जी निस्तारणश कर दिया। यानी, बिना ठीक से जांच किए, मामले को बंद कर दिया गया। नाराज शिकायतकर्ता ने दोबारा अधिकारियों से शिकायत की, जिसके बाद ही मामले में दोबारा जांच शुरू हुई है।

### उद्घाटन अधर में, भविष्य अंधकारमय

स्थानीय निवासियों का कहना है कि निर्माण की खामियों के चलते ही प्रतीक्षालय का उद्घाटन अटका हुआ है।

हालांकि, उनका आरोप है कि जिन अधिकारियों ने इस घटिया निर्माण पर मुहर लगाई, वह ही औपचारिक रूप से इसके गेट खोलने से डर रहे है। लोगों को डर है कि अगले एक-दो मानसून के बाद ही इस इमारत की हालत बेहद खराब हो जाएगी।

### जनता में रोष, मांगें गंभीर

इस पूरे प्रकरण ने स्थानीय जनता में गुस्सा और निराशा फैलाई है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जनता के पैसे से बनने वाली योजनाओं के साथ इस तरह की लापरवाही और भ्रष्टाचार क्यों किया जा रहा है। उनका मानना है कि IGRS जैसी शिकायत निवारण प्रणाली पर जनता का भरोसा इस तरह की घटनाओं से टूटता है।

अब जनता और सामाजिक कार्यकर्ता इस मामले की उच्च-स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि घटिया निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, प्रतीक्षालय का दोबारा सही तरीके और बेहतर गुणवत्ता से निर्माण कराने की मांग भी तेज हो रही है।

### प्रशासन का पक्ष

इस संबंध में झिंझाना के अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप से बात की गई। उन्होंने बताया कि यात्री प्रतीक्षालय अभी तक प्रशासन को हैंडओवर नहीं हुआ है। हालांकि, उन्होंने इस निर्माण की लागत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

# खनन के लिए यूपी सीमा में घुसे हरियाणा के लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** खनन की खनखन हरियाणा से यूपी तक सुनी जा सकती है। यूपी सीमा में घुसकर खनन करता का ग्रामीणों ने विरोध किया। विरोध करने वालों पर पुलिस कारवाही के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे है।

हरियाणा के खननकर्ताओं द्वारा यूपी की सीमा स्थित यमुना में किया जा रहा है अवैध खनन, यूपी के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर खननकर्ताओं से कहा तो वे अपनी जेसीबी आदि मशीने वहां से ले गए। ग्रामीणों के लौटते ही फिर खननकर्ताओं ने यूपी की सीमा में अवैध रूप से खनन चालू कर दिया। यूपी के ग्रामीणों ने फिर खननकर्ताओं से बात की तो उन्होंने यूपी वालों के खिलाफ कुंजपुरा, हरियाणा थाने मे शिकायत कर दी। जानकारी के अनुसार कुंजपुरा पुलिस ने यूपी वाले कई ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनमे से एक को पकड़ कर थाने ले गई। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि यूपी प्रशासन इस और ध्यान नही दे रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से यूपी की सीमा में हो रहे अवैध खनन को तुरंत बंद कराने की मांग की है। उधर खबर मिलते ही खनन अधिकारी और एसडीएम ने भी अपनी टीम के साथ यमुना घाट पर पहुंच कर खनन स्थल का निरीक्षण किया। वहीं अधिकारियों ने रेत से भरे दो डंफरों को पकड़ कर चौकी पर खड़ा करा दिया है। एसडीएम सुरेंद्र कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## तुगलकी फरमान वापस लेने की मांग

**गंगोह।** ईंट भट्टों पर जीएसटी सर्वे का विरोध करते हुए भट्टा संच. ालकों ने प्रतिमाह सर्वे के तुगलकी फरमान को वापस लेने की मांग की ।

प्रदेश सरकार के ने ईट भट्टों के प्रतिमाह सर्वे के नये आदेश को जीएसटी काउंसलिंग के विरुद्ध बताया है। राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह व कपिल देव अग्रवाल ने ईट भट्ठा एसोसिएशन मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर व मेरठ के पदाधिकारी को इसबारे में मुख्यमंत्री से शीघ्र वार्ता कराने का भरोसा दिलाया है। इसके बावजूद असिस्टेंट कमिश्नर अनिल दिनकर ने तहसील नकुड के भट्टो का सर्वे शुरू कर दिया है। एसोसिएशन ने नाराजगी जता उत्पीड़न बर्दाश्त न करने की बात कही है। जीएसटी कमिश्नर आरके कौशल से वार्ता कर नियमानुसार टैक्स जमा करने वालों का उत्पीड़न न होने का भरोसा दिलाया। बोबी चौधरी, कालू प्रधान, अश्वनी सैनी, डॉ. मिलिद, चौधरी मोकम सिंह आदि रहे।

# तीन दिवसीय गाइड कैम्प का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** दलीप सिंह राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित त्रिदिवसीय गाइड कैंप का समापन पूर्व प्रबंधक योगेंद्र गर्ग, गाइड प्रशिक्षक उषा तोमर तथा गाइड कैप्टन दीपमाला ने छात्राओं का उत्साहवर्धन कर किया।

कैंप में विभिन्न राज्यों के नाम पर टोलियों ने टेंट निर्माण, रंगोली सजावट और अन्य रचनात्मक गति. विधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। योगेंद्र गर्ग ने छात्राओं के अनुशासन, टीम भावना और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कैंप विद्यार्थियों में नेतृत्व, सहयोग और आत्मनिर्भरता के गुणों का विकास करते हैं। टेंट निर्माण में टोली हरियाणा, उत्तर प्रदेश ,व महाराष्ट्र और रंगोली में टोली नंबर 4 नृत्य प्रस्तुति में टोली नंबर 3 , टोली नंबर चार और नंबर दो को पुरस्क्त किया गया । संचालन नमिता ने किया। इस मौके पर पल्लवी, नीरज, किरन, रेखा, फारिया, सुनीता, सोनिया, शिवांशी, श्वेता, नंदिनी, विमला, महक आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता हत्या मामले में पुलिस खाली हाथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** गांव टिडोली में भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष धर्मसिंह की गोली मारकर की गई हत्या के मामले में पुलिस अभी तक किसी ठोस सुराग पर नहीं पहुंच सकी है।

शुक्रवार की मध्य रात्रि अपने घेर में सोते समय धर्मसिंह को निशाना बनाया गया था। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार की देर शाम को गांव पहुंचा शव देर रात ही परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया। हाई प्रोफाइल हत्या के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया था। घटना के बाद एसएसपी से लेकर डीआईजी से तक मौके पर पहुंचे थे। जहां पर उन्होंने घटना से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की थी। पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने शनिवार को ही इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिये अलग से टीम गठित करने की घोषणा की थी, लेकिन घटना को 36 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। अभी तक न तो हत्या की वजह साफ हो सकी है और न ही किसी संदिग्ध की गिरफ्तारी हो पाई है। हालांकि अपुष्ट सूत्रों का दावा है कि पुलिस आने वाले एक दो दिन में मामले का पर्दाफाश कर सकती है। वहीं स्थानीय लोगों में इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिए जाने को लेकर दहशत बनी हुई है।

## महिला घायल

**नकुड़।** थाना क्षेत्र के गांव फेरूमाजरा निवासी विक्रम की माँ उस समय गंभीर रूप से घायल हो गई जब वह अपने बेटे के साथ बाइक पर बैठकर नकुड की ओर आ रही थी।

जानकारी के अनुसार वृद्ध संतोष देवी को उनका बेटा विक्रम बाइक पर बैठाकर नकुड आ रहा था। अचानक रास्ते में सामने से आ रहे ट्रैक्टर से बचते समय उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को घायल अवस्था मे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकुड लेकर पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक चिकित्सा देने बाद गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लगभग दो घंटे तक प्रयास करने के बावजूद भी सरकारी एंबुलेंस नहीं मिली जिससे बेटे और मां दोनों को काफी संघर्ष करना पड़ा।

# शिविर में कैडेट्स को बताए गए ट्रैफिक के नियम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** हिंदू राष्ट्रीय इंटर कालेज में 86 यू पी बटालियन एनसीसी के 10 दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन कैडेट्स को ट्रैफिक नियमों की जानकारी, स्वच्छता के विषय में जागरूक व भारतीय सेवा द्वारा प्रयुक्त की जाने वाली प्रमुख राइफल की कार्यप्रणाली और उसे खोलने जोड़ने का अभ्यास भी कराया गया।

रविवार को शिविर के चौथे दिन ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर धीरज शर्मा तथा शुभम राठी ने कैडेट्स को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए उनसे बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वहां न चलने दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने आदि के विषय में बताते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए जाने वाले विभिन्न चालान के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आए डॉ अक्षय कुमार व स्टाफ नर्स प्रियंका राणा ने कैडेट्स को स्वच्छता व स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान दिया। हवलदार जगसीर सिंह ने कैडेट्स को भारतीय सेना द्वारा प्रयुक्त होने वाली रायफल को खोलने जोड़ने का अभ्यास कराया। कैप्टन गौरव मिश्रा, कैप्टन अखिलेश श्रीवास्तव, लेफ्टिनेंट आकाश जैन ने कैडेट्स को पब्लिक स्पीकिंग की बारीकियों से परिचित कराया। इस अवसर पर सूब. ेदार मेजर नीरज चौहान, सूबेदार संजय भट्ट, गुरनाम सिंह, राजेंद्र सिंह, अनिल जोशी, जैनेश कुमार, अरुण शर्मा, सुहेल अहमद, नवीन गुप्ता, प्रविन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी पर 12 को लगेगा महिला नसबंदी शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजीत राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 12 नवम्बर को सीएचसी पर विशाल महिला नसबंदी शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें महिला नसबंदी लाभार्थी को दो हजार रुपये प्रदान किए जाएँगे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजीत सिंह राठी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 12 नवम्बर बुधवार को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क विशाल महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नसबंदी कराने वाली महिला लाभार्थी को दो हजार रुपये प्रदान किए जाएँगे। साथ ही नसबंदी के लिए प्रेरित कर शिविर में लाने वाले प्रेरक को भी तीन सौ रुपये प्रदान किए जाएँगे। डॉ अजीत राठी ने कहा कि नसबंदी कराने से किसी को भी किसी तरह का नुकसान नहीं होता है। स्वास्थ्य पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डॉ अजीत राठी ने सामाजिक संस्थाओं से आहवान करते हुए कहा कि शिविर को सफल बनाने में सहयोग करें।

# 43 दिन बाद भी किसान धरना देने को मजबूर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम टोडरपुर स्थित शाकुंभरी शुगर मिल पर धरना दे रहे किसानों की मांग पूरी न होने के चलते किसानों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। धरने पर बैठे किसान अब बारह नवम्बर को किसानों की निर्णायक पंचायत आयोजित कर आगे की रणनीति तय करेंगे।

ज्ञात हो कि किसानों के बकाया भुगतान एवं पेराई सत्र शुरू न होने को लेकर किसानों द्वारा टोडरपुर मिल पर दिये जा रहे अनिश्चितकालीन धरने को आज 43 दिन बीत चुके हैं। धरना दे रहे किसानों का कहना है कि मिल मालिकों द्वारा उनसे अब तक किए गए सभी वायदे खोखले और फीके साबित हुए हैं।

मिल प्रबंधन द्वारा 31 अक्टूबर तथा 1 नवम्बर तक भुगतान के आश्वासन केवल कागजी ही साबित हुए हैं, जमीन पर अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं दिखी है।

बताते चलें कि सम्पूर्ण जिले की अन्य मिलों में जहां पेराई लगभग प्रारंभ हो चुकी है वहीं शाकुंभरी शुगर मिल टोडरपुर अब भी बंद ही पड़ी हुई है। इसको लेकर भी किसानों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। वहीं किसान अपनी अगली गेहूं की फसल बुवाई के लिए भी चिंतित हैं।

गुस्साए किसानों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि 12 नवम्बर 2025 को एक बड़ी किसान पंचायत आयोजित की जाएगी। जिसमें वह आगे की रणनीति तय करेंगे तथा आंदोलन को निर्णायक रूप देने की घोषणा की जाएगी। किसान नेताओं ने कहा है कि अब किसानों का सब्र जवाब दे चुका है। यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो संघर्ष और तीव्र होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी मिल प्रशासन व शासन प्रशासन की होगी।

# कथा व्यास ने सुनाया भगवान श्रीराम के विवाह वृतांत

**चिलकाना।** सुलतानपुर नगर में श्री रामकृष्ण सेवा समिति के तत्वाधान में चल रही श्रीराम कथा में कथा व्यास पंडित जी ने भगवान श्री राम के विवाह का वृतांत, अहिल्या उद्धार तथा नरसी भात का वृत्तांत सुनाकर सबको भाव विभोर किया।

सुल्तानपुर नगर स्थित जैन धर्मशाला में चल रही श्री राम कथा में पंडित विपिन आनंद महाराज ने बताया कि ऋषि विश्वामित्र के सुझाव पर भगवान राम और लक्ष्मण स्वयंवर में पहुंचे तथा राजा जनक की प्रतिज्ञा को पूर्ण करते हुए उन्होंने शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ा दिया और माता सीता का पाणिग्रहण किया। राजा दशरथ अपने चारों पुत्रों व पुत्र वधुओं को एक साथ देखकर आनंदित हुए चारों ओर आनंद ही आनंद का माहौल था। यह विवाह सभी देवी देवताओं और तीनों लोकों के लिए मंगलकारी सिद्ध हुआ।

उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म में राम सीता के विवाह को हर साल मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी पर विवाह पंचमी के रूप में भी मनाया जाता है। कथा में मुख्य यजमान नलनीश कुमार, मोनिका देवी, गौरक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरीश चौयरमेन, गौसेवा दल के जिला अध्यक्ष आयुष महाराज, कृष्णा सैनी, प्रियांशु रोहिला रहे। इस अवसर पर अनुपम जैन, राकेश ऐरन, अमित उपाध्याय, यशपाल रोहिला, रमेश कश्यप, शिवराज मुंशी आदि उपस्थित रहे।

# दो चोरी के मामलों का खुलासा

## एक आरोपी गिरफ्तार, 77 हजार की नकदी बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 77,000 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 26 अगस्त को ग्राम पाडली मांडू निवासी इसरार अहमद ने थाना धामपुर पर तहरीर दी थी कि किसी अज्ञात चोर ने उसके नलकूप से लोहे का पाइप, केबल, बिजली का मीटर और अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसी तरह 8 नवम्बर को हिमांशु कुमार निवासी मुस्तफाबाद ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति ने गायत्री बैंकट हॉल में घुसकर 80,500 रुपये चोरी कर लिए। दोनों प्रकरणों की विवेचना के दौरान पुलिस ने जिशान उर्फ जानी पुत्र शमीम निवासी तिबडी थाना धामपुर को चोरी के सामान को बेचकर अर्जित रकम व चोरी के रुपये सहित गिरफ्तार किया। बरामदगी में पुलिस को 75,100 रुपये (गायत्री बैंकट हॉल चोरी से संबंधित) व 1,900 रुपये (नलकूप चोरी से संबंधित) प्राप्त हुए। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनि. रीक्षक विजेंद्र कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार व विनोद कुमार शामिल रहे।

## शिव मंदिर में भागवत कथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** प्राचीन शिव मंदिर में महिला कीर्तन मंडली व ग्रामीणों के माध्यम से कराई जा रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कथा के पूर्व सुबह के समय भगवान को स्नान वस्त्र आदि के बाद पूजा अर्चना की गई । वहीं शाम को कथा के दौरान स्वामी नरेन्द्रा नंद स्वामी के माध्यम से श्रद्धालुओं को भागवत कथा महात्म्य व मानव रुप में उसके द्वारा किये गए भले बुरे कर्मो के फल व कथा के माध्यम से गोकर्ण निधि आदि की कथाओं का वर्णन किया गया। कथा व्यास ने कहा कि मानव कितना भी चालाकी व छुप कर कर्म करे, तो भी उसे उसका फल मिलता है । इसलिए उसे सदा शुभ कर्म व ईश्वर में ध्यान लगाना चाहिये।

# देहरादून की युवती को लाने के मामले में खेड़ा अफगान में तनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** खेड़ा सिरसिला क्षेत्र में देहरादून की एक युवती से जुड़े संदिग्ध मामले ने पुलिस को दिनभर परेशान रखे रखा। इसी क्रम में शनिवार को खेड़ा अफगान गांव में भी देहरादून की ही एक अन्य युवती को दूसरे समुदाय का युवक लाने की सूचना पर तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही युवती के परिजन तथा कुछ हिंदू संगठन के लोग गांव में इकट्ठा हो गए।

परिजनों का आरोप है कि जब वे युवक के घर पहुंचे तो उससे पहले ही युवक के परिवार वाले युवती को लेकर मौके से गायब हो गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला क्षेत्राधिकार के अनुसार देहरादून पुलिस का है और वहां की पुलिस को सूचना दे दी गई है। देहरादून पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद ही आवश्यक विधिक कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी। फिलहाल युवती और युवक दोनों की लोकेशन एवं स्पष्ट जानकारी पुलिस के पास उपलब्ध नहीं है।

शनिवार को देर शाम तक हुए इन दोनों मामलों ने दिन भर पुलिस को सक्रिय रखा। जबकि पूरे क्षेत्र में संवेदनशील स्थिति बनी रही।

### मृत गौवंश के फेंके अवशेष

**सहारनपुर।** तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम गडौला, विकास खण्ड बलियाखेड़ी में मृतक गौवंश को खुले में फेंके जाने की सूचना पर प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार राजस्व एवं विकास विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे प्रकरण का निरीक्षण किया।

**सूचना**

मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की परीक्षा हाईस्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 210562528 तथा परीक्षा इन्टरमीडिएट वर्ष 2023 अनुक्रमांक 2235490912 की मार्कशीट वास्तव में खो गयी है।

**शिवम शर्मा पुत्र अरूण शर्मा निवासी गांव अम्बेहटी, तहसील नकुड, जिला सहारनपुर।**

# आम के बाग में युवक की हत्या



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बुढेरन में आज सुबह आम के बाग में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सलमान (23 वर्ष) पुत्र नफीस निवासी ग्राम बुढेरन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार युवक की अज्ञात लोगों द्वारा हत्या की गई है। वहीं लोगों में यह चर्चा बनी हुई है कि सलमान के माथे पर गोली मारी गई थी।

घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। कुछ ही देर बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे तथा एसपी पूर्वी ए.के. श्रीवास्तव भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और परिजनों से पूछताछ की। परिजनों के अनुसार सलमान बीती रात करीब आठ बजे घर से निकला था और देर रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने रात भर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आज सुबह ग्रामीणों ने आम के बाग में शव पड़ा देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि सलमान की पांच माह पूर्व थाना नौगांवा जिला अमरोहा की रहने वाली एक युवती से शादी हुई थी। वह तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। प्रारंभिक जांच में पुलिस हत्या के पीछे किसी रंजिश की संभावना से इंकार नहीं कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का समापन




**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट और राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज (आरईसी), बिजनौर ने लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया के सहयोग से आयोजित 'इंटरनेशनल समिट ऑन एम्पावरिंग डेवलपमेंट थ्रू इंजीनियरिंग, साइंस एंड मैनेजमेंट टुवर्ड्स सस्टेनेबल फ्यूचर (IS-EDESM 2025)' का सफलतापूर्वक समापन किया। दो दिवसीय इस अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एल.एम. सिंह (डीजीएम, बीएसएनएल) और विशिष्ट अतिथि राजीव कुमार रवि (एजीएम, बीएसएनएल बिजनौर), प्रो. जेपी पांडे, प्रो. (डॉ.) नीलेन्द्र बादल (निदेशक, आरईसी बिजनौर), एन.के. सिंह (आरईसी बिजनौर), प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल (समिट चेयर एवं निदेशक, केएसवीसीईएम) एवं अन्य आतिथिगणों ने माँ सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया।

# मतदाताओं की शंकाओं को किया दूर




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित प्रपत्र प्राप्त होने और उसे भरने को लेकर मतदाताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उनकी शंकाओं को दूर करने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

मोहल्ला अबुलमाली में आयोजित शिविर में पालिका सभासद आरिफ सिद्दीकी ने विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मतदाताओं की समस्याओं और शंकाओं का समाधान किया। शिविर में पहुंचे मतदाताओं को उन्होंने गणना प्रपत्र के बारे में जानकारी दी और इसे कैसे भरा जाए इसके बारे में विस्तार से समझाया। इसके साथ ही आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि नवंबर माह के अंत तक प्रत्येक रविवार को शिविर का आयोजन किया जाएगा, ताकि मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरने में कोई गलती न हो। उन्होंने सभी वार्डों के सभासदों और समाजसेवियों से लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इस दौरान मंसूर, अजीम, असजद अली, खुर्शीद सिद्दीकी आदि नगरवासी शामिल रहे।

# कोतवाल ने सुनी जनता की समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस से सम्बंधित जनता की समस्याएं सुनकर उनका समाधान कराये जाने के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने अपने कार्यालय पर जनता की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करने के साथ ही अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कोतवाली में बार-बार चक्कर न लगाने पड़े। तथा क्षेत्रवासियों को न्याय मिलने में कोई बाधा न आए।

# वंदे मातरम पर पीएम का बयान भ्रामक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वंदे मातरम एक ऐसी रचना है जिसमें विशेष रूप से इसके शेष चार पदों में मातृभूमि को देवी दुर्गा के रूप में प्रस्तुत कर उसकी पूजा के शब्दों का प्रयोग किया गया है। क्योंकि मुसलमान एक ईश्वर को मानते हैं और केवल उसी की पूजा करते हैं। इसलिए किसी भी मुसलमान के लिए ऐसे गीत का गायन उसके धार्मिक विश्वास के प्रतिकूल है।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना महमूद मदनी ने उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न राज्यों के ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों द्वारा सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों में छात्रों एवं अभिभावकों को 'वंदे मातरम' गाने और उसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भेजने के निर्देशों को भारत के संविधान में प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

**देश का संविधान प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25) और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 19) प्रदान करता है। इन संवैधानिक अधिकारों के तहत किसी भी व्यक्ति को उसकी आस्था या अंतरात्मा के विरुद्ध कोई नारा, गीत या विचार स्वीकार करने या गाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी स्पष्ट निर्णय दिया है कि किसी नागरिक को राष्ट्रगान या किसी भी गीत को गाने के लिए विवश नहीं किया जा सकता है**



उन्होनें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान की आलोचना करते हुए कहा कि पीएम ने वंदे मातरम के कुछ अंश हटाए जाने को विभाजन से जोड़ने की कोशिश बताया था। यह पूरी तरह भ्रामक और ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत है। उन्होनें कहा कि वंदे मातरम एक ऐसी रचना है जो पूरी तरह शिर्कीया अकायद (अल्लाह के साथ किसी ओर को शरीक करना) पर आधारित है, जिसमें विशेष रूप से इसके शेष चार पदों में मातृभूमि को देवी दुर्गा के रूप में प्रस्तुत कर उसकी पूजा के शब्दों का प्रयोग किया गया है। कहा कि मुसलमान एक ईश्वर को मानते हैं केवल उसी की पूजा करते हैं। इसलिए किसी भी मुसलमान के लिए ऐसे गीत का गायन उसके धार्मिक विश्वास के प्रतिकूल है।

# गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा के तत्वावधान में शहीदी पर्व पर 16 को निकलेगी नगर कीर्तन यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** साहिब श्री गुरू तेग बहादुर जी समेत भाई मति दास जी, भाई सती दास जी व भाई दयाला जी के 350 वें शहीदी पर्व पर गुरुद्वारा श्री हरगोबिंद साहिब पनियाली व गुरुद्वारा श्री गुरू नानक सभा देवबंद के संयोजन में 16 नवम्बर को महान नगर कीर्तन (जाग्रति यात्रा) निकाली जाएगी।

गुरुद्वारा साहिब पनियाली की सेवा संभाल रहे बाबा रणजीत सिंह व गुरुद्वारा कमेटी देवबंद के सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने बताया कि नगर कीर्तन प्रातः काल गुरुद्वारा साहिब पनियाली से प्रारंभ होकर, देवबंद, बडगांव, रामपुर मनिहारान, नानौता, महंगी, गंगोह, नकुड़, सरसावा, सहारनपुर, गागालहेड़ी, कोटा, नागल होते हुए वापिस पनियाली पहुंचकर सम्पन्न होगा। यात्रा में गुरूओं की ऐतिहासिक निशानियां व सोनीपत से पहुंच रही पालकी साहिब आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस मौके पर सेठ कुलदीप कुमार, रविंद्र सिंह, हरजीत सिंह, बाबा कपिल सिंह, सतीश गिरधर, श्याम लाल भारती, वीरेंद्र सिंह उप्पल, जरनैल सिंह, महा सिंह, विपिन, सोमबीर सिंह, शुभम सिंह, हर्ष भारती, राजपाल सिंह, राजेश अनेजा, मोहित मल्होत्रा, हर्षप्रीत सिंह आदि शामिल रहे।



# राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान संगठन एकता के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नौशाद चौहान का नजीबाबाद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। वह संगठन के पदाधिकारी वसीम मकरानी (साहनपुर) की बहन की शादी में शामिल होने आए थे। उनका मंडल प्रभारी मुरादाबाद फुरकान खां के आजाद नगर स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जाहिद मकरानी, अफसर कुरैशी, समीर, सरफराज मंसूरी, इकराम अंसारी, ताहिर मकरानी, हाफिज खलील, मरगूब, सरफराज, नवाजिश, तौसीफ, अमीर हसन आदि मौजूद रहे।

# उर्दू दिवस के रूप में मनाई अल्लामा इकबाल की जयंती

**देवबन्द।** पब्लिक गर्ल्स इण्टर कॉलेज में विश्व प्रसिद्ध शायर अल्लामा इकबाल की जयंती उर्दू दिवस के रूप में मनाई गई। छात्राओं ने अल्लामा इकबाल के जीवन कार्यों एवं साहित्यिक सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए उर्दू भाषा की महत्ता और इसके प्रचार प्रसार पर बल दिया।

पब्लिक गर्ल्स इण्टर कॉलेज प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं रजिया, हाजरा, बुशरा और अशरा ने नज्म और सालेहा, बुशरा व आफिया ने नात ए पाक पेश की। कक्षा नौ की छात्रा हमीदा ने उर्दू दिवस और अल्लामा इकबाल की सेवाओं पर भाषण दिया। नशरा, सानिया, बुशरा और आफिया ने सुंदर कलाम पेश किए। प्रधानाचार्या सबा हसीब सिद्दीकी ने कहा कि उर्दू हमारी तहजीब और संस्कृति की पहचान है। हमें इसके संरक्षण और प्रसार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। हर वर्ष नौ नवंबर को अल्लामा इकबाल की जयंती के मौके पर उर्दू दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि हम उर्दू भाषा की तरक्की और हिफाजत के लिए अपने इरादे मजबूत करें। नई पीढ़ी को उर्दू लिपि को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन जैबा और रुबीना ने किया। फहमीना, शहाना, शबाना जकी, शाकिरा, रूबी, अरशी आदि छात्राओं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।



# सूर्य प्रताप ने तलवारबाजी में जीता सिल्वर

## ग्रामीणों ने फूलमालाओं से किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के गांव फलोदी के छात्र सूर्य प्रताप ने इंफाल मणिपुर में 3 नवंबर से 8 नवंबर तक आयोजित तलवारबाजी में सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया।

ग्राम फलोदी निवासी नवनीत कुमार के 13 वर्षीय कक्षा 7 में पढ़ने वाले पुत्र सूर्य प्रताप ने तलवारबाजी में सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता है। नवनीत कुमार ने बताया कि सूर्य प्रताप हरियाणा के हिसार जिले में एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल में कक्षा 7 में पढ़ता है। पढ़ाई के साथ-साथ वह तलवारबाजी में भी प्रशिक्षण ले रहा है। इंफाल मणिपुर में 3 नवंबर से 8 नवंबर तक आयोजित तलवारबाजी की सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उसने भाग लिया था। 5 नवंबर को उसने तलवारबाजी में सिल्वर मेडल जीता है। छात्र के सिल्वर मेडल जीतने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके घर पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं से लादकर उनका स्वागत किया। छात्र सूर्य प्रताप ने बताया कि उसने तलवारबाजी में सिल्वर मेडल जीता है। पूर्व में भी उसने स्टेट लेवल पर भी प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। मार्च से खेलो इंडिया में भाग लेकर अपना प्रदर्शन करेगा। सूर्य प्रताप की उपलब्धि ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भाकियू ने उसको सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया है। उसके कोच संदीप सिहाग ने भी खुशी का इजहार किया है।

# आरएसएम पीजी कॉलेज में चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

## रुटा बैठक में शिक्षकों की एकजुटता पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम पीजी कॉलेज धामपुर में रविवार को रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रुटा) की अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक की मेजबानी कॉलेज की शिक्षक संघ इकाई ने की।

बैठक में गुरु जंभेश्वर विश्व. विद्यालय, मुरादाबाद की आगामी कार्यकारिणी के गठन को लेकर बिंद. ुवार चर्चा की गई। बैठक में बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर सहित कई जिलों से आए 60 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। रुटा महामंत्री प्रो. स्वदेश सिंह ने कहा कि संघ शिक्षकों की आवाज है और चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान तिथि ऐसी तय की जाए, जिससे सभी शिक्षक मतदान में शामिल हो सकें। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय अब शिक्षकों को विदेश सेमिनार में भाग लेने हेतु 25,000 रुपए की आर्थिक सहायता देगा। प्रो. ए.पी. सिंह ने चुनाव स्थल के रूप में हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद का प्रस्ताव रखा, जबकि प्रो. विनोद पाण्डेय ने कहा कि प्राचार्यों द्वारा उत्पन्न समस्याओं से निपटने के लिए एक मजबूत संगठन जरूरी है। रुटा अध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार ने कहा कि शिक्षक संघ की एकता ही उसकी असली ताकत है।

प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने अपने संबोधन में कहा मैं पहले शिक्षक हूँ, फिर प्राचार्य शिक्षक का धर्म सबसे बड़ा होता है। बैठक का संचालन प्रो. अमित कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम में प्रो. पूनम घई, डा. विवेक यादव, डा. हिमांशु त्रिपाठी, डा. कौशिक प्रसाद समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। बैठक के सफल आयोजन से शिक्षकों में नई ऊर्जा और एकजुटता का माहौल बना।

# भाकियू कार्यकर्ताओं का भ्रमण

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ब्लॉक जलीलपुर कार्यकर्ताओं ने संगठन के विस्तारीकरण को लेकर ग्रामीण भ्रमण किया। इस दौरान यूनियन कार्यकर्ताओं ने गांव शेखपुरी चौहड़ से लेकर ग्राम बागड़पुर, बास्टा, शेखपुरी मीना आदि का भ्रमण कर ग्रामीणों को यूनियन से जुड़ने का आह्वान किया तथा संगठन के विस्तारीकरण को लेकर आपसी चर्चा की। तहसील अध्यक्ष चौधरी हरिराज सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण भ्रमण के दौरान गांव की जनता व किसानों से भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़ने की अपील की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद याकूब, तहसील महासचिव चौधरी रोहताश सिंह, ग्राम अध्यक्ष चौधरी सतपाल सिंह, अर्श मलिक व मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ आदि शामिल रहे।

# केएस चिल्ड्रंस में खो-खो प्रतियोगिता

**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस अकादमी में एक दिवसीय इंटर हाउस खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जल सदन विजेता रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने फीता काट कर किया। फाइनल मुकाबला पृथ्वी सदन और जल सदन के मध्य खेला गया, जिसमें जल सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 33-23 से मुकाबला जीत लिया। प्रतियोगिता में जल सदन प्रथम व पृथ्वी सदन द्वितीय स्थान पर रहा। जल सदन से अनिष्का, मोनिका, प्रियांशी, मनतशा, शहरीन, अंशिका, फरहीन, शिफा, कशफ, मनीषा, खुशबू, अवनी, मदीहा शामिल रहे। प्रतियोगिता का आयोजन खेल शिक्षिका खुशबू सोढ़ी व कोमल चौधरी ने किया। प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# जयंत चौधरी से मिले हनी तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** राष्ट्रीय लोकदल युवा नेता हनी तोमर ने रालोद मुखिया सांसद केन्द्रीय मंत्री चौधरी जयंत से दिल्ली में मुलाकात कर जिले की राजनीति के बारे मे विस्तार से अवगत कराया तथा आने वाले जिला पंचायत चुनावों को लेकर चर्चा भी की। इस दौरान उन्होंने किसान ट्रस्ट की ट्रस्टी चारू चौधरी से भी मुलाकात की। गौरतलब है कि हनी तोमर पार्टी मुखिया चौधरी जयंत के करीबी माने जाते है और पिछले जिला पंचायत चुनावों में इन्ही के कहने पर चौधरी लुधियान सिंह के परिवार के सदस्य के लिये जिला पंचायत सीट पर अपनी दावेदारी छोड़ उन्हें जिताने का काम किया था। इस बार जिला पंचायत चुनावों की तैयारी करने वाले स्वयं हनी तोमर ने कहा है कि वे इस बार जिला पंचायत का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रह है और चुनाव जीतने के लिये ही लड़े जाने की बात कही है।

# बजरंगबली बाबा का गुणगान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला इंदिरा नगर स्थित ओम प्रकाश यादव के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन तेरे जैसा राम भक्त हुआ ना होगा मतवाला, एक जरा सी बात पर सीना फाड़ दिखा डाला यह भजन सबको खूब पसंद आया, सब ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को संस्था द्वारा राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में ओम प्रकाश यादव, राधा यादव, आयुष यादव, अश्मित यादव, पूजा यादव, अनिल देवड़ा, विनोद कुमार, अतुल कुमार, अरविंद कुमार आदि शामिल रहे। श्रीमद हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से महंत राहुल अग्रवाल, आचार्य दिनेश चंद्र भारद्वाज, मनोज रस्तोगी, रामप्रकाश वर्मा, विजय शर्मा, प्रीतम सैनी, संजीव शर्मा, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# डा. विवेक ने कराया सुंदरकांड पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** नगर के मौहल्ला वीरथला निवासी नगर के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक स्व. डॉ. अजय रस्तोगी के पुत्र डा. विवेक रस्तोगी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रुचि रस्तोगी ने सपरिवार अपने नवनिर्मित भवन में गृह प्रवेश के अवसर पर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। आयोजन का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

तत्पश्चात राम भक्त हनुमान जी की महिमा का गुणगान करते हुए सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ। गायकों ने ढोलक, मंजीरे और अन्य वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनियों के साथ जब भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुंदरकांड पाठ के समापन पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और भगवान श्रीराम व हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं भंडारे का वितरण किया गया। डा. विवेक रस्तौगी के पुत्र वैष्णव रस्तौगी व नगर से मुकेश रस्तोगी, योगेन्द्र रस्तोगी, अमित कुमार, अमिष रस्तोगी (बोनी भैया), श्रेष्ठ रस्तौगी, मनी रस्तौगी, प्रदीप, विनय रस्तोगी, डोली, शीतल सोनी, रीता रस्तौगी सहित अन्य परिजन व मित्रगण शामिल रहे।

# रिटायर्ड फौजी ने एशियन मास्टर चैंपियनशिप में किया नाम रोशन




## 110 मीटर बाधा दौड़ प्रतियोगिता में मिला द्वितीय स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** रिटायर्ड फौजी ने एशियन मास्टर चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया।

चेन्नई में 5 नवंबर से 9 नवंबर तक 23 वीं एशियन मास्टर चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का 25 देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें गांव चमरौला जिला बिजनौर निवासी रिटायर्ड फौजी तरुण कुमार पुत्र स्वर्गीय चौधरी विजय सिंह ने बाधा दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। 110 मीटर बाधा दौड़ प्रतियोगिता में तरुण कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। सिल्वर मेडल मिलने की खुशी में उनके गांव में उनका जोरदार स्वागत किया गया। वहीं उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। बता दे तरुण कुमार ने 15 वर्ष भारतीय फौज में रहकर देश की सेवा की है। नौकरी के दौरान सेना की ओर से खेलते हुए उन्होंने कई मेडल अपने नाम किए है। अब वे अपने जनपद के खिलाड़ियों को खेल प्रतियोगिता के गुर सिखाकर अनेक प्रतियोगिता के जिला और प्रदेश स्तर के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने का काम कर रहे हैं।

# छात्रों ने किया विद्या मंदिर का नाम रोशन

## संस्कृति महोत्सव में प्रतिभाग कर लौटने पर स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित संस्कृति महोत्सव में प्रांत स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में अखिल भारतीय स्तर पर सीतामड़ी बिहार में प्रतिभाग किया। छात्रों के वापस लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अभिभावक स्कूल स्टाफ एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

तीन छात्र हर्ष धीमान, प्रिंस राजपूत, अक्षित चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का ही नहीं अपने प्रदेश का नाम रोशन किया। पहले जिला बिजनौर, मेरठ, उत्तराखंड और अब बिहार को टॉप करने वाले होनहार रामगोपाल रामचन्द्र सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज धामपुर के छात्रों का बिहार से जीतने पर विद्या मंदिर के छात्रों, अभिभावकों, आचार्यों, बधाई देने वालों ने नगीना चौराहे पर पहुंचने पर ढोल की थाप पर फूल मालाओं से लाद कर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। स्वागत के बाद छात्र विद्या मंदिर इंटर कालेज धामपुर में पहुंचे। जहां पर तीनों छात्रों का प्रधानाचार्य और आचार्य द्वारा तिलक कर मालाओं से स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में तीनों छात्रों के अभिभावक हर्ष धीमान के पिता सुनील कुमार शर्मा, मनोरमा शर्मा, ज्योति शर्मा, अथर्व धीमान, श्रवण कुमार, आंचल राजपूत, दर्शिता सिसौदिया, हेमलता देवी, वंशिका राजपूत, मनोज कुमार, ओमकुमार, मनोज कुमार और विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य हेमेंद्र, दयाशंकर दुवे कोच, राम जी पांडे, कावेंद्र उपप्रधानाचार्य, दुर्गेश, विनय, राजेश, राजीव, राजवीर, चंद्रभान, महेशचंद्र, आर.के.आर्य, हरप्रसाद शर्मा, जितेंद्र सिंह एडवोकेट, कृष्ण कुमार, क्षेत्रपाल प्रजापति, ब्रजमोहन प्रजापति, छात्र गीतांशु कुशवाह, हर्षित वर्मा, अश्वनी चौहान, दिवेश सैनी, अरनव चौहान, केशव चौहान, कुलबीर पाल, दक्ष जोशी, मनु कुमार, ध्रुव राजपूत, श्रियानक, प्रिंस कुमार, यश चंद्र, प्रिंस राजपूत, हिमांशु सैनी, जैद, जुनैल आबेदीन, कृष्णा कुमार, अंकित आदि ने विजयी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के बहुउद्देश्य सभागार में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान उपस्थित रहे।

विधि के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान ने विधिक सेवा दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विधिक सेवा दिवस के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि भारत का नागरिक होने के नाते हमारे क्या-क्या अधिकार और कर्तव्य है और हमें उनको किस प्रकार लागू कराना है तथा अपने आस-पास के व्यक्तियों को भी इनके प्रति जागरूक करना है। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर सिंह ने विधिक दिवस की महत्ता को स्पष्ट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरूआत पहली बार 1995 में भारत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए की गई थी तथा समाज के गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ-साथ उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के विषय में बताया तथा विद्यार्थियों को लीगल चेट एप न्याय गुरू के विषय में जानकारी दी।



# अमला की बेस्ट-11 लिस्ट में बड़ा ट्विस्ट



**● भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा को टीम में शामिल नहीं किया, जिससे भारतीय फैंस काफी हैरान**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज हाशिम अमला ने हाल ही में अपनी ऑल टाइम वनडे प्लेइंग इलेवन का ऐलान किया है, जिसमें उन्होंने कई दिग्गजों को जगह दी है। हालांकि, अमला ने भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा को टीम में शामिल नहीं किया, जिससे भारतीय फैंस काफी हैरान हैं। वहीं, दूसरी तरफ टी-20 फार्मेट की बात आने पर अमला ने रोहित को अपना नंबर-1 खिलाड़ी बताया है। एक पाडकास्ट पर बातचीत के दौरान अमला ने अपनी वनडे इलेवन का खुलासा किया। उन्होंने ओपनिंग जोड़ी के रूप में सचिन तेंदुलकर और एडम गिलक्रिस्ट का चयन किया। तीसरे नंबर पर विराट कोहली, जबकि चौथे पर ब्रायन लारा को रखा गया। अमला के मुताबिक, कोहली की निरंतरता और लारा की क्लास दोनों उन्हें इस सूची में अनिवार्य बनाते हैं।श पांचवें नंबर पर उन्होंने अपने साथी और मित्र एबी डिविलियर्स को रखा। वहीं, जैक कैलिस को नंबर छह और महेंद्र सिंह धोनी को विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में सातवें नंबर पर जगह दी। गेंदबाजी विभाग में अमला ने दो महान स्पिनरों मुथैया मुरलीधरन और शेन वार्न को शामिल किया। तेज गेंदबाजी के लिए उन्होंने वसीम अकरम और डेल स्टेन को चुना। अमला की वनडे इलेवन इस प्रकार है: सचिन तेंदुलकर, गिलक्रिस्ट, कोहली, लारा, एबी डिविलियर्स, जैक कैलिस, एमएस धोनी कि शेन वार्न, मुथैया मुरलीधरन, वसीम अकरम, डेल स्टेन। सबसे हैरानी की बात यह रही कि अमला ने रोहित शर्मा को इस टीम में शामिल नहीं किया। रोहित वनडे इतिहास में तीन दोहरे शतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं और उनके नाम वनडे का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर (264 रन) भी दर्ज है। हालांकि, वनडे में रोहित को बाहर करने वाले अमला ने टी-20 क्रिकेट में रोहित की तारीफों के पुल बांध दिए। उन्होंने कहा कि रोहित अब भी मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्हें खेलते देखना एक खुशी की बात है। उनके शाट्स में सहजता और क्लास है। रोहित शर्मा ने 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फार्मेट से संन्यास ले लिया था। उनके बाद विराट कोहली ने भी टी-20 क्रिकेट को अलविदा कहा। टी-20 के लिए अमला ने तीन पसंदीदा बल्लेबाजों के नाम बताए। उन्होंने रोहित शर्मा, क्लासेन (दक्षिण अफ्रीका) और सूर्यकुमार यादव (भारत) के नाम लिए। अमला ने सूर्या की 360 डिग्री बल्लेबाजी और क्लासेन की पावर-हिटिंग की भी जमकर तारीफ की।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड ने विंडीज को नौ रनों से हराया

**नेल्सन, वार्ता।** डेवोन कॉन्वे (56) और डैरिल मिचेल (41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद जेकब डफी और ईश सोढ़ी (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम न्यूजीलैंड ने तीसरे टी-20 के रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज पर नौ रनों से जीत दर्ज की। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं। ईश सोढ़ी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। वेस्टइंडीज 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय 12-3 ओवर में 88 रन पर आठ विकेट खो गंवा चुकी थी और उसकी हार निश्चित नजर आ रही थी। ऐसे संकट के समय शमर स्प्रिंगर और रोमारियो शेफर्ड की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर ली।

### पाक ने द. अफ्रीका को हराया और सीरीज भी जीती

**फैसलाबाद, वार्ता।** अबरार अहमद (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद सैम अयूब (77) और मोहम्मद रिजवान (नाबाद 32) के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 149 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका को 37-5 ओवर में 143 रन के स्कोर पर समेटने के बाद पाकिस्तान ने 25-1 ओवर में तीन विकेट पर 144 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फखर जमान (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए बाबर आजम ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े। इसी दौरान 11वें ओवर में बाबर (27) रनआउट हुए।

# श्रीमंत झा ने हंगरी पैरा आर्म रेसलिंग वर्ल्ड कप में जीता सिल्वर

**● श्रीमंत झा ने अपनी इस उपलब्धि को भारत माता के वीर शहीद जवानों को समर्पित किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के गौरव श्रीमंत झा ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने हंगरी के रेप्सेलक शहर में आयोजित हंगरी पैरा-आर्म रेसलिग वर्ल्ड कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में श्रीमंत झा ने रोमांचक मुकाबले में हंगरी के जानोस नागी को हराकर फाइनल में स्थान बनाया और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सिल्वर मेडल जीता। श्रीमंत झा ने अपनी इस उपलब्धि को भारत माता के वीर शहीद जवानों को समर्पित किया है।उन्होंने कहा कि मेरी हर जीत देश के उन वीर जवानों के लिए है जिन्होंने अपनी जान देश की सुरक्षा में न्योछावर की। यह सिल्वर मेडल मैं उन सभी शहीदों को समर्पित करता हूं। हंगरी पैरा-आर्म रेसलिग वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन 7 से 9 नवम्बर 2025 तक रेप्सेलक शहर में हुआ। इस प्रतियोगिता में श्रीमंत झा ने अपनी ताकत, तकनीक और धैर्य का शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक पहुंचकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। झा दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन पैरा-आर्म रेसलर हैं। अब तक उन्होंने भारत के लिए 60 अंतर्राष्ट्रीय मेडल जीतकर नयाइतिहास रचा।

# आकाश ने 8 गेंद में लगातार 8 छक्के मारे



**● 11 बॉल में फास्टेस्ट फिफ्टी बनाई, युवराज सिंह शास्त्री का रिकॉर्ड तोड़ा, रणजी में रचा इतिहास**

**सूरत, वार्ता।** लगातार 6 छक्कों के रिकॉर्ड के बारे में आपने सुना ही होगा। 2008 में युवराज सिंह ने टी-20 वर्ल्डकप में लगाए थे। रवि शास्त्री भी रणजी ट्राफी में लगा चुके हैं। अब एक नया रिकॉर्ड बना है। सिर्फ ओवर में छह छक्के नहीं लगे। ओवर समेत आठ गेंदों पर लगातार आठ छक्के मारे गए। क्रिकेट के इतिहास का यह बड़ा रिकॉर्ड रविवार को सूरत में रणजी ट्राफी के मैच में बना। यह कारनामा किया है मेघालय के बल्लेबाज आकाश कुमार चौधरी ने।

25 साल के आकाश ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 14 बाल पर नाबाद 50 रनों की पारी खेली। इसी के साथ वे फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे तेज 11 बाल पर अर्द्धशतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। आकाश ने इंग्लैंड के वेन नाइट के 12 बाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। फर्स्ट क्लास में सबसे तेज फिफ्टी आकाश चौधरी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बनाया है। इससे सबसे तेज फर्स्ट-क्लास अर्द्धशतक का रिकॉर्ड इंग्लिश काउंटी क्रिकेट टीम लीसेस्टरशायर के वेन नाइट के नाम था, जिन्होंने 2012 में 12 गेंदों पर 50 रन बनाए थे। श्रीलंका के क्लाइव इनमैन ने 1965 में 13 गेंदों पर अर्द्धशतक जमाया था। समय के लिहाज से वे सबसे तेज फिफ्टी लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। आकाश ने 9 मिनट में यह अर्द्धशतक बनाया, जबकि इनमैन ने सिर्फ 8 मिनट में 50 रन पूरे किए थे। 6 बाल पर 6 छक्के लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी आकाश फर्स्ट क्लास क्रिकेट में लगातार 6 बाल पर 6 सिक्स लगाने वाले तीसरे ही प्लेयर बने। सबसे पहले गैरी सोबर्स ने 1968 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एक ओवर में लगातार छह छक्के मारे थे। उन्होंने यह कारनामा ग्लैमरगन और नाटिंघमशायर के बीच मैच में मैल्कम नैश के एक ओवर में किया था। फिर 1984-85 में रवि शास्त्री ने यह कारनामा किया। स्टुअर्ट ब्राड के ओवर में युवराज सिंह ने 6 छक्के लगाए थे 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ युवराज सिंह ने 6 छक्के लगाए थे। उन्होंने एंड्रयू फ्लिंटाफ से बहस के बाद स्टुअर्ट ब्राड के ओवर की लगातार 6 बाल पर 6 छक्के जड़े थे।

### सबालेंका को हराकर एलेना रयबाकिना ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब

**रियाद, वार्ता।** विश्व की नवम्बर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हराकर कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब अपने नाम किया। यह इस वर्ष की आखिरी प्रतियोगिता में उनकी पहली जीत है। 2022 की विबलडन चैंपियन रयबाकिना का अपने करियर का यह दूसरा सबसे बड़ा खिताब हैं। शनिवार रात खेले गए एकल वर्ग के फाइनल में कड़े मुकाबले में एलेना ने बेलारुस की सबालेंका को 6-3, 7-6 से हराकर चैंपियन बनी। यह कजाकिस्तान की दुनिया की नंबर 6 खिलाड़ी रयबाकिना की सीजन के आखिर में लगातार 11वीं जीत है। मैच के बाद रयबाकिना ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय हफ्ता रहा है। उन्होंने फाइनल में अपनी सर्विस पर मिले सभी पांच ब्रेक पॉइंट्स बचाए। ईमानदारी से कहूं तो मुझे इस तरह के किसी नतीजे की उम्मीद नहीं थी। इतनी दूर तक जाना, यह बस अविश्वसनीय है। ये बेहद कड़ा मुकाबला था।

# बड़े बदलाव की तैयारी! संजू के बदले जडेजा




**● जडेजा और सैमसन दोनों ही 18 करोड़ रुपयें के खिलाड़ी और अब तक यह सौदा पक्का हो चुका होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रवींद्र जडेजा के बदले संजू सैमसन - एक ऐसी संभावना जिसे कभी आईपीएल हलकों में न केवल दूर की कौड़ी बल्कि पूरी तरह असंभव माना जाता था, अब अटकलें नहीं रह गई हैं। पिछले कुछ दिनों में व्यापार समझौते पर सक्रिय बातचीत शुरू हो गई है। यह अभी भी, जैसा कि अमेरिका में कहा जाता है, एक निश्चित सौदा नहीं है। लेकिन क्रिकबज इस बात की पुष्टि कर सकता है कि चेन्नई सुपर किग्स और राजस्थान रॉयल्स इस व्यापार पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। क्रिकबज ने 7 नवम्बर को इस संभावना के बारे में बताया था। जडेजा और सैमसन दोनों ही 18 करोड़ रुपए के खिलाड़ी हैं और अब तक यह सौदा पक्का हो चुका होगा। हालांकि, समझा जाता है कि राजस्थान रॉयल्स अभी सीधे अदला-बदली के लिए तैयार नहीं है। माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल करने पर जोर दे रही है, जो अंततः पेच का कारण बन सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि रॉयल्स प्रबंधन ने कुछ अन्य फ्रेंचाइजी- जैसे सनराइजर्स हैदराबाद- को भी चुना है, इसके अलावा लखनऊ सुपर जायंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों के साथ अपने संवाद के चैनल खुले रखे हैं। ऐसा समझा जाता है कि सीएसके-आरआर सौदे में सबसे बड़ी बाधा दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस की मांग है, जो पिछले सीजन के बीच में सीएसके में शामिल हुए थे। तब से, यह दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी वैश्विक फ्रेंचाइजी सर्किट में शीर्ष बल्लेबाजों में से एक बन गया है। सितम्बर में दक्षिण अफ्रीका 20 नीलामी में प्रिटोरिया कैपिटल्स ने भी उन्हें रिकॉर्ड बोली में शामिल किया था, लेकिन चेन्नई सुपर किग्स की सहायक कंपनी जोहान्सबर्ग सुपर किग्स विजई बोली से पहले ही पीछे हट गई थी। क्रिकबज द्वारा पिछले कुछ दिनों में दी गई रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान रॉयल्स के ब्रिटेन स्थित प्रमुख मालिक मनोज बडाले, जो वर्तमान में मुंबई में हैं, उनकी बातचीत का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि, पता चला है कि चेन्नई सुपर किग्स अपने रुख पर अडिग है - उनका इस सौदे में किसी और खिलाड़ी को शामिल करने का कोई इरादा नहीं है, ब्रेविस की तो बात ही छोड़ दें। सीएसके की ओर से ऐसा माना जा रहा है कि जडेजा, जो इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक हैं, को छोड़ना अपने आप में एक बड़ा खुलासा है। हालांकि, ऐसा माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी ने व्यापार वार्ता शुरू करने से पहले 36 वर्षीय अनुभवी ऑलराउंडर से सलाह-मशविरा किया है। फ़लिहाल, स्थिति यह है कि गेंद राजस्थान रॉयल्स के पाले में है। सनराइजर्स के सूत्रों के अनुसार, हैदराबाद की टीम सैमसन को लेकर जडादा उत्साहित नहीं है।

# भगवान महाकालेश्वर की भस्म आरती में शामिल हुई दीप्ति शर्मा

**उज्जैन, वार्ता।** हाल ही में महिला क्रिकेट विश्व कप जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की सदस्य दीप्ति शर्मा ने रविवार तड़के विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित भस्म आरती में भाग लिया। उन्होंने आरती के दौरान भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश की समृद्धि व टीम इंडिया की सफलता के लिए बाबा महाकाल का धन्यवाद किया। दीप्ति शर्मा प्रात:काल मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने पारंपरिक तरीके से आरती में सम्मिलित होकर श्रद्धाभाव से दर्शन किए। आरती के समय मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने भारतीय टीम की खिलाड़ी का गर्मजोशी से स्वागत किया। दर्शन उपरांत मंदिर समिति की ओर से उप प्रशासक श्री एसएन सोनी ने दीप्ति शर्मा का स्वागत एवं सत्कार किया। उन्हें भगवान महाकालेश्वर का प्रसाद, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर श्री सोनी ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हाल ही में विश्व कप जीतकर देश का मान बढ़ाया है, और यह देश के लिए गर्व की बात है कि टीम की सदस्य महाकाल बाबा के दरबार में आशीर्वाद लेने पहुंचीं। दीप्ति शर्मा ने भी महाकाल मंदिर के दर्शन को अपने जीवन का विशेष अनुभव बताया और कहा कि यहां आकर उन्हें अपार ऊर्जा और शांति की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल से उन्होंने भारतीय टीम की निरंतर सफलता और देशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की है।

### टीम 'ड्राइव स्क्वाड' ने पहले दिन जीता सम्मान

**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम ड्राइव स्क्वाड ने कुतुब गोल्फ लीग के दूसरे संस्करण के पहले दिन 22-5 अंकों के साथ बढ़त हासिल कर सुर्खियां बटोरीं। यह लीग शनिवार को भारत के पहले सार्वजनिक गोल्फ कोर्स, क्यूजीसी में शुरू हुई। सभी लड़कियों की टीम 'चार्लीज एंजल्स' 18 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि टीम 'आइकन्स' 16 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। गत विजेता 'स्विगिग शेर्स' कुल 13-5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रही। 'ड्राइव स्क्वाड' टीम के लिए, भव्य मान, अमित व ध्रुव की तिकड़ी ने 2-5-2-5 अंक हासिल किए।



### लियोनल मेसी ने इंटर मियामी को कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल में पहुंचाया

**मियामी, वार्ता।** लियोनेल मेसी और तादेओ अलेंदे के दो-दो गोल की बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार को अपने प्लेऑफ सीरीज के निर्णायक मैच में नैशविले को 4-0 से हराकर एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता मेसी ने 10वें मिनट में मेजबान टीम को बढ़त दिलाई जब उन्होंने 20 गज की दूरी से ड्रिबल किया और फिर पेनल्टी एरिया के किनारे से गोल दागा। मेसी ने माटेओ सिल्वेटी के शॉट के बाद 18 गज की दूरी से साइड-फुटिग कर गोल करके बढ़त दोगुनी कर दी। मेजबान टीम ने अलेंदे की मदद से स्कोर 3-0 कर दिया, जिन्होंने जोर्डी अल्बा के कट-बैक के बाद गोलकीपर जो विलिस को छकाते हुए पहला प्रयास किया। सेल्टा विगो के लोन पर आए अलेंदे ने 76वें मिनट में मेसी की सटीक थ्रू बॉल पर विलिस के ऊपर से शॉट मारकर टीम को जीत दिलाई। इस परिणाम के साथ इंटर मियामी ने 2-1 से सीरीज जीत ली।

# विश्व चैंपियन गुकेश बाहर, तीन भारतीय टाई ब्रेक में भिड़ेंगे



**● हरिकृषणा ने बेल्जियम के ग्रैंड मास्टर डेनियल के खिलाफ एक ड्रा खेलने के बाद अगले दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने**

**पणजी, वार्ता।** ग्रैंडमास्टर आर-प्रज्ञानंदा ने बीच के गेम में मिली मामूली बढ़त का पूरा फायदा उठाते हुए आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर रॉबर्ट होवहानिस्यान को हरा दिया। इस तरह चार भारतीयों ने शनिवार को यहां जारी फ़िडे विश्व कप 2025 के चौथे राउंड में जगह पक्की कर ली, जबकि विश्व चैंपियन गुकेश डी-हारकर बाहर हो गए।

प्रज्ञानंदा, जिन्हें तीसरे राउंड में पहुंचने के लिए लंबा टाईब्रेक खेलना पड़ा और फिर काले मोहरों से पहला गेम ड्रॉ करना पड़ा, खुद को मुश्किल स्थिति में पा गए क्योंकि ऐसा लग रहा था कि होवहानिस्यान ने भारतीय की शुरुआती बढ़त को खत्म कर दिया है। लेकिन तीसरे सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय खिलाड़ी के पास एक स्पष्ट रणनीति थी और उन्होंने 27वीं चाल में अपनी रानी और हाथी के साथ काले मोहरों के राजा पर दबाव बनाकर मैच पर नियंत्रण कर लिया। आर्मेनियाई खिलाड़ी ने अंततः 42 चालों के बाद हार मान ली। कुल 10 भारतीय खिलाड़ी फ़िडे विश्व कप 2025 के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। यह सिगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट है जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित विश्वनाथन आनंद कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसका नाम इस भारतीय दिग्गज के नाम पर रखा गया है। सफ़ेद मोहरों से पहला गेम जीतने वाले हरिकृष्णा ने बेल्जियम के ग्रैंडमास्टर डैनियल दर्जा के खिलाफ एक त्वरित ड्रॉ खेलने के बाद अगले दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। इसके तुरंत बाद ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और विश्व जूनियर चैंपियन ग्रैंडमास्टर प्रणव वी भी उनके साथ आ गए, जिन्होंने भी काले मोहरों से खेलते हुए जोखिम नहीं उठाया और अंक बांट लिए। प्रतियोगिता में सर्वोच्च वरीयता प्राप्त विदेशी खिलाड़ी अनीश, ग्रैंडमास्टर अलेक्जेंडर के खिलाफ काले मोहरों से 47 चालों में दूसरा गेम हारने के बाद बाहर हो गए। विश्व चैंपियन गुकेश - फ्रेडरिक स्वेन के खिलाफ तीसरे दौर का मैच हार गए। काले मोहरों से पहला गेम ड्रॉ होने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में जीत की कोशिश की, लेकिन स्वेन न केवल समय के दबाव से उबरने में कामयाब रहे।

# इमरान व शाहनवाज ने गुरु दरबार में टेका मत्था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जगत गुरु धन धन साहिब श्री गुरुनानक देव जी महाराज जी का प्रकाश पर्व आज चंद्र नगर स्थित गुरुद्वारा सौ क्वार्टर कमेटी द्वारा बड़े हर्ष, उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

गुरुद्वारा साहिब के पास खुले मैदान में सुंदर पंडाल सजा कर यह आयोजन गुरमत समागम के रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत हेड ग्रंथी ज्ञानी गुरमीत सिंह जी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के साथ की। इसके उपरांत स्त्री सत्संग जथे ने सिमरन कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। मुख्य प्रवचन पांवटा साहिब से पधारे ज्ञानी गुरदीप सिंह जी ने दिए। उन्होंने श्री गुरु नानक देव जी के जीवन इतिहास, उपदेशों और गुरबाणी के अर्थ बताते हुए संगत को प्रेरित किया। इसके बाद भाई चरणजीत सिंह के जथे ने मधुर कीर्तन



प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर सांसद इमरान मसूद, महापौर दा. अजय कुमार सिंह, नगर विधायक राजीव गुम्बर, एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व राज्यमंत्री सरफराज खान ने गुरू दरबार में मत्था टेका।

समापन पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक गुरु का लंगर छका। कार्यक्रम का संचालन एम.पी. सिंह चावला ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के प्रधान एडवोकेट चंद्रजीत सिंह निक्कू, सचिव दविंद्र सिंह चढ़ा, गुरमीत सिंह चावला, जगजीत सिंह, समर सिंह, मानविंदर सिंह सालवान, पुष्पिंदर सिंह, हरभजन चावला, सुरेंद्र पाल एस.के., मंजीत सिंह कोका, मंजीत सिंह गोल्डी, गुरमीत सिंह बॉबी, इशू मक्कड़, गगनदीप सिंह एस.के., जगमोहन सचदेवा और संतोख सिंह का विशेष योगदान रहा। सुरेंद्र मोहन सिंह चावला, पूर्व प्रधान गुरुद्वारा सिंह सभा हरेंद्र सिंह चढ़ा, जनरल सचिव अमनप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह भोला, सत्विंदर सिंह माकन, एच.एस. ग्रोवर, दीदार सिंह सेठी, परविंदर मनचंदा, गोविंदर सिंह, इकबाल चावला, दलवीर सिंह, प्रीतपाल सिंह पाली, बलबीर चावला, रविंद्र सिंह सुखमनी एवं रंजीव प्रेमी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# वंदेभारत एक्सप्रेस का बदलेगा समय

## विधायक राजीव गुंबर की मांग पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी सहमति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर की मांग पर सहारनपुर से लखनऊ के लिए शीघ्र ही संचालित होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस की समय सारिणी में बदलाव होने जा रहा है।



विगत दिवस 8 नवम्बर को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ से सहारनपुर वंदे भारत का वर्चुअल उद्घाटन किया था। सहारनपुर को मिली नई वंदे भारत एक्सप्रेस का शेड्यूल भी जारी हो गया था जिसके अनुसार यह ट्रेन दोपहर 3 बजे सहारनपुर से चलकर रात 11 बजे लखनऊ पहुंचेगी, लखनऊ से सुबह 5 बजे चलकर दोपहर 12.45 बजे सहारनपुर पहुँचने का समय था। विधायक राजीव गुम्बर ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर व फोन पर बात कर इस ट्रेन के शेड्यूल को बदलने की मांग की थी। उन्होंने मांग की थी कि सहारनपुर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री अपने काम से मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर और लखनऊ जाते हैं ऐसे में इस ट्रेन को सहारनपुर से सुबह के समय चलवाया जाए व लखनऊ से शाम को चलाए जाने से यात्रियों को एक ही दिन में आने जाने से समय की ओर अधिक बचत होगी। विधायक राजीव गुम्बर ने बताया कि आज रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से फोन पर हुई बात में रेल मंत्री ने उनकी इस मांग पर सहमति दे दी है और उम्मीद है शीघ्र ही वंदे भारत एक्सप्रेस का नया शेड्यूल जारी हो जाएगा।

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से फोन पर हुई बात. चीत के दौरान महापौर डॉ अजय कुमार सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, किशोर शर्मा, योग चुघ, अनेश शर्मा, गौरव गर्ग, मनोज ठाकुर, शैलेन्द्र भूषण गुप्ता ने रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया।

# लगातार तीसरी बार नेशनल अवार्ड को चुने गए डा. मनदीप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला चिकित्सालय के बाल रोग विशेषज्ञ डा मनदीप सिंह को लगातार तीसरी बार आईएमए एएमएस का नेशनल अवार्ड के लिये चुना गया है।



डॉ मनदीप सिंह को आईएमए एएमएस का नेशनल अवार्ड पिछले वर्षों में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जायेगा। यह अवार्ड चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली आएएमए एएमएस की नेशनल कांफ्रेंस में दिया जाएगा। आईएमए के अध्यक्ष डॉ प्रवीण शर्मा और सचिव डॉ नीरज आर्या ने कहा कि यह पूरे उत्तर प्रदेश आईएमए और सहारनपुर आईएमए के लिए गर्व की बात है कि लगातार तीसरी बार ये अवार्ड सहारनपुर ने जीता है इसके लिए आईएमए के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने डॉ मनदीप को बधाई दी।

डॉ मनदीप सिंह को उत्तर प्रदेश आईएमए का उपाध्यक्ष बनाया गया है। आईएमए अध्यक्ष डॉ प्रवीण शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश आईएमए ने डा. मनदीप सिंह को उत्तर प्रदेश आईएमए के वार्षिक चुनाव में जोन 1 का प्रदेश उपाध्यक्ष (2025 -26) चुना है। उत्तर प्रदेश आईएमए ने डॉक्टर मनदीप सिंह का प्रदेश स्तर पर आईएमए के लिए समर्पण और चिकित्सा समुदाय के लिए असाधारण योगदान और पूर्व वर्षों में किए गए कार्य को देखते हुए यह प्रतिष्ठित पद दिया है। आईएमए के सभी मेंबर्स ने उनकी कड़ी मेहनत और आईएमए के लिए प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी। आईएमए सहारनपुर के सचिव एवम अन्य पदाधिकारी ने उत्तर प्रदेश आईएमए का धन्यवाद व्यक्त किया।

# पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता समाप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एल्पाइन पब्लिक स्कूल मे चल रही दो दिवसीय इंटर स्कूल वॉलीबाल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन बॉयज वर्ग मे फाइनल मैच ब्राइट होम स्कूल व केएलजी स्कूल के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच मे केएलजी पब्लिक स्कूल ने ब्राइट होम स्कूल को हराकर जीत हासिल की। गर्ल्स वर्ग के फाइनल मैच मे सिद्धार्थ मॉर्डन स्कूल को हराकर रेडीएंट स्कूल ने जीत हासिल की। रेडियंट पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने स्वर्ण पदक तथा सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने रजत पदक हासिल किये। छात्रों में केएलजी पब्लिक स्कूल ने स्वर्ण तथा ब्राइट होम के छात्रों ने रजत पदक हासिल किया।





मुख्य अतिथि पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान व बजाज ग्रुप चेयरमेन सुषमा बजाज, स्कूल सोसाइटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान, शिप्रा सहगल, अन्नू बजाज ने विजेता व उप विजेता टीम को ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया। हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताए सभी स्कूलों को करानी चाहिए, ताकि खेलो के प्रति बढ़ावा मिले। उन्होंने विजेता, उप विजेता टीमों सहित सभी आयोजको को इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर बधाई दी।

समापन कार्यक्रम मे शिप्रा सहगल, बृजमोहन धीमान, मुजाहिद खान, अमर हकराना, मोहम्मद अहमद खान, एडवोकेट शमीम मिर्जा, वजाहत खान आदि उपस्थित रहे।

# दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन सवेरा नशे के अधंकार से जीवन के उजाले की ओर के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली बेहट पुलिस ने एक नशा तस्करों को अवैध चरस के सात गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि वे पुलिस बल के साथ कस्बे के निकट संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे तो मुखबिर ने सूचना दी कि एक नशा तस्कर नशीले पदार्थ लेकर बेचने का लिए कहीं जा रहे हैं । सूचना मिलते ही पुलिस मुखबिर द्वारा बताए स्थान क पर विकास नगर रोड गांगरो नदी के पुल के पास पहुंचा तो वहां खड़ा एक पुलिस को देखकर भागने जैसे ही लगे तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उस के पास से 150 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के नाम पते मुजम्मिल पुत्र मुंसाद निवासी ग्राम अमादपुर थाना मिर्जापुर , सहारनपुर बताया है। दोनों आरोपितों के खिलाफ थ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि कि पकड़े गए आरोपी नशा तस्करों को न्यायालय में पेश किए जा रहे है।

# भाजपा सरकार पुलिस को बना रह रही अपराधी: फरहाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नकुड़ विधानसभा से सम्भावित उम्मीदवार सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस द्वारा किये गए फर्जी एनकाउंटर का हवाला देते हुए भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया है उन्होंने कहा है भाजपा सरकार पुलिस को अपराधी बनाने का काम कर रही है।



बतातें चलें कि फरहाद आलम गाडा पूर्व में सहारनपुर से सपा के जिला उपाध्यक्ष रह चुके हैं, और मौजूदा समय में नकुड़ विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। अभी पिछले दिनों फरहाद आलम गाडा पीडीए की पाठशाला को लेकर चर्चा में आये थे। जिसको लेकर फरहाद के खिलाफ मुक. दमा भी दर्ज हुआ था। सपा नेताओं की अगर बात की जाए तो मौजूदा समय में फरहाद गाडा नकुड़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों के चहेते हैं।

फरहाद आलम ने गाजियाबाद महिला पुलिस द्वारा किये गए फर्जी एनकाउंटर का हवाला देते हुए कहा है कि भाजपा सरकार खुलकर पुलिस को अपराधी बनाने का काम कर रही है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से अपील की है कि वह अपराधियों की तरह बर्ताव न करें, अपना तथा अपने

**■ गाजियाबाद में हुए एनकाउंटर पर उठाए सवाल**

परिवार का जीवन संकट में न डालें। उन्होंने कहा कि भाजपा का पुराना सिद्धांत है कि 'पहले इस्तेमाल करो, फिर बर्बाद करो'

इसलिये पुलिस फर्जी एनकाउंटर जैसा जघन्य अपराध कभी न करें क्योंकि जब आप फँसेंगे तो कोई भी भाजपाई आपको बचाने नही आयेगा तथा आप अपनी बिरादरी से लेकर समाज तक में बहिष्कृत कर दिये जाएंगे तथा आजीवन अपमान और पछतावे की कालकोठरी में जिंदगी जीने पर मजबूर होंगे। अंत मे उन्होंने कहा है कि पुलिस हित में जारी, एक सलाह हमारी।

# किक बॉक्सिंग लीग में खिलाड़ियों का सुन्दर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद मे पहली बार आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग लीग में खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया।




डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री जगन्नाथ रथयात्रा समिति के चेयरमैन भारत कर्णवाल, किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव अरविन्द शेरवालिया द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अंशुल जैन, सूरज जैन मौजूद रहे। एसोसिएशन अध्यक्ष अजय कुमार व सचिव मनोज प्रजापति का आभार जताया गया। प्रतियोगिता के पॉइंट फाइट इवेंट 18 किलोग्राम मे खुशी (सहारनपुर) ने स्वर्ण, परी (सहारनपुर) ने रजत, 21 किलोग्राम मे तनिष्का (सहारनपुर) स्वर्ण, आर.अवनी (सहारनपुर) रजत खुशबू सिंगल (सहारनपुर) व आव्या सैनी (सहारनपुर) ने कांस्य पदक, 27 किलोग्राम मे आराधना (सहारनपुर) स्वर्ण, दृष्टि (सहारनपुर) रजत, अदिति (सहारनपुर) व खुशी (सहारनपुर) ने कांस्य पदक, 30 किलोग्राम मे शिवांशी (सहारनपुर) स्वर्ण, मानवी (सहारनपुर) रजत, नीति (सहारनपुर) व तन्नू (सहारनपुर) ने कांस्य पदक, 33 किलोग्राम मे जानवी (सहारनपुर) स्वर्ण, यूना दत्त (सहारनपुर) रजत, वानी पंवार (सहारनपुर) व अवनी (मुजफ्फरनगर) ने कांस्य पदक, +33 किलोग्राम मे अवनी मलिक (सहारनपुर) स्वर्ण, अवनी सैनी (सहारनपुर) रजत, नव्या (सहारनपुर) व दिव्यांशी (सहारनपुर) ने कांस्य पदक जीता। 10-12 वर्ष आयु वर्ग मे 28 किला. ग्राम मे अन्हा (मुजफ्फरनगर) स्वर्ण, मिष्टी (सहारनपुर) रजत, बुशरा (मुजफ्फरनगर) व ऐमी (सहारनपुर) ने कांस्य पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहराया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अन्तरराष्ट्रीय रेफरी सोनू सैनी, उदयवीर सिंह व आदित्य भाल, निखिल, स्पर्श, सलोनी, साक्षी, खुशी, वंशिका रहे।

इस दौरान लाल धर्मेन्द्र प्रताप, मनोज सूर्यदेव, शशिकांत शर्मा, सीमा सैनी, पुनीत गुप्ता, लखन कुमार, अतुल गुप्ता, मुस्तकीम अंसारी, सुरेखा, विशाल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# आने वाले हर फरियादी की होगी सुनवाई: नीरज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** पुलिस चौकी में रविवार को नवनियुक्त चौकी प्रभारी नीरज पंवार ने औपचारिक रूप से अंबेहटा पुलिस चौकी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने पदभार संभालते ही क्षेत्रवासियों को आश्वा. सन दिया कि पुलिस चौकी में आने वाले हर फरियादी की समस्या का त्वरित और प्रभावी निस्तारण कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

नीरज पंवार ने मीडिया से बात. चीत में कहा, क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना मेरा मुख्य उद्देश्य है। विशेष रूप से नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराई पर कड़ी लगाम लगाई जाएगी। हम फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेंगे और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कानून का पालन करने की अपील भी की।

# भक्तिभाव को बताया जीवन का आधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक ने कहा कि मानव को अपने भक्ति भाव से आत्मा के परमात्मा से मिलन का प्रयास करना चाहिए। उन्होने भक्ति को जीवन का आधार बताया।



मोहल्ला कानून गोयन स्थित होली चौंक पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक आचार्य सुभाष बहुगुणा ने कहा कि भजन व भक्ति ही मानव जीवन का आधार है। प्रभु के सिमरन के लिए ही हमें यह मानव जीवन मिला है लेकिन लोभ और मोह के वशीभूत होकर हम यह सब भूल जाते हैं।

इसी कारण हम बार-बार जीवन-मरण के चक्र में फंस कर रह जाते हैं। इसी कारण से हम दुखों को प्राप्त करते हें। कथा वाचक ने कहा कि जब हमें यह मानव योनि प्राप्त हुई है तो हमें उस परमात्मा से अपनी आत्मा के मिलन का प्रयास भी करना चाहिए।

भगवान की भक्ति में लीन होकर ही मनुष्य जन्म मरण के झंझट से मुक्त हो सकता है। उन्होने परिक्षित की कथा का वर्णन किया। उन्होने कलयुग के आरंभ होने की कथा भी सुनाई। कथा के दौरान गाए भजनों पर श्रोता झूम उठे। कथा आरंभ होने से पूर्व कथा व्यास का स्वागत कर कथा वाचक को माला पहनाकर व्यास गद्दी पर बैठाया। कथा में सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# धार्मिक स्थलों पर न हो लाउड स्पीकर का प्रयोग : विनोद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन थाना प्रभारी विनोद कुमार द्वारा क्षेत्र की सभी मस्जिदों के इमाम, मंदिरों के पुजारी, ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों के साथ मिलकर किया गया।



रविवार को आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि क्षेत्र के किसी भी धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर का उपयोग न किया जाए। धार्मिक स्थलों पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों की ध्वनि धार्मिक स्थल परिसर तक ही सीमित रहे। इसके साथ साथ शादी विवाह आदि में डीजे का उपयोग सीमित आवाज में रात्रि 10:00 बजे तक ही किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी जिम्मेदार व्यक्तियों की जिम्मेदारी है कि वह क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने व अपराध को रोकने मे पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। क्षेत्र के सभी संभ्रांत लोगों को एकजुट होकर अपने अपने गांव में नशा बिक्री का विरोध करना चाहिए तथा इसकी सूचना पुलिस को भी दे। बैठक में मौजूद क्षेत्र के सभी जिम्मेदार लोगों ने थाना प्रभारी को आश्वस्त किया वह शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा अपराध रोकने में पुलिस प्रशासन का हर सम्भव सहयोग करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, सचिन कांबोज, प्रकाश सैनी, अतर सिंह, अहसान सभासद, विनोद प्रधान, कुर्बान प्रधान, कारी मसरूर, कारी लियाकत, हाफिज मेहताब, हाजी आवेश, पूर्व प्रधान प्रमोद सैनी, तबरेज प्रधान अंसारी, ग्राम राव अब्दुल हई प्रधान, मुबारिक प्रधान, इसरार प्रधान, मोहम्मद मुजम्मिल, तसव्वुर प्रधान, जुबैर प्रधान, हाजी जमशेद, आशु रोहिला, मोहम्मद शहजाद, नासिर अली, मोहम्मद शोएब, पूर्व प्रधान रणधीर, रमजान, जाकिर प्रधान, अब्दुल बारिक, साबिर दभेडा आदि लोग मौजूद रहे।

# भक्तिभाव से निकाली मंगल कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर के प्राचीन शिव मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया, कथा का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा निकाल कर किया गया।



रविवार को शिव मंदिर परिसर से विधिवत मंत्रोचारण व हवन पूजन के बाद मंगल कलश यात्रा प्रारंभ की गई कस्बे के विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।। कलश यात्रा प्राचीन शिव मंदिर परिसर पर सम्पन्न हुई। इसके उपरांत विधि विधान से श्रीमद भागवत ग्रंथ को गद्दी पर स्थापित किया।

कथा वाचक अजय किरण जी महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा भक्ति,ज्ञान और वैराग्य के माध्यम से जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति (मोक्ष) प्रदान करती है। यह कथा सिखाती है कि नियमित प्रभु स्मरण,सेवा,और हरि-नाम संकीर्तन ही जीवन का सार है,यह भी बताया गया है कि कलयुग में केवल प्रभु का नाम जपना ही भवसागर से पार करने का एकमात्र आधार है।

इस अवसर पर नीता गर्ग, अमित गर्ग,आशु गर्ग, धर्मवीर गर्ग,दिनेश सिंघल,सभासद सत्य प्रकाश रोही. हला,व्यापार मंडल अध्यक्ष वशिष्ठ गुप्ता,सिद्धार्थ गुप्ता, अंजलि गुप्ता सहित सैकड़ो पुरुष महिला श्रद्धालु उपस्थिति रहे।

# मतीदास छिब्बर का शहादत दिवस श्रद्धा व सम्मान से मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संस्कार दीप परिवार के तत्वावधान में अमर हुतात्मा शहीदों के सरताज भाई मतीदास छिब्बर का शहादत दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम गोष्ठी के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें वक्ताओं ने भाई मतीदास, भाई सतीदास और भाई दयाला के बलिदान को नमन किया।




पटेल नगर स्थित मोहन सदन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए श्रीमती शोभना मोहन ने कहा कि भारत भूमि ऐसे महान वंशों की कर्मभूमि रही है जिन्होंने धर्म और देश की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि भाई मतीदास, सतीदास और दयाला ने धर्म और राष्ट्र की मर्यादा के लिए अपना जीवन अर्पित किया। एडवोकेट पोस्ट वार्डन अरुण सूरी ने बताया कि भाई मतीदास ने इस्लाम कबूल करने से इनकार करते हुए मृत्यु को स्वीकार किया। उनके इस बलिदान से प्रभावित होकर दसवीं पातशाही गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने उन्हें भाई की उपाधि से विभूषित किया था। व्यापारी नेता मुकेश दत्ता और समाजसेवी योगेश बाली ने कहा कि अपने लिए तो हर कोई जीता है, परंतु देश और कौम के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीर बहुत कम होते हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर समाज व राष्ट्र सेवा का संकल्प लेना चाहिए। समाजसेवी रवि बख्शी ने कहा कि भाई मतीदास छिब्बर, सतीदास और दयाला जी का त्याग एवं बलिदान सदियों तक स्मरणीय रहेगा। उन्होंने बताया कि 9 नवंबर 1675 को चांदनी चौक, दिल्ली में भाई मतीदास को लकड़ी के दो तख्तों के बीच बांधकर आरे से चीर दिया गया था। उनके भाई सतीदास जी को खौलते तेल से और दयाल जी को रुई में लपेटकर जीवित जलाया गया, यह अद्वितीय शहादत सदैव इतिहास में अमर रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्र कुमार मोहन ने की तथा संचालन रवि बख्शी ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती पूनम दत्ता, प्रीति बख्शी, परवीन चांदना, दिनेश दत्ता, विनोद मिगलानी एवं ललित दत्त सहित अन्य गणमान्य नागरिकों का विशेष सहयोग रहा।

## सम्पादकीय

सोमवार, 10 नवम्बर 2025

# वायु सेना का अदम्य साहस

रविवार को भारतीय वायुसेना ने अपना 93वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर देश की वायुसेना की ताकत देखने को मिली। ब्रह्मपुत्र नदी पर राफेल, सुखोई और तेजस ने 75 विमानों के साथ 25 अद्भुत कारनामे दिखाए। इस समारोह के लिए गुवाहाटी को चुना गया था, जहां विमानों की गर्जना से आसमान ने स्वागत किया, तो ब्रह्मपुत्र नदी का पानी कलरव करने लगा। वायुसेना ने यहां अदम्य साहस का परिचय दिया। अक्टूबर 2025 में आए एक वर्ल्ड डायरेक्टरी आफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट (डब्ल्यूडीएमएमए) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय वायुसेना (आईएएफ) अब अमेरिका और रूस के बाद दुनिया की तीसरी सबसे ताकतवर वायुसेना बन गई है। भारत ने वायुसेना की ताकत के मोर्चे पर चीन को पीछे छोड़ दिया है। गुवाहाटी एयर शो का आयोजन पूर्वोत्तर क्षेत्र में सुरक्षा और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह प्रदर्शन भारतीय वायुसेना की सैन्य सक्षमता, फुर्ती और रणनीतिक ताकत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखाने का अवसर भी प्रदान करता है। वायुसेना ने इस मौके पर लोगों को एयर डिफेंस, आधुनिक लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टरों की क्षमता के बारे में जानकारी दी। दर्शकों ने राफेल और सुखोई जैसे एडवांस्ड लड़ाकू विमानों की तेज और सटीक उड़ान का लाइव अनुभव किया। यह प्रदर्शन भारतीय वायुसेना की उच्च तकनीकी क्षमता, युद्धक कौशल और सटीकता का प्रतीक बना। आजादी के बाद से ही भारतीय वायुसेना पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के साथ चार युद्धों व चीन के साथ एक युद्ध में अपना योगदान दे चुकी है। अब तक इसने कई बड़े मिशनों को अंजाम दिया है जिनमें ऑपरेशन विजय – गोवा का अधिग्रहण, ऑपरेशन मेघदूत, ऑपरेशन कैक्टस व ऑपरेशन पुमलाई शामिल है। ऐसें कई विवादों के अलावा भारतीय वायुसेना संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन का भी सक्रिय हिसा रही है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय वायु सेना के कमांडर इन चीफ के रूप में कार्य करते है। भारतीय वायु सेना में किसी भी समय एक से अधिक एयर चीफ मार्शल सेवा में कभी नहीं होते। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है एवं 2006 के आंकड़ों के अनुसार इसमें कुल मिलाकर 170,000 जवान एवं 1,350 लड़ाकू विमान हैं, जो इसे दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वायुसेना होने का दर्जा दिलाती है। दुनिया में एक से बढ़कर एक हथियार बन चुके हैं। हालांकि फाइटर जेट किसी भी युद्ध की दशा और दिशा बदलने की ताकत रखते हैं। जिस देश के पास जितना शक्तिशाली फाइटर जेट, वो देश उतना ही शक्तिशाली। भारत खुद का तेजस बना चुका है। तेजस अभी दुनिया के टॉप 10 खतरनाक फाइटर जेट्स में शामिल नहीं है, लेकिन भविष्य में उसके अपडेटेड मॉडल इसमें शामिल हो सकते हैं। स्वदेशी आधुनिक लड़ाकू विमान एलसीए तेजस मार्क-2 के 2025 में अपनी पहली उड़ान भरने की संभावना है। यह विमान स्टेल्थ तकनीक पर आधारित होगा। यह 5.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान होगा। भारत इसके 2040 तक भारतीय वायुसेना में शामिल करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। यह दो इंजनों वाला बहुउद्देशीय विमान होगा.। भारत इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसके बावजूद भारत के पास अभी दुनिया के 2 सबसे खतरनाक फाइटर जेट्स हैं।

## नेहरू को केवल चीन युद्ध से न आंका जाए



जैसे भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सिर्फ चीन युद्ध की हार से नहीं आंका जा सकता या इंदि. रा गांधी को केवल आपातकाल से नहीं, वैसे ही आडवाणी के लंबे राजनीतिक जीवन को भी एक घटना तक सीमित कर देना अनुचित है, आडवाणीका लो. कसेवा के प्रति समर्पण, विनम्रता और ईमानदारी देश के लिए प्रेरणा है, नेहरूजी के पूरे करियर को चीन की हार से नहीं आंका जा सकता, न ही इंदिरा गांधी को सिर्फ आपातकाल से, इसी तरह, हमें यही दृष्टिकोण आडवाणी जी के साथ भी अपनाना चाहिए, उनके लंबे सार्वजनिक जीवन को सिर्फ एक घटना से आंकना गलत है।

**-शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# बिहार से न्यूयॉर्क तक नफरत भरे भाषण इस्लामोफोबिया चुनावी आख्यानों पर हावी





**एम हसन**

पटना और न्यूयॉर्क के बीच की दूरी 13,850 किलोमीटर होने के बावजूद, अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ खड़े राजनीतिक दलों की राजनीतिक सोच एक जैसी है। न्यूयॉर्क में जोहरान ममदानी और बिहार में महागठबंधन के नेताओं के साथ हो रहे नस्लवादी और सांप्रदायिक दुर्व्यवहार ने साबित कर दिया है कि दुनिया भर में कट्टरता कितनी सामान्य हो गई है। लंदन के मेयर सादिक खान के साथ भी यही स्थिति है।

अगर नमक हराम, बुर्का और घुसपैठिया बिहार चुनावों में इस्लामोफोबिया पैदा करने वाले नफरत भरे कारक हैं, तो न्यूयॉर्क भी हाल ही में संपन्न हुए प्रतिष्ठित मेयर चुनाव में पीछे नहीं रहा, जिसमें एक भारतीय-अमेरिकी मुस्लिम जोहरान ममदानी ने अभूतपूर्व रूप से एप्पल सिटी के राजनीतिक वंश को सत्ता से बेदखल कर दिया। ममदानी का मेयर पद का चुनाव अनियंत्रित इस्लामोफोबिया से प्रभावित रहा और इसके जल्द खत्म होने की संभावना नहीं है। जबकि बिहार में एक कार्टून में दिखाया गया था कि कांग्रेस की एक बस घुसपैठियों और बुर्का पहने महिला से भरी हुई चुनाव के लिए बिहार जा रही है, न्यूयॉर्क में एक कार्टून में लाल रंग के विमान जिस पर ममदानी लिखा था, को एक टावर की ओर जाते हुए दिखाया गया था आतंकवादियों द्वारा 9/11 ट्विन टावर दुर्घटना की याद दिलाते हुए।

पटना और न्यूयॉर्क के बीच की दूरी भले ही 13,850 किलोमीटर है, लेकिन एक समुदाय के खिलाफ खड़े सभी राजनीतिक दलों की राजनी. तिक सोच एक जैसी है। न्यूयॉर्क में जोहरान ममदानी और बिहार में महागठबंधन के नेताओं को अभी भी जिस नस्लवादी और सांप्रदायिक दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है, उसने साबित कर दिया है कि दुनिया भर में कट्टरता कितनी सामान्य हो गई है। लंदन के मेयर सादिक खान के साथ भी यही स्थिति है।

ममदानी वास्तव में नस्लवादी हमले का सामना करने वाले अकेले नहीं थे। 2008 में, तत्कालीन डेमोक्रेट राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बराक हुसैन ओबामा यह जानकर हैरान रह गए कि वह मुस्लिम हैं। ओबामा के मुस्लिम होने की अफवाहें उड़ीं, जो उनके अभियान के मीडिया कवरेज का एक महत्वपूर्ण पहलू बन गईं। ओबामा के विरोधियों ने उनकी धार्मिक पृष्ठभूमि पर संदेह जताया और पूछा कि अगर उन्हें पता चले कि डेमोक्रेट को हमास का समर्थन प्राप्त है तो वे कैसे वोट देंगे हालांकि, इस मामले को सुलझाने के लिए, पूर्व विदेश मंत्री कॉलिन पॉवेल, जो उस समय डेमोक्रेट पार्टी में शामिल हो गए थे, ने जोर देकर कहा कि ष्ओबामा मुसलमान नहीं हैं और एक सभ्य पारिवारिक व्यक्ति हैं। वह एक ईसाई हैं। वह हमेशा से ईसाई रहे हैं। फिर भी, पॉवेल ने आगे कहा, ष्अगर ओबामा मुसलमान होते तो क्या होता? क्या इस देश में मुसलमान होने में कोई बुराई है? जब उनका मध्य नाम, हुसैन, एक राजनीतिक हथियार बन गया, तो ओबामा ने खुद को इससे दूर कर लिया। बराक ओबामा विविधता का स्वीकार्य, भयरहित चेहरा बन गए। आकांक्षी, लेकिन सतर्क।

उन्होंने शायद ही कभी अपनी मुस्लिम पृष्ठभूमि का हवाला दिया, आशा की एक व्यापक, रंगभेदी कहानी को चुना। ममदानी एक अलग युग का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक ऐसा युग जो तालमेल बिठाने में कम और दृढ़ रहने में अधिक रुचि रखता था। जब उनका मध्य नाम विरोधियों के मुंह में कलंक बन गया, तो ओबामा ने ध्यान हटा लिया। ममदानी अपना नाम तब तक धीरे-धीरे उच्चारित करते हैं जब तक कि दूसरे उसे सही नहीं बोल लेते। ओबामा मुस्लिम चश्मे से देखे जाने से बचते रहे। ममदानी कहते हैं कि मुस्लिम होना, अफीका में जन्मा होना और दक्षिण एशियाई होना कहानी है, बोझ नहीं।

हालांकि, ममदानी की सफलता ने न्यूयॉर्क या कहीं और इस्लामोफोबिया को खत्म नहीं किया है अपने प्रभावशाली विजय भाषण में, न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर ने घोषणा की कि अब न्यूयॉर्क ऐसा शहर नहीं रहेगा जहां आप इस्लामोफोबिया का लाभ उठाकर चुनाव जीत सकें। बिहार की बात करें तो, क्या 11 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान में जाने वाले राज्य के मतदाता न्यूयॉर्क सिटी से कोई सबक लेंगे? इसकी संभावना बहुत कम है। जैसे-जैसे बिहार में दूसरे चरण का प्रचार जोर पकड़ रहा है, राजनीतिक विमर्श में एक चिंताजनक पैटर्न उभर रहा है। राज्य का राजनीतिक विमर्श नाटकीय रूप से बदल गया है। नफरत फैलाने वाले भाषण, जो कभी चुनावी बयानबाजी का एक मुख्य विषय हुआ करते थे, अब केंद्र में आ गए हैं और रैलियों, सोशल मीडिया और आधिकारिक प्रचार सामग्री के जरिए और भी ज्यादा बढ़ गए हैं। विकास और शासन की भाषा की जगह धीरे-धीरे धर्म, जाति और ष्घुसपैठियोंष जैसे आक्षेपों ने ले ली है, जिससे नागरिक समाज समूहों में चिंता बढ़ गई है।

नफरत पर नजर रखने वाले एक समूह, सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस (सीजेपी) ने हाल ही में एक रिपोर्ट में धार्मिक और जातिगत समुदायों को निशाना बनाकर नेताओं की टिप्पणियों का एक स्पष्ट पैटर्न दर्ज किया है। इसने नमक हराम टिप्पणी को पक्षपातपूर्ण निष्ठा के माध्यम से नागरिकता को परिभाषित करने का प्रयास बताया, एक ऐसी रेखा जो कल्याण प्राप्तकर्ताओं और राजनीतिक समर्थकों के बीच के अंतर को धुंधला कर देती है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह पैटर्न स्पष्ट है। प्रत्एक टिप्पणी संदेह के माहौल को मजबूत करती है, जहां पहचान ही निष्ठा निर्धारित करती है। उत्तर भारत की चुनावी राजनीति में लंबे समय से इस्तेमाल किया जाने वाला घुसपैठिया शब्द बिहार के चुनावी जिलों में नए सिरे से प्रभावी हो गया है। और सोशल मीडिया द्वारा हर नारे को एक साझा करने योग्य मीम में बदलने के साथ, आक्रोश और प्रवर्धन का बिहार का चुनावी इतिहास जातिगत गौरव और धार्मिक विभाजन की अपीलों से भरा पड़ा है। इस बार जो बदला है, वह है प्रचार का पैमाना और गति। डिजिटल प्रचार का ढांचा व्हाट्सएप फॉरवर्ड, एआई-जनरेटेड पोस्टर और एल्गोरिथम माइक्रो-टारगेटिंग यह सुनिश्चित करता है कि विभाजनकारी सामग्री चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया से पहले ही तेजी से फैल जाए, लेकिन 14 नवंबर जिस दिन नतीजे घोषित होंगेकृही बताएगा कि यह विभाजनकारी हथकंडे कारगर रहे या नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट में सबसे आगे आदित्यनाथ

**योगी ने बिहार में सीतामढ़ी, परिहार, पिपरा, सीवान, वैशाली, भोजपुर, राघोपुर, मोतिहारी, पिंपरी, अत्री, रक्सौल, मोहीउद्दीन नगर, सिकटी, नरपतगंज, छातापुर, समस्तीपुर, चंपारण सहित 28 सभाओं में श्रोताओं को न केवल रोमांचित किया, उन्हें बिहार और पूरे देश में भाजपा क्यों जरूरी है, यह अच्छे से बताया भी। योगी ने जितनी भी सभाएं बिहार विधानसभा चुनाव में की उसमें कितनी सीटें एनडीए जीत पाएगी, यह 14 को ही पता चलेगा लेकिन चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जब चुनाव नतीजों पर चर्चा शुरू हुई तो इसमें यह खास था कि एनडीए सबसे बेहतर प्रदर्शन उन क्षेत्रों में करने जा रही है जहां यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की सभा हुई।**



**यशोदा श्रीवास्तव**

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बात को लेकर भी चर्चा है कि किस स्टार प्रचारक का स्ट्राइक रेट कैसा होगा? मतलब विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन हो या इंडिया गठबंधन, गठबंधन में शामिल अन्य दलों के स्ट्राइक रेट की चर्चा तो होती है लेकिन स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट पर पहली बार चर्चा सुनी गई। इसका मतलब यह है कि किसी भी दल के स्टार प्रचारक ने कितने क्षेत्रों में सभाएं की और इनमें कितनी सीटें जिता पाया?

बता दें कि चुनाव में सभी दलों की स्टार प्रचारकों की लंबी सूची तय होती है। ए अपने अपने दलों के उम्मीदवार के पक्ष में सभाएं करते हैं। सभाएं आयोजित करने में जो खर्च आता है वह पार्टी वहन करती है न कि प्रत्याशी। बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार देखा गया कि यूपी की समाजवादी पार्टी ने जिसका एक भी उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रहा था, उसने भी इंडिया गठबंधन के लिए स्टार प्रचारकों को नामित किया और पूरे बिहार में जमकर प्रचार किया और सभाएं की। सपा के स्टार प्रचारकों में स्वयं अखिलेश यादव की सभाओं में खूब भीड़ उमड़ी। सांसद इकरा हसन ने भी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए सभाएं की। निसंदेह उनकी सभाएं भी बहुत अच्छी रही। इस तरह सभी दलों के स्टार प्रचारकों ने अपने अपने दलों के उम्मीदवारों के लिए खूब सभाएं की।

रविवार को जब शाम छह बजे आखिरी चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार थमा तो स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट पर चर्चा शुरू हो गई। सभी के अपने अपने दावे थे लेकिन चर्चा के केंद्र बिंदु में मुख्य रूप से यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ थे। लोग पूरे आत्मविश्वास से कह रहे थे कि योगी आदित्यनाथ ने जितनी सभाएं की है, उसमें दो तिहाई सीटों पर एनडीए उम्मीदवार की जीत पक्की है। कुछ लोग तो यहां तक कह रहे कि योगी की करीब 28 सभाओं में से 25 पर एनडीए की जीत होगी।योगी ने बिहार विधानसभा चुनाव में करीब 28 सभाएं की। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन यानी रविवार को भी योगी आदित्यनाथ ने सीता मढ़ी समस्तीपुर और चंपारण में एनडीए के लिए सभाएं की। इसके पहले वे बिहार में 24 सभाएं कर चुके थे। योगी की सभी सभाओं में भीड़ अपरंपार थी। उनकी कई सभाओं में लोग बुलडोजर लेकर पहुंचे। भीड़ में से श्रोता जोर जोर से नारा लगाते सुने गए, बुलडोजर बाबा बिहार आओ,हम आपके साथ हैं। योगी ने अपनी हर सभाओं की शुरुआत जय राम से की। उन्होंने समूचे इंडिया गठबंधन को राम द्रोही और अपराधियों का समर्थक बता कर खूब वाहवाही लूटी। स्वर्गीय सहाबुद्दीन के बेटे ओसामा सहाब के बहाने आरजेडी पर खूब निशाना साधा। एनडीए के सभी बड़े स्टार प्रचारकों ने लालू यादव के पूर्व शासन को जंगल राज बताया लेकिन यही बात जब योगी अपनी सभाओं में कहते तो उनके अंदाज से लोग जोश से भर जाते। चारा घोटाले को लेकर भी योगी खूब मुखर रहे। कांग्रेस को उन्होंने अपने सभी सभाओं में छठ माता का अपमान करने वाला बताया। योगी की सभाओं में उमड़ती भीड़ देख एनडीए उम्मीदवारों में योगी की सभाओं को लेकर होड़ लग गई। सभी उम्मीदवार अपने क्षेत्रों में योगी की सभा चाहते थे। योगी आदित्यनाथ ने दरभंगा की रैली में महागठबंधन के तीन बड़े नेताओं को पप्पू,टप्पू और गप्पू कहकर उनका जो मजाक उड़ाया वह पूरे बिहार में एनडीए समर्थको में खूब लोकप्रिय हुआ। योगी की भाषण शैली आक्रमक रहती ही है और उनके इसी अंदाज को लोग पसंद भी करते हैं। वे लाग लपेट वाली भाषा और भाषण दोनों से दूर रहते हैं। बिहार में उन्होंने अपनी हर सभाओं में बुलडोजर की बात की। उन्होंने कहा यह बुलडोजर ही है जिससे अपराधी और माफिया यूपी में थर थर कांपते हैं। बड़े माफियाओं और अपरा. धियों ने या तो यूपी छोड़ दी है या राम नाम सत्य हो गए। बिहार में भी इस बार बुलडोजर चलेगा। बिहार की धरती से राम, बुद्ध और नालंदा को रेखांकित करते हुए योगी ने राम के आचरण और बुद्ध के ज्ञान तथा नालंदा के शिक्षा को भी अपने भाषणों के केंद्र में प्रमुखता से रखा।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वोट चोरी: देश चाहता है राहुल के सवालों के जवाब



**तनवीर जाफरी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों सत्ता व चुनाव आयोग की मिलीभगत के कथित नेटवर्क को लेकर काफी आक्रामक हैं। विगत 7 अगस्त से लेकर गत 5 नवंबर तक वे चार बार देश के मीडिया के समक्ष अनेक प्रमाणों सहित सार्वजनिक रूप से यह दावे कर चुके हैं कि चुनाव आयोग सत्ता की कठपुतली के रूप में काम करते हुए श्वोट चोरीश कर रहा है। जिस तरह 7 अगस्त को उन्होंने अपनी इस तरह की पहली प्रस्तुति में कर्नाटक के महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र को केंद्र में रखते हुए यहां 1,00,250 फर्जी वोट जोड़े जाने का आरोप लगाया था जिसमें 11,956 डुप्लीकेट वोटर, 40,009 अमान्य पते, 10,452 बल्क रजिस्ट्रेशन अर्थात एक ही पते पर 80 लोग , 4,132 अमान्य फोटो , और 33,692 फॉर्म 6 का दुरुपयोग जैसे अनेक गंभीर आरोप लगते हुए कहा था कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी करते हुए एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत का उल्लंघन कर रहा है। ठीक उसी तर्ज पर उन्होंने पिछली 5 नवंबर को दिल्ली में मीडिया के समक्ष हरियाणा के अक्टूबर 24 के चुनावों में बड़े पैमाने पर हुई कथित धांधली का भी भंडाफोड़ किया। इस बार सुबूतों के साथ चुनाव आयोग पर लगाए गए उनके आरोप और भी अधिक गहरे व गंभीर थे।




उन्होंने यहां आरोप लगाया कि 2024 के राज्य विधानसभा चुनाव में 25 लाख वोट चुराए गए। उन्होंने अपनी इस प्रस्तुति को एच फाइल्स का नाम दिया तथा अपने इन गंभीर रहस्योद्घाटन को सत्ता व चुनाव आयोग के लिए हाइड्रोजन बताया। राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा में भी 5,21,619 डुप्लीकेट वोटर पाए गए जबकि 93,174 मतदाताओं के पते अमान्य मिले। इसी तरह 19,26,351 बल्क वोटर पाए गए और 1,24,177 मत ऐसे मिले जिनपर फर्जी फोटो लगाई गई थी। इन्हीं फर्जी फोटो में एक चित्र एकब्राजीलियन मॉडल का भी इस्तेमाल किया गया जिसके फोटो पर 10 अलग अलग बूथों पर अपना नाम बदल बदल कर 22 बार मतदान किया गया था। जब उस ब्राजीलियन मॉडल लैरिसा नेरी को ब्राजील में यह पता लगा कि उस के चित्र का प्रयोग भारत के वोटर लिस्ट में बार बार सीमा, स्वीटी, सरस्वती जैसे 22 अलग अलग नामों के साथ किया गया है तो उसने कहा कि वह इससे पूरी तरह अनजान हैं। उसने एक वीडियो में हैरानी जताते हुए कहा कि दोस्तों, मैं आपको एक मजाक सुनाती हूं यह बहुत भयानक ह। वे भारत में चुनावों के लिए मेरी पुरानी तस्वीर का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें मुझे भारतीय दिखा रहे हैं। यह पागलपन क्या है? मैं कभी भारत नहीं गई हूं। यह अविश्वसनीय है। गोया ब्राजील तक भारतीय चुनाव आयोग की धांधली के डंके बजते सुने जा सकते हैं। इसी तरह एक महिला का चित्र ऐसा भी था जिसे लगाकर 223 बार दो अलग बूथों पर मतदान कराया गया। 5 नवंबर को दिल्ली में H Files के प्रस्तुत करने के बाद राहुल गांधी बिहार की अपनी सभी चुनावी जनसभाओं में केंद्रीय चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर कथित वोट चोरी का सार्वजनिक रूप से आरोप लगा रहे हैं। और जनता की ओर से वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए जा रहे हैं। वे हरियाणा की भाजपा सरकार को चोरी की सरकार बता रहे हैं। वे Gen Z का भी वोट चोरी के प्रति सचेत रहने का आह्वान कर रहे हैं। राहुल गांधी के अनुसार सच तो यह है कि नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी और चुनाव आयोग, ये तीनों मिलकर संविधान पर हमला कर रहे हैं। संविधान कहता है वन मैन, वन वोट । हरियाणा में यह सिद्धांत नहीं था। वहां वन मैन, मल्टिपल वोट्स हुआ। उन्होंने कहा, वे लोग बिहार में भी यही करने जा रहे हैं। यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और गुजरात में भी हो चुका है। इस रहस्योद्घाटन के बाद दिल्ली से भी कुछ ऐसे खास लोगों के नाम उजागर हो रहे हैं जिनके पास दिल्ली का भी मतदाता पहचान पात्र है और बिहार का भी। अब लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के इस तरह के अति गंभीर व गहरे आरोपों का जवाब यदि केंद्रीय चुनाव आयोग बिंदुवार तरीके से देने के बजाए केवल उन्हें झुठलाने की कोशिश करे या इन आरोपों को बेबुनियाद कहकर उल्टे राहुल गांधी से ही अपने आरोपों संबंधी हलफनामा दाखिल करने को कहे तो इससे चुनाव आयोग की साख पर सवाल उठना तो लाजिमी है या केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का यह कहना कि हरियाणा में कांग्रेस आपसी फूट के कारण हारी और राहुल अपनी नाकामी को छुपाने के लिए झूठे दावे कर रहे हैं या हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राहुल के दावों दावों को खारिज कर देना निश्चित रूप से राहुल के आरोपों का जवाब नहीं है। आज यदि देश में बिना घर के पते के आधार कार्ड नहीं बन सकता तो मकान नंबर के बिना मतदाता पहचान पत्र कैसे ? यह कौन बताएगा या इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा कि एक ही व्यक्ति की फोटो का उपयोग अनेक जगहों पर कैसे किया गया? एक ही मकान में 100, 50 या 20-20 मतदाताओं के फर्जी नाम कैसे शामिल किए गए जबकि इन फर्जी नामों के लोग वहां रहते ही नहीं? राहुल का यह भी बेहद गंभीर आरोप है कि चुनाव आयोग ने डुप्लीकेट नाम पता व फोटो हटाने का सॉफ्टवेयर होने के बावजूद इस सॉफ्टवेयर को बंद कर दिया अन्यथा चुनाव पूर्व ही सारे डुप्लीकेट चेक हो जाते। क्या यह आरोप चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा नहीं करता ? राहुल का दावा है कि उनके पास और भी कई सबूत हैं और वे इस प्रक्रिया (वोट चोरी का पर्दा फाश) को जारी रखेंगे। सवाल यह है कि आज राहुल को चुनाव आयोग के विरुद्ध इतने संगीन आरोप क्यों लगाने पड़ रहे हैं जिससे पूरे विश्व में न केवल चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा मिट्टी में मिल गई है बल्कि यह सवाल भी खड़ा हो गया है दिल्ली से लेकर विभिन्न राज्यों की सरकारें वास्तव में वही सरकारें हैं जिन्हें जनता द्वारा लंबी लंबी कतारों में घंटों खड़े होकर चुना गया है या फिर उनकी निर्वाचित सरकार चोरी कर ली गई है ? निश्चित रूप से देश का प्रत्येक व्यक्ति जिसे लोकतंत्र व इसकी चुनाव व्यवस्था पर विश्वास है कि वह राहुल के सभी आरोपों के जवाब बिंदुवार चाहता है न कि वह इधर इधर के बहानेबाजी वाले जवाब सुनना चाहता है। यदि राहुल के आरोप गलत और बेबुनियाद हैं तो चुनाव आयोग उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं करता ? देश को राहुल के गंभीर सवालों के गंभीर जवाब चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत-अंगोली मिलकर बनाएंगे मजबूत भविष्य

## राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं: अब अंगोला को भी उपलब्ध करा सकते हैं वंदे भारत ट्रेनें



■ लुआंडा में राष्ट्रपति का औपचारिक स्वागत

■ भारत हमेशा संवाद और शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में रहा है: मुर्मू

**लुआंडा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत और अंगोला के बीच गहरे और मजबूत संबंध हैं, और दोनों देश अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का निरंतर समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अंगोला के अफ्रीका में शांति, सुरक्षा और स्थिरता कायम रखने के प्रयासों की सराहना करता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हमेशा संवाद और शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में रहा है। भारत और अंगोला संयुक्त राष्ट्र सहित कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। हम दोनों इस बात से सहमत हैं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार आवश्यक है ताकि यह संस्था और अधिक प्रभावी बन सके। हमें इस दिशा में अंगोला के निरंतर समर्थन की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की 'मेड इन इंडिया' वंदे भारत सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें देश के रेल क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसी आधुनिक ट्रेनें अंगोला को भी उपलब्ध करा सकते हैं। वहीं युवा आबादी पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत और अंगोला दोनों देशों में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए यह जरूरी है कि वे भविष्य के लिए जरूरी कौशल हासिल करें। उन्होंने शिक्षा, तकनीक और कौशल विकास के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रविवार को अंगोला की राजधानी लुआंडा में औपचारिक स्वागत समारोह में सम्मानित किया गया। इस मौके पर अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको भी मौजूद थे। यह यात्रा भारत और अंगोला के बीच कूटनीतिक संबंधों के 40 साल पूरे होने के मौके पर हो रही है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू की यह यात्रा दोनों देशों के बीच रिश्तों को और मजबूत बनाएगी। यह पहली बार है जब किसी भारतीय राष्ट्रपति ने अंगोला का राजकीय दौरा किया है। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, यह यात्रा अफ्रीका और ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भारत के बढ़ते सहयोग का प्रतीक है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी सुधाकर दलेला ने बताया कि इस दौरे में राजनीति, अर्थव्यवस्था, विकास और संस्कृति से जुड़ी साझेदारियों पर चर्चा होगी। साथ ही, बोत्सवाना से चीता लाने की संभावना पर भी बात हो सकती है। वहीं बोत्सवाना में राष्ट्रपति व्यापार, निवेश, तकनीक, कृषि, स्वास्थ्य और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगी और वहां की संसद को भी संबोधित करेंगी।

## शेखर कपूर एआई की मदद से दोबारा बनाएंगे फिल्म 'पानी'

**नई दिल्ली।** करीब एक दशक बाद चर्चित फिल्म निर्देशक शेखर कपूर अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म 'पानी' को फिर से जीवंत करने की तैयारी में हैं, लेकिन इस बार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से बनाया जाएगा। गौरतलब है कि यह वही फिल्म है जिसमें दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को मुख्य भूमिका के लिए चुना गया था, लेकिन निर्माता यशराज फिल्म्स के हटने के बाद यह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई थी। शेखर कपूर ने यूनीवार्ता से बातचीत में बताया कि अब वह फिल्म 'पानी' को एआई तकनीक के जरिए दोबारा बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। उनके अनुसार कि कई लोगों ने कहा था कि यह फिल्म बहुत महंगी है। लेकिन अब मैं इसे एआई से बनाने जा रहा हूं, जो तेज और किफायती, दोनों है।




कोलकाता। 'वोट चोर-गद्दी छोड़' अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस समर्थक नारे लगाते हुए।

## जापान के तेनाई शहर के पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि

**निगाटा।** जापान के निगाटा प्रांत के तेनाई शहर के पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि की गई है। प्रांतीय प्रशासन ने रविवार को कहा कि तेनाई शहर के एक पोल्ट्री फार्म में संक्रामक बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) के एक संदिग्ध मामले की जेनेटिक टेस्टिंग के बाद पुष्टि हो गई है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार यह इस सीजन में एक पोल्ट्री फार्म में चौथा पुष्ट मामला है। इससे पहले शहर के एक और पोल्ट्री फार्म और होक्काइडो में दो मामले सामने आए थे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इसे देखते हुए लगभग 280000 मुर्गियों को मारने का काम शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह पोल्ट्री फार्म ने काएत्सु पशुधन स्वच्छता केंद्र को जानकारी दी कि बड़ी संख्या में मुर्गियां मर रही हैं।

### आर्मी चीफ आसिम मुनीर अब तीनों सेनाओं के प्रमुख बनेंगे

# पाकिस्तान ने मुनीर के लिए संविधान बदला



■ देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज बनाया जाएगा, मई में बने थे फील्डमार्शल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी संसद ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का प्रमुख बनाने के लिए संविधान में बदलाव किया है। अब उन्हें देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाया जाएगा। यह भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की तरह होगा। यह नया पद इसलिए बनाया गया है ताकि सेना, नौसेना और वायुसेना आपस में मिलकर बेहतर तरीके से काम कर सकें और तीनों की कमान एक जगह से संभाली जा सके।

इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस साल 20 मई को पाकिस्तानी सरकार ने आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल का दर्जा दिया था। मुनीर से पहले 1959 में सैन्य तानाशाह अयूब खान ने खुद को फील्ड मार्शल घोषित कर दिया था। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च सैन्य रैंक है, जो एक फाइव स्टार रैंक मानी जाती है। यह रैंक जनरल (फोर स्टार) से ऊपर है। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद सेना, नौसेना और वायुसेना में सबसे ऊंचा होता है। मुनीर को 6 महीने में 2 बड़ा प्रमोशन मिला है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक चीफ ऑफ फोर्सेस बनाने का फैसला मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई चार दिन की झड़प से मिली सीख के बाद लिया गया है। पाकिस्तान ने महसूस किया कि जंग में तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और तुरंत एक्शन लेना बहुत जरूरी है। इसीलिए अब ऐसी यूनीफाइड कमांड सिस्टम लाई जा रही है, ताकि थलसेना, नौसेना और वायुसेना मिलकर एक साथ और तेजी से जवाब दे सकें। पाकिस्तान की संसद में शनिवार को 27वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया गया, जिसे पास कर दिया गया है। यह संविधान के अनुच्छेद 243 में बदलाव से जुड़ा है। इसमें आर्म्ड फोर्स से जुड़े 5 बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति अब प्रधानमंत्री की सलाह पर आर्मी चीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज, दोनों की नियुक्ति करेंगे। सेना प्रमुख को ही चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज का पद भी दिया जाएगा। नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री की सलाह से चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज इसके मुखिया की नियुक्ति करेंगे। इस कमांड का नेतृत्व पाकिस्तान आर्मी का अधिकारी करेगा। सरकार को अब अधिकारियों को फील्ड मार्शल, एयर फोर्स मार्शल और एडमिरल ऑफ द फ्लीट जैसे विशेष रैंक देने की मंजूरी होगी। इनमें से फील्ड मार्शल का पद आजीवन रहेगा। मौजूदा चेयरमैन, जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी का पद 27 नवम्बर 2025 के बाद खत्म हो जाएगा 27वां संशोधन सिर्फ सेना से जुड़ा नहीं है। इसके जरिए कुछ और बड़े बदलाव भी किए जा रहे हैं। इनमें संवैधानिक अदालत की स्थापना, हाई कोर्ट जजों की बहाली और ट्रांसफर, राज्यों को मिलने वाली राजस्व हिस्सेदारी में बदलाव, अनुच्छेद 243 में संशोधन, शिक्षा और जनसंख्या नियोजन से जुड़ी शक्तियों को संघ को वापस करने और चुनाव आयोग की नियुक्तियों में मुश्किलों को खत्म करने जैसी चीजें शामिल हैं। फेडरल कान्स्टिटयूशनल कोर्ट यानी संवैधानिक अदालत संविधान संशोधन का एक अहम प्रस्ताव है। यह अदालत खास तौर पर संविधान से जुड़े मामलों की सुनवाई करेगी। जैसे कि केंद्र और प्रांतीय सरकारों के बीच विवाद, कानूनों की संवैधानिक वैधता और संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मामले। अभी पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट ही ऐसे मामलों की सुनवाई करता है, लेकिन नई अदालत बनने के बाद संवैधानिक मामलों की जिम्मेदारी अलग अदालत को मिल जाएगी।

### मुनीर को ताकतवर बनाने वाले संविधान पर बवाल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में 27वें संवैधानिक संशोधन को लेकर हंगामा हो गया है। विपक्षी पार्टियों ने इसके खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है। विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि इस संशोधन से संविधान की नींव हिल जाएगी। गौरतलब है कि इस संविधान संशोधन के जरिए पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की ताकत और बढ़ जाएगी। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ और अन्य विपक्षी दलों वाले गठबंधन तहरीक-ए-तहफ्फुज -आईन-ए-पाकिस्तान ने संविधान संशोधन का देशव्यापी विरोध करने का एलान किया है। मजलिस वहदत ए मुस्लिमीन के प्रमुख अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने कहा कि इस संविधान संशोधन से देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं पंगु हो जाएंगी और पूरे देश को इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए। एक अन्य विपक्षी नेता ने कहा कि यह संविधान संशोधन संविधान की नींव हिला देगा।

## गाजा में इजरायली हमलों में एक की मौत

**गाजा/यरूशलम।** गाजा में शनिवार को हुए दो इजरायली हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के सूत्रों के अनुसार पहले हमले में इजरायली टैंकों ने अल-बुरेइज शरणार्थी शिविर के पास गोले दागे और भारी मशीनगन से गोलीबारी की जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। अल-अवदा अस्पताल ने एक बयान में पुष्टि की है कि उन्हें एक शव मिल गया है। नागरिक सुरक्षा विभाग ने बताया कि दूसरे हमले में दक्षिणी गाजा के खान यूनिस के पश्चिम में अल-मवासी इलाके में इजरायली गोलीबारी में एक युवक घायल हो गया। इस बीच इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि उसने उत्तरी गाजा और दक्षिणी गाजा में एक एक फिलीस्तीनी को मार गिराया है। आईडीएफ ने दावा किया कि दोनों और एक तीसरे ने 'एलो लाइन' पार कर ली थी जो गाजा में इजराइली सेना की तैनाती वाले क्षेत्रों को चिह्नित करती है और आईडीएफ सैनिकों के पास पहुंच गए थे। इजरायल और हमास के बीच 10 अक्टूबर को हुए युद्धविराम से इजरायली हमलों में कमी तो आई है, लेकिन उन्हें पूरी तरह से रोका नहीं है।

# पहली बार बांग्लादेश पहुंचा पाकिस्तानी वॉरशिप

■ चार दिन चटगांव में रहेगा, भारत से तनाव के बीच करीब आ रहे बांग्लादेश और पाकिस्तान

**ढाका।** 1971 के युद्ध के बाद पहली बार पाकिस्तान का एक युद्धपोत बांग्लादेश पहुंचा है। शनिवार को पाकिस्तानी वारशिप पीएनएस सैफ बंगाल की खाड़ी से होते हुए चटगांव बंदरगाह पहुंचा। यह जहाज चार दिन की सद्भावना यात्रा (गुडविल विजिट) पर है, जिसका मकसद दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करना बताया गया है। बांग्लादेश नौसेना के मुताबिक, इस जहाज की कमान कैप्टन शुजात अब्बास राजा के पास है।

चटगांव पहुंचने से पहले बांग्लादेश नौसेना के जहाज ठछे शाधीनोता ने समुद्र में ही पाकिस्तानी जहाज को औपचारिक सलामी दी और बंदरगाह तक एस्कार्ट किया। यात्रा के दौरान दोनों देशों की नौसेनाओं के अधिकारी आपसी मुलाकात करेंगे और सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा 12 नवम्बर को समाप्त होगी। 2024 के अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद पाकिस्तान उन शुरुआती देशों में था, जिसने मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार का स्वागत किया था। इसके बाद से ढाका और इस्लामाबाद के रिश्ते लगातार बेहतर हो रहे हैं, जबकि भारत और बांग्लादेश के संबंधों में हाल के महीनों में तनाव बढ़ा है। पाकिस्तानी वारशिप पीएनएस सैफ इन दिनों तकनीकी खराबी से जूझ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जहाज के एचपी-5 स्टेबलाइजर सिस्टम में गड़बड़ी आई है, जो जहाज की स्थिरता और संतुलन बनाए रखने के लिए अहम होता है। इस खराबी के कारण समुद्री यात्रा के दौरान जहाज का कंट्रोल प्रभावित हो सकता है और नेविगेशन में दिक्कतें आती हैं। पीएनएस सैफ को चीन ने 2010 में पाकिस्तान को बेचा था। यह वही फ्रिगेट क्लास का जहाज है जिसमें पीएनएस शामशीर और पीएनएस आसलत भी शामिल हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इन दोनों जहाजों में भी इसी तरह की तकनीकी समस्याएं सामने आई हैं। रक्षा विश्लेषकों के अनुसार, चीन ने इस क्लास के जहाजों की सप्लाई के लिए पाकिस्तान से करीब 6375 करोड़ रुपए वसूले थे।

# ममदानी के बाद सैकत चक्रवर्ती सांसद बनने की दौड़ में

### सैन फ्रांसिस्को से चुनाव लड़ेंगे, सुभाषचंद्र बोस वाली टी-शर्ट पहनी, तो अमेरिकियों ने कहा था नाजी समर्थक

**वाशिंगटन।** पिछले हफ्ते भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क मेयर चुनाव जीतकर इतिहास रचा। अब भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेट सैकत चक्रवर्ती का नाम चर्चा में है। नैंसी पेलोसी के रिटायरमेंट की घोषणा के बाद सैन फ्रांसिस्को की संसद सीट खाली हो गई है। अब 39 साल के सैकत को डेमोक्रेटिक नामिनेशन मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

ममदानी की तरह सैकत भी अमेरिका में उभर रही प्रोग्रेसिव लीडर्स की नई पीढ़ी का हिस्सा हैं। इससे पहले सैकत 2018-19 में सुभाषचंद्र बोस की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनने पर विवादों में घिर गए थे। उनपर मीडिया ने नाजी विचारधारा का प्रचार करने का आरोप लगाया था। सैकत पुराने डेमोक्रेट विचारों को बदलना चाहते हैं। पुराने डेमोक्रेट गरीबों के लिए मुफ्त इलाज, पढ़ाई और नौकरी देने को प्राथमिकता मानते हैं। जबकि नए लीडर बीच का रास्ता अपनाते हैं। उनका मोटिव बिजनेस में मदद को बढ़ावा देना, फ्री ट्रेड और वेलफेयर रिफार्म करना है। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने चक्रवर्ती की तुलना ममदानी से की है, खासकर उनके प्रचार करने के तरीके के कारण। ममदानी की तरह, चक्रवर्ती ने भी बदलाव और सुधार को अपने अभियान का अहम हिस्सा बनाया है। दोनों की कैंपेन स्टाइल एक जैसी है। अप्रैल में कैंपेन शुरू करते हुए सैकत ने कहा था कि यह मौका है कामकाजी लोगों के लिए असली मूवमेंट, क्रांति लाने का। ममदानी की जीत पर सैकत ने एक्स पर लिखा कि जोहरान ने साबित किया कि चाहे विरोधी कितना भी पैसा खर्च कर ले, अगर आम लोग बदलाव के लिए एकजुट होकर काम करते हैं तो उन्हें हराया जा सकता है। चक्रवती भी ममदानी की तरह अमीरों पर टैक्स बढ़ाने के पक्षधर हैं।

## ब्राजील में बवंडर से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हुई

**साओ पाउलो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य पराना में शुक्रवार रात को आए बवंडर से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है जबकि लगभग 750 लोग घायल हुए हैं और कम से कम एक व्यक्ति लापता है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार रियो बोनिटो डू इगुआकु शहर में कई घर और इमारतें नष्ट हो गईं। उन्होंने बताया कि लगभग 14000 लोगों के घर वाले शहर का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा तबाह हो गया है। अधिकारियों ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पराना के गवर्नर कार्लोस मस्सा रतिन्हो जूनियर ने राहत और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए आपातकालीन धनराशि जारी करने में तेजी लाने के लिए सार्वजनिक आपदा की स्थिति घोषित कर दी है।

# अमेरिका के ऐतिहासिक दौरे पर पहुंचे अहमद अल शरा

## 1946 के बाद पहली बार कोई सीरियाई राष्ट्रपति अमेरिका के अधिकारिक दौरे पर पहुंचे



■ सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा वाशिंगटन में सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करेंगे

**वाशिंगटन।** सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शरा अमेरिका के दौरे पर पहुंचे हैं। यह दौरा बेहद ऐतिहासिक है क्योंकि साल 1946 के बाद पहली बार कोई सीरियाई राष्ट्रपति अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर वाशिंगटन पहुंचे हैं। सीरियाई राष्ट्रपति का अमेरिका दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब अमेरिका ने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा का नाम आतंकवादी सूची से एक दिन पहले ही हटाया है।

सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा वाशिंगटन में सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। इससे पहले जब मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सऊदी अरब का दौरा किया था, उस वक्त सऊदी अरब के रियाद शहर में भी ट्रम्प की अहमद अल शरा से मुलाकात हुई थी। सीरिया में अमेरिका के राजदूत टाम बराक ने उम्मीद जताई कि अहमद अल शरा के इस अमेरिका दौरे पर सीरिया की सरकार, आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले गुट में शामिल होने के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका, सीरियाई राजधानी दमिश्क के पास एक सैन्य अड्डा बनाने की योजना बना रहा है। इस सैन्य अड्डे का मकसद मानवीय सहायता के काम में समन्वय बताया जा रहा है। अमेरिका के विदेश विभाग ने पुष्टि की है कि अहमद अल शरा को आतंकवादी सूची से हटा दिया गया है क्योंकि शरा ने सीरिया में लापता अमेरिकियों का पता लगाने और बचे हुए रसायनिक हथियारों को खत्म करने की सहमति दी है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी अहमद अल शरा पर लगे प्रतिबंधों को हटा लिया था, जिसके बाद शरा ने सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा को भी संबोधित किया। ऐसा करने वाले भी शरा पहले सीरियाई राष्ट्रपति हैं। अहमद अल शरा के पूर्व के संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) का खूंखार आतंकी संगठन अल-कायदा से जुड़ाव था। यही वजह थी कि अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शरा का नाम आतंकवादी सूची में डाला हुआ था। हालांकि बाद में शरा सक्रिय राजनीति में उतरे और बीते साल बशर अल असद के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। सत्ता संभालने के बाद से, शरा और सीरिया के नए नेतृत्व ने खुद को अपने उग्रवादी अतीत से दूर कर सीरियाई लोगों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने एक अधिक उदार छवि पेश करने की कोशिश की है।

# थाइलैंड में नया शराब नियंत्रण कानून लागू

■ निर्धारित समय के बाद शराब पीने पर जुर्माना

**बैंकाक।** थाईलैंड में नया शराब नियंत्रण कानून आठ नवम्बर से प्रभावी हो गया, जिसमें निर्धारित समय-सीमा के बाद शराब पीने वालों पर जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इससे पर्यटन एवं नाइटलाइफ को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

स्थानीय मीडिया ने रविवार को बताया कि थाईलैंड के पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र ने अल्कोहल नियंत्रण अधिनियम (संख्या दो) बीई 2568 पर चिंता व्यक्त की है, जिसमें कानूनी रूप से बिक्री के बाद तय समय के अतिरिक्त शराब पीने पर दंड का प्रावधान है। शराब की खपत पर कड़ा नियंत्रण रखने के उद्देश्य से बनाए गए इस कानून से जनता एवं पर्यटन उद्योग में व्यापक चिंता उत्पन्न हो गई है। नई व्यवस्था के अंतर्गत, समय-सीमा का उल्लंघन करने पर सिर्फ विक्रेताओं को ही नहीं बल्कि उपभोक्ताओं को भी दंड का सामना करना पड़ सकता है। सुबह 11:00-14:00 और शाम 6:00-24:00 के बाद रेस्टोरेंट में बैठकर शराब पीने पर 10000 बाट तक का जुर्माना लग सकता है। इस कदम की स्थानीय एवं विदेशी मीडिया दोनों ने आलोचना की है और थाईलैंड आने वाले पर्यटकों को सावधानी बरतने की चेतावनी दी है।

# ब्राजील में तेज हवाओं व भारी बारिश से तबाही

### इमारतें ढहीं, सड़के टूटीं, छह मौतें



■ फिलीपींस में 'फंग-वोंग' सुपर टाइफून, 1.5 लाख लोग रेस्क्यू किए गए

**ब्रासीलिया/मनीला।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य पराना में तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ आए तूफान ने भारी तबाही मचाई। राज्य सरकार के अनुसार, इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान रियो बोनिटो डो इगुआकू शहर में हुआ।

यहां आधे से अधिक घरों की छतें उड़ गईं, कई इमारतें ढह गईं, सड़कें बंद हो गईं और बिजली की लाइनें टूट गईं। इस हादसे में अब तक 437 लोग घायल हुए हैं। वहीं, लगभग 1000 लोग बेघर हो गए। मौसम विभाग के अनुसार हवा की गति 180 से 250 किलोमीटर प्रति घंटा तक थी। दूसरी ओर फिलीपींस में रविवार को 'फंग-वोंग' सुपर टाइफून के कारण भारी बारिश, तेज हवाएं चलीं। इसके चलते फिलीपींस के पूर्वी और उत्तरी इलाकों से 1.5 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। यहां ऊंची समुद्री लहरों के लिए चेतावनी जारी कर दी गई है। फिलीपींस के बड़े हिस्से में चेतावनी जारी कर दी गई हैं। जिनमें सिग्नल संख्या 5 (सबसे ऊंची चेतावनी है) दक्षिण-पूर्वी लूजोन में जारी की गई है। इसमें कैटनडुआनस और कैमरिन्स नार्टे और कैमरिन्स सुर के तटीय क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, मेट्रो मनीला और आसपास के क्षेत्र सिग्नल संख्या 3 के अंदर हैं। तूफान की रफ्तार 185 किमी प्रति घंटा से 230 किमी प्रति घंटा है। यह रात तक मध्य लुजोन के औरोरा प्रांत में दस्तक दे सकता है। यहां भारी बारिश, तेज हवाएं और समुद्री लहरों का खतरा है। कई इलाकों में बिजली गुल हो चुकी है।

# जापान में आया 6.7 तीव्रता का तेज भूकंप

■ सुनामी की चेतावनी, छह हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के निर्देश

**टोक्यो।** जापान में रविवार को इवाते प्रांत के तट के पास 6.7 तीव्रता का तेज भूकंप आया है। दोपहर 1:33 बजे आए झटके के बाद मौसम विभाग ने इवाते प्रांत के लिए सुनामी एडवाइजरी जारी की। इसके बाद इवाते के ओफुनातो शहर में तटीय इलाकों से 6138 लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने का निर्देश दिया गया। मौसम एजेंसी के मुताबिक ओफुनातो पोर्ट में 10 सेंटीमीटर ऊंची सुनामी की लहर दर्ज की गई। इससे पहले, समुद्र में तट से करीब 70 किलोमीटर दूर कमजोर सुनामी देखी गई। सुनामी एडवाइजरी तब जारी की जाती है जब लहरें 1 मीटर तक पहुंचने की आशंका होती है। भूकंप का असर रेलवे पर भी पड़ा। ईस्ट जापान रेलवे के अनुसार, तोहोकू शिंकानसेन की बिजली कुछ देर के लिए चली गई और सेंडाई से शिन-आओमोरी के बीच ट्रेनों की आवाजाही रोकनी पड़ी।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108